CMYK

अधिकतम : 18°C
न्यूनतम : 07°C

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

बरेली, रविवार 28 दिसम्बर 2025 बरेली संस्करण: वर्ष 23 अंक 29 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | पौष शुक्ल पक्ष 8 विक्रमी सम्वत् 2082 | 7 रजब 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



'धुरंधर' सबसे अधिक कमाई करने वाली हिंदी फिल्म बनी — बॉलीवुड



इंग्लैंड की बॉक्सिंग डे टेस्ट में ऐतिहासिक जीत ऑस्ट्रेलिया को चार विकेट से हराया — खेल टाइम्स

# हवा गंभीर श्रेणी की दहलीज पर पहुंची

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में हवा की गति सुस्त और दिशा बदलने के कारण शनिवार को हवा गंभीर श्रेणी की दहलीज पर पहुंच गई। ऐसे में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 385 दर्ज किया गया। यह हवा की बेहद खराब श्रेणी है। इसमें शुक्रवार की तुलना में 53 सूचकांक की वृद्धि दर्ज की गई।

दूसरी ओर, एनसीआर में नोएडा की हवा सबसे अधिक प्रदूषित रही। यहां एक्यूआई 409 दर्ज किया गया, यह हवा की गंभीर श्रेणी है। वहीं, गाजियाबाद में 404, ग्रेटर नोएडा में 395 और गुरुग्राम में 299 एक्यूआई दर्ज किया गया। इसके अलावा, फरीदाबाद की हवा सबसे साफ रही। यहां सूचकांक 249 दर्ज किया गया। यह हवा की खराब श्रेणी है।



■ नोएडा, ग्रेटर नोएडा और गाजियाबाद ने दिल्ली को प्रदूषण में छोड़ा पीछे, फरीदाबाद सबसे साफ

## यूपी के 68 जिलों में घना कोहरा

**नई दिल्ली।** हिमालय में लगातार हो रही बर्फबारी से मैदानी इलाकों में ठंड बढ़ गई है। यूपी के 68 जिलों में घना कोहरा छाया है। इसके चलते 10 मीटर तक देखना भी मुश्किल हो रहा है। वहीं, मध्य प्रदेश के 31 शहरों में पारा 5 डिग्री से 8 डिग्री के बीच रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग ने शनिवार को यूपी के 68 जिलों में शीतलहर अलर्ट जारी किया है। इस दौरान कोहरा इतना घना होगा कि विजिबिलिटी शून्य तक पहुंच सकती है। मौसम विभाग के मुताबिक श्रीनगर में शुक्रवार रात को न्यूनतम तापमान माइनस 2.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज और सोनमर्ग में न्यूनतम तापमान माइनस 5.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, बिहार के कई शहरों में तापमान 10 डिग्री से नीचे दर्ज किया गया।




## संक्षिप्त समाचार

### सहारनपुर में पेड़ से टकराई तेज रफ्तार कार, चार लोगों की मौके पर मौत

**सहारनपुर-ब्यूरो।** बेहट में शाकंभरी रोड पर धर्म सिंह जगदीश सिंह महाविद्यालय के सामने मोड़ पर पेड़ से कार टकरा गई। इसमें दो सगे भाइयों समेत चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। इनमें से तीन की पहचान की जा चुकी है, जबकि एक की पहचान करने में पुलिस लगी है। शनिवार को चिलकाना के गांव तिडफवा निवासी विजय अपने भाई डा. मनीष व दो अन्य साथियों के साथ बेहट की तरफ जा रहे थे। शाकंभरी रोड पर धर्म जगदीश सिंह महाविद्यालय के सामने घूम पर पहले कार अनियंत्रित होकर लोहे के एंगल से टकराई। उसके बाद सड़क किनारे पेड़ में जा लगी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में विजय, डा. मनीष निवासी तिडफवा थाना चिलकाना, जितेंद्र निवासी महमूदपुर तिवाई थाना गागलहेड़ी की मौत हो गई। चौथे मृत व्यक्ति की जेब से रामू हलवाई लिखी पर्ची मिली है। पुलिस उसकी पहचान करने में जुटी हुई है। मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई थी। जिसने भी यह हादसा देखा, वह सिहर उठा।

### राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन ने 45 करोड़ रुपये की राशि वापस दिलवाई

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन ने देशभर में उपभोक्ताओं की शिकायतों के प्रभावी, समयबद्ध और मुकदमेबाजी से पहले निवारण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए आठ महीनों में 31 क्षेत्रों में 45 करोड़ रुपये की राशि उपभोक्ताओं को वापस दिलवाई है। ई-कॉमर्स क्षेत्र में सबसे अधिक 32 करोड़ रुपये और यात्रा तथा पर्यटन क्षेत्र में साढ़े तीन करोड़ रुपये की राशि वापस दिलवाई गई है। उपभोक्ता कार्य, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने शनिवार को एक वक्तव्य जारी कर कहा कि हेल्पलाइन ने इस वर्ष 25 अप्रैल से 26 दिसम्बर तक आठ महीने की अवधि के दौरान 31 क्षेत्रों में राशि वापस दिलवाने के दावों से संबंधित 67,265 उपभोक्ता शिकायतों का समाधान करते हुए 45 करोड़ रुपये की राशि के वापस दिलवाई है। ई -कॉमर्स क्षेत्र में शिकायतों और वापस दिलवाई गई राशि सबसे अधिक दर्ज की गई जिसमें 39,965 शिकायतों के परिणामस्वरूप 32 करोड़ रुपये की राशि वापस दिलवाई गई।

# देशव्यापी मनरेगा बचाओ अभियान चलाएगी कांग्रेस

## खड़गे व राहुल गांधी ने सीडब्ल्यूसी की बैठक के बाद किया ऐलान

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) को खत्म करने के खिलाफ देशभर में अभियान चलाने की अपील की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पांच जनवरी से पूरे देश में मनरेगा बचाओ अभियान शुरू करेगी। वहीं, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने भी खड़गे की तरह ही अपील की है।

कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की बैठक के बाद खड़गे ने बताया कि इस बैठक में कांग्रेस नेताओं ने मनरेगा को बचाने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि पार्टी इस मुद्दे पर जनता के बीच जाएगी और सरकार के फैसले का विरोध करेगी। खड़गे ने कहा कि मनरेगा केवल एक योजना नहीं है, बल्कि यह संविधान की ओर से दिया गया काम करने का अधिकार है। इसे कमजोर या खत्म करना गरीबों और मजदूरों के अधिकारों पर सीधा हमला है। उन्होंने यह भी कहा कि मनरेगा को खत्म करने के फैसले से लोग नाराज हैं और सरकार को इसके नतीजे भुगतने पड़ेंगे। खड़गे के अनुसार, कांग्रेस इस मुद्दे पर चुप नहीं बैठेगी और लोकतांत्रिक तरीके से विरोध जारी रखेगी। खड़गे ने कहा कि मनरेगा को खत्म किए जाने के खिलाफ देशव्यापी अभियान चलाने की जरूरत है।




### फैसला गरीबों और राज्यों के अधिकारों को कमजोर करता है: राहुल गांधी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि मनरेगा को खत्म करना अधिकार पर आधारिक प्रणाली और देश के संघीय ढांचे पर सीधा हमला है। उन्होंने कहा कि यह फैसला गरीबों और राज्यों के अधिकारों को कमजोर करता है। राहुल गांधी ने कहा कि मनरेगा केवल एक रोजगार योजना नहीं थी, बल्कि यह एक विकास का ढांचा था, जिसकी सराहना पूरी दुनिया में की गई थी। इस योजना ने ग्रामीण भारत को मजबूती दी और लोगों को सम्मान के साथ काम करने का अधिकार दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री ने बिना अपने मंत्रिमंडल से सलाह लिए और बिना किसी अध्ययन के मनरेगा को एकतरफा तरीके से खत्म कर दिया।

## इंडिगो संकट: जांच पैनल ने 22 दिन में रिपोर्ट सौंपी

**नई दिल्ली।** इंडिगो में बड़े पैमाने पर फ्लाइट कैंसिलेशन की जांच करने वाले पैनल ने अपनी रिपोर्ट एविएशन रेगुलेटर डीजीसीए को सौंप दी है।

इस कमेटी को 22 दिन पहले 5 दिसम्बर को बनाया गया था। हालांकि रिपोर्ट्स में क्या लिखा है, इसकी जानकारी सामने नहीं आई है।

■ सरकार ने गोपनीय रखी

एक रिपोर्ट के मुताबिक डीजीसीए के एक अलग सिस्टमैटिक रिव्यू यानी एक तरह की जांच में कहा गया है कि इंडिगो ने नवम्बर में अपने 307 एयरबस- विमानों के बेड़े को चलाने के लिए 4,575 पायलटों को नियुक्त किया था।

## दिल्ली में ऑपरेशन आघात 3.0 के तहत 285 लोग गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की साउथ ईस्ट डिस्ट्रिक्ट टीम ने 'ऑपरेशन आघात 3.0' के तहत शुक्रवार रात को 285 अपराधियों को गिरफ्तार किया है। डीसीपी हेमंत तिवारी के मुताबिक इस अभियान में एक्साइज एक्ट, एनडीपीएस एक्ट और जुआ अधिनियम के अंतर्गत कार्रवाई की गई। इसके अलावा 504 लोगों को एहतियाती कार्रवाई के तहत पकड़ा गया और 116 बदमाश की धरपकड़ की गई है। अभियान में 10 प्रॉपर्टी ऑफेंडर और 5 ऑटो लिफ्टर भी गिरफ्तार किए गए। पुलिस ने 21 सीएमपी, 20 जिंदा कारतूस और 27 चाकू बरामद किए।

# सेना के फायरिंग अभ्यास में बम विस्फोट, चार जवान घायल

शाह टाइम्स संवाददाता

**सढोली कदीम/बेहट (सहारनपुर)।** सेना के फायरिंग अभ्यास के दौरान बम विस्फोट हो गया। हादसे में सेना के 4 जवान गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना से बटालियन में हड़कंप मच गया।

सेना के आला अफसर घायलों को आनन-फानन में बेहट सीएचसी ले गए, जहां उनकी हालत को गंभीर मानते हुए जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

■ घटना से बटालियन में हड़कंप मचा

घटना थाना मिर्जापुर इलाके की शिवालिक वन प्रभाग की बड़कला रेंज की है। यहां सेना के जवानों की एक बटालियन अभ्यास के लिए आई हुई है। बताया जाता है कि शनिवार की देर शाम सैन्य अभ्यास के दौरान एक बम में विस्फोट हो गया, जिसकी चपेट में आने से सेना के जवान दीपक, सुरेश, परवीन और पवित्र घायल हो गए।

# टाली शादी की तारीख, तो लगा दिया दुष्कर्म का आरोप, अब सजा हुई रद्द

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने दुष्कर्म के एक मामले में बड़ा और अहम फैसला सुनाया है। अदालत ने 10 साल की सजा काट रहे एक व्यक्ति की दोषसिद्धि और सजा दोनों को रद्द कर दिया।

सुप्रीम कोर्ट ने साफ कहा कि यह मामला सहमति से बने रिश्ते का था, जिसे गलतफहमी के कारण आपराधिक रंग दे दिया गया। यह फैसला उस अपील पर आया, जिसमें आरोपी ने मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के अप्रैल 2024 के आदेश को चुनौती दी थी। ट्रायल कोर्ट ने आरोपी को दोषी मानते हुए 10 साल की सश्रम कारावास और 55 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई थी। हाईकोर्ट ने सजा निलंबन की अर्जी खारिज कर दी थी। इसके बाद आरोपी सुप्रीम कोर्ट पहुंचा, जहां पूरे मामले की नए सिरे से समीक्षा हुई। पीठ ने कहा कि जब मामला सुप्रीम कोर्ट के सामने आया, तो तथ्यों को देखते हुए अदालत को यह छठी इंद्रिय से महसूस हुआ कि दोनों पक्षों को फिर से साथ लाया जा सकता है। अदालत ने आरोपी और महिला से उनके माता-पिता की मौजूदगी में बातचीत की। इसके बाद दोनों ने शादी का फैसला लिया और जुलाई 2025 में विवाह कर लिया।

■ सुप्रीम कोर्ट ने दुष्कर्म मामले में बड़ा और अहम फैसला सुनाया

# दिग्विजय ने की मोदी व आडवाणी की तस्वीर की तारीफ

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह शनिवार को कांग्रेस वर्किंग कमेटी (सीडब्ल्यूसी) की बैठक शुरू होने से ठीक पहले अचानक चर्चा में आ गए।

कारण है उनका सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर किया गया पोस्ट, जिसमें उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी की एक पुरानी तस्वीर साझा की। इस तस्वीर में पीएम मोदी लालकृष्ण आडवाणी के पैरों के पास बैठे हुए दिखाई दे रहे हैं। तस्वीर साझा करते हुए कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह ने लिखा कि आरएसएस का एक जमीनी स्वयंसेवक और भाजपा का जमीनी कार्यकर्ता किस प्रकार नीचे बैठकर मुख्यमंत्री और फिर प्रधानमंत्री बना। उन्होंने इस तस्वीर को प्रभावशाली बताते हुए इसे संगठन की ताकत बताया। हालांकि दूसरी ओर कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की बैठक के बाद पार्टी सांसद दिग्विजय सिंह से जब पूछा गया कि क्या उन्होंने संगठन को फिर से सक्रिय करने की बात की, तो उन्होंने इस पर अपनी सफाई दी। उन्होंने कहा कि दरअसल, मैंने पार्टी संगठन की तारीफ की थी। लोगों ने मेरी बात को गलत समझा। मैं भाजपा और आरएसएस का कट्टर विरोधी हूं। बता दें कि दिग्विजय सिंह के इस पोस्ट को लेकर राजनीतिक गलियारों में चर्चा शुरू हो गई है।

■ कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने सफाई में कहा: मैं भाजपा और आरएसएस का घोर विरोधी
■ बोले- लोगों ने मेरी बातों को गलत समझा





## संक्षिप्त समाचार

### मोदी, राहुल, प्रियंका ने प्रकाश पर्व पर दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने शनिवार को प्रकाश पर्व पर सिखों के दसवें एवं अंतिम गुरु गोविंद सिंह को श्रद्धांजलि दी। मोदी ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में लिखा- श्री गुरु गोविंद सिंह जी के पावन प्रकाश उत्सव के अवसर पर हम श्रद्धापूर्वक उन्हें नमन करते हैं। वे साहस, करुणा और बलिदान के प्रतीक हैं। दसवें सिख गुरु, श्री गुरु गोविंद सिंह जी भारतीय इतिहास में उनके योगदान के लिए अत्यंत पूजनीय हैं। उनकी शिक्षाएं सत्य और न्याय के लिए खड़े होने तथा मानव गरिमा की रक्षा करने पर बल देती हैं। उन्होंने कहा कि श्री गुरु गोबिंद सिंह जी ने हमेशा सेवा और निस्वार्थ कर्तव्य की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि हम उनके सामने श्रद्धा के साथ झुकते हैं। उनका जीवन हमें मानव सम्मान की रक्षा करने और धर्म के लिए खड़े होने की सीख देता है।

### आतंकवादियों के तीन मददगार पीएसए के तहत हिरासत में

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने शनिवार को प्रदेश के शोपियां जिले में आतंकवादियों के तीन मददगारों को जन सुरक्षा अधिनियम (पीएसए) के तहत हिरासत में लिया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी है। पीएसए के लिए हिरासत में लिए गए लोगों को इस अधिनियम के तहत बिना सुनवाई के दो साल तक हिरासत में रखा जा सकता है। पुलिस ने गिरफ्तार किए गए तीनों लोगों की पहचान ओवैस अहमद लोन, माशूक अहमद शाह और सबजार अहमद गनी के तौर पर की है, जो सभी शोपियां के रहने वाले हैं। पुलिस ने कहा कि हिरासत में लिए गए लोग बार-बार राज्य की सुरक्षा को नुकसान पहुंचाने वाली गति. विधियों में शामिल पाए गए।

# बड़ी संख्या में वोटर कटने से भाजपा में मची कलह

## चुनाव में दहाई का आंकड़ा भी नहीं छू पाएगी बीजेपी: अखिलेश

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मंगलवार को दावा किया कि उत्तर प्रदेश भाजपा में उभरा आपसी टकराव किसी कथित 'विद्रो. ही बैठक' का परिणाम नहीं, बल्कि विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान बड़ी संख्या में वोटरों के नाम कटने की सूचना से उपजा है।

यादव ने शनिवार को जारी एक बयान में कहा कि एसआईआर में लगभग 2.89 करोड़ मतदाताओं के नाम हटाए जाने की सूचना पहले ही भाजपा विधायकों के बीच प्रसारित हो चुकी है। उन्होंने दावा किया कि इनमें से 85.90 प्रतिशत मतदाता मुख्यमंत्री के अपने समर्थक बताए जा रहे हैं। सपा अध्यक्ष ने कहा कि यदि 2.89 करोड़ का 85 प्रतिशत भी माना जाए तो यह संख्या करीब 2.45 करोड़ बैठती है, जिसका प्रभाव प्रदेश की 403 विधानसभा सीटों पर औसतन लगभग 61 हजार मत प्रति सीट के रूप में पड़ेगा। उन्होंने कहा कि इस स्थिति में भाजपा हर सीट पर आनुपातिक रूप से भारी नुकसान में रहेगी और चुनाव में दहाई का आंकड़ा भी पार करना मुश्किल होगा। यही कारण है कि भाजपा के भीतर आरोप- प्रत्यारोप, खुले नोटिस और



सार्वजनिक बयानबाजी जैसी स्थितियां सामने आ रही हैं। यादव ने कहा कि भाजपा विधायक अलग-अलग बैठकें कर यह संदेश दे रहे हैं कि सरकार, संगठन और सहयोगी दल उनकी बात नहीं सुन रहे, जिससे उनके क्षेत्रीय काम प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव से पहले होने वाले कामकाज आधारित मूल्यांकन सर्वे में ऐसे विधायक असफल साबित होंगे। सपा अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा में कुछ गिने-चुने लोगों के कथित भ्रष्टाचार का खामियाजा असंतोष से विद्रोह के स्तर तक पहुंचे नेताओं को भुगतना पड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि एसआईआर की प्रक्रिया ने भाजपा को उसी संकट में धकेल दिया है, जिसे उसने खुद पैदा किया है।

# यूपी में 1.75 करोड़ रुपये से जलेंगे अलाव

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में पड़ रही भीषण शीतलहर और घने कोहरे को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आमजन को राहत पहुंचाने के लिए व्यापक और सुनियोजित व्यवस्थाएं की हैं। सभी जनपदों में रैन बसेरा, अलाव और कंबल वितरण की व्यवस्था को पूरी तरह सक्रिय कर दिया गया है, ताकि ठंड से किसी भी नागरिक को असुविधा न हो।

प्रदेश सरकार ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि शीतलहर के दौरान कोई भी जरूरतमंद व्यक्ति ठंड से पीड़ित न रहे। जिला प्रशासन, नगर निकाय और संबंधित विभागों को पूरी संवेदनशीलता के साथ राहत कार्यों को संचालित करने के निर्देश दिए गए हैं। उत्तर प्रदेश सरकार के प्रवक्ता ने प्रेस



**ठंड से बचाव के लिए सरकार का बड़ा प्लान, बनाए गए 1247 रैन बसेरे**

नोट के माध्यम से बताया कि प्रदेशभर में अब तक 1247 रैन बसेरे स्थापित किए जा चुके हैं। इन रैन बसेरों में 9949 जरूरतमंद लोग अब तक आश्रय ले चुके हैं। जिला प्रशासन को निर्देश दिए गए हैं कि रैन बसेरों में साफ-सफाई, गर्म पानी, प्रकाश और सुरक्षा की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। प्रदेश सरकार की ओर से कंबल वितरण को प्राथमिकता दी गई है। पिछले 03 वर्ष में औसतन 10,65,889 कंबलों की खरीद की गई है। इस पर लगभग 44.38 करोड़ रुपये की औसत धनराशि व्यय हुई है।

चालू व्यवस्था के अंतर्गत सभी जनपदों को 17.55 करोड़ रुपये की धनराशि जारी की जा चुकी है। 75 जनपदों द्वारा कंबल खरीद के लिए क्रयादेश जारी किए जा चुके हैं। इनमें से 75 जनपदों में 3,78,884 कंबलों की आपूर्ति पूर्ण हो चुकी है। अब तक सभी जनपदों द्वारा 1,40,364 कंबलों का वितरण जरूरतमंदों को किया जा चुका है, शेष कंबलों का वितरण किया जा रहा है। ठंड से बचाव के लिए सार्वजनिक स्थलों पर अलाव जलाने की भी व्यापक व्यवस्था की गई है। सभी जनपदों को अलाव जलाने के लिए 1.75 करोड़ रुपये की धनराशि आवंटित की गई है। जनपदों में प्रतिदिन जलाए जा रहे अलावों की स्थिति की नियमित फीडिंग राहत पोर्टल पर की जा रही है, जिससे शासन स्तर पर सतत निगरानी बनी रहे। कोहरे के कारण होने वाली दुर्घटनाओं से बचाव के लिए सरकार की ओर से तकनीक का भी व्यापक उपयोग किया जा रहा है। राहत आयुक्त कार्यालय द्वारा सचेत एप एवं वेब पोर्टल के माध्यम से अब तक 33.27 करोड़ अलर्ट एसएमएस जारी किए जा चुके हैं। ये संदेश प्रभावित जनपदों के अधिकारियों के साथ-साथ आम जनमानस को भी भेजे गए हैं। इसके अतिरिक्त संबंधित विभागों जैसे यूपीडा, एनएचएआई और पीडब्ल्यूडी द्वारा जिलाधिकारियों एवं जिला पुलिस को ई-मेल के माध्यम से कोहरे से संबंधित अलर्ट लगातार जारी किए जा रहे हैं।

## वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के सम्मेलन में बोले सीएम योगी

# कानून-व्यवस्था पर जीरो टॉलरेंस नीति अपनाएं

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा भविष्य की चुनौतियों से निपटने की रणनीति तय करने के उद्देश्य से लखनऊ में वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों का दो दिवसीय सम्मेलन शनिवार से शुरू हो गया। पहले दिन सम्मेलन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शिरकत की और प्रदेश की कानून-व्यवस्था की उच्चस्तरीय समीक्षा की।

मुख्यमंत्री ने बीते 7-8 वर्षों में उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा किए गए सुधारों, नवाचारों और सख्त कार्रवाई की समीक्षा की। बैठक में सुरक्षा, सुशासन और अपराध पर प्रभावी नियंत्रण को लेकर व्यापक मंथन किया गया। सम्मेलन में प्रदेश में पुलिसिग को लेकर बदली हुई धारणा, कानून- व्यवस्था में आए ठोस सुधार और अपराध



**सुशासन की बुनियाद मजबूत कानून-व्यवस्था पर टिकी, जनता की सुरक्षा अधिक मजबूत की जाए**

नियंत्रण के लिए अपनाई गई रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा हुई। वरिष्ठ अधिकारियों ने मुख्यमंत्री के समक्ष बीते वर्षों में लागू किए गए तकनीकी और प्रशासनिक नवाचारों की प्रस्तुति दी। बैठक का एक प्रमुख एजेंडा भविष्य की पुलिसिग के लिए स्पष्ट रोडमैप तैयार करना रहा। इसमें संगठित अपराध, साइबर क्राइम, महिला सुरक्षा, साम्प्रदायिक सौहार्द, त्वरित न्यायिक प्रक्रिया और आधुनिक तकनीक के उपयोग जैसे विषयों पर विशेष फोकस किया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कानून-व्यवस्था से जुड़े मामलों में जीरो टॉलरेंस की नीति को और सख्ती से लागू किया जाए तथा जनता में सुरक्षा की भावना और अधिक मजबूत की जाए। उन्होंने कहा कि सुशासन की बुनियाद मजबूत कानून-व्यवस्था पर टिकी होती है। सम्मेलन में यह भी चर्चा हुई कि वर्तमान समय में उत्तर प्रदेश के सामने कानून-व्यवस्था को लेकर कौन-कौन सी चुनौतियां हैं और उनसे निपटने के लिए पुलिस को किस प्रकार खुद को और सक्षम बनाना होगा। सम्मेलन के अंत में प्रदेश में भविष्य की पुलिसिग को लेकर एक स्पष्ट और प्रभावी रोडमैप तैयार किए जाने पर सहमति बनी, जिससे उत्तर प्रदेश को सुरक्षित, सुव्यवस्थित और अपराध मुक्त राज्य बनाने की दिशा में कदम और तेज किए जा सकें।

### गुरु गोबिन्द सिंह जी के प्रकाश पर्व पर मुख्यमंत्री योगी ने दी श्रद्धांजलि

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने खालसा पंथ के संस्थापक, महान संत एवं धर्मयोद्धा गुरु श्री गोबिन्द सिंह जी महाराज के पावन प्रकाश पर्व पर उन्हें कोटि-कोटि नमन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि गुरु गोबिन्द सिंह जी साहस, त्याग और धर्मरक्षा की प्रतिमूर्ति थे। अन्याय और अधर्म के विरुद्ध उनका संघर्ष संपूर्ण मानवता के लिए प्रेरणाेत है। योगी ने कहा कि गुरु गोबिन्द सिंह जी का जीवन और संदेश सत्य, निष्ठा एवं निर्भीकता के मार्ग पर अडिग रहने की प्रेरणा देता है। उनका योगदान भारतीय संस्कृति और सनातन मूल्यों की रक्षा में सदैव स्मरणीय रहेगा।

# पार्टी विधायकों की जातिगत बैठकों पर सख्त हुई भाजपा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा ने संगठन के भीतर बढ़ती जातिगत गतिविधियों पर सख्ती दिखाते हुए अनुशासन मजबूत करने की पहल की है।



हाल के दिनों में पार्टी के भीतर अलग-अलग जातीय समूहों की बैठकों को लेकर नेतृत्व में असहजता देखी जा रही है। इसका ताजा कारण शीतकालीन सत्र के दौरान गोमतीनगर स्थित एक भाजपा विधायक के आवास पर पार्टी के 50 से अधिक ब्राह्मण विधायकों की बंद कमरे में हुई बैठक है, जिसे भोज के नाम पर आयोजित किया गया था। इस बैठक को लेकर नवनियुक्त प्रदेश भाजपा अध्यक्ष पंकज चौधरी ने कड़ा रुख अपनाया है। दरअसल अगस्त में मानसून सत्र के दौरान भाजपा के करीब 50 ठाकुर विधायकों की भी इसी तरह की बैठक हुई थी। लगातार हो रही ऐसी बैठकों को लेकर पार्टी नेतृत्व को आशंका है कि यदि इन्हें रोका नहीं गया, तो ये संगठित दबाव समूह का रूप ले सकती हैं और पार्टी की समावेशी राजनीति की छवि को नुकसान पहुंचा सकती हैं। पंकज चौधरी ने बिना किसी बैठक का नाम लिए स्पष्ट चेतावनी दी कि भविष्य में किसी भी प्रकार की जाति-आधारित बैठक को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। भाजपा 'परिवार या जाति आधारित राजनी. ति' में विश्वास नहीं रखती। पंकज चौधरी ने कहा कि जो भी गतिविधि पार्टी की समावेशी विचारधारा को कमजोर करती है, उसे पार्टी संविधान के तहत अनुशासनहीनता माना जाएगा।



सेंसेक्स 85408.70
निफ्टी 26142.10



सोना रु. 138320
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 234000
प्रति किलो



# सुधारों से 2025 में आगे बढ़ी देश की अर्थव्यवस्था

नई दिल्ली, वार्ता

समाप्ति की ओर अग्रसर वर्ष 2025 भारतीय अर्थव्यवस्था में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष कर प्रणाली में अभूतपूर्व सुधारों का साक्षी बना और तमाम वैश्विक चुनौतियों तथा पश्चिमी सीमा पर पड़ोसी देश के साथ सैन्य टकराव के बीच लंबे समय बाद एक दुर्लभ स्थिति बनी है जहां अर्थव्यवस्था के महत्वपूर्ण संकेतक पूरी तरह अनुकूल हैं।

इस समय दुनिया के सबसे बड़े बाजार अमेरिका में सर्वोच्च 50 प्रतिशत के आयात शुल्क का सामना कर रही भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर पिछली दो तिमा. हियों में औसतन आठ प्रतिशत के स्तर पर है। इसके साथ ही मुद्रास्फीति एक दशक के निचले स्तर पर है और रिजर्व बैंक की नीतिगत दरें भी इस साल लगातार नीचे आ रही हैं। डॉलर की तुलना में रुपये की विनिमय दर में गिरावट के बावजूद चालू खाते का घाटा सीमित है और विदेशी मुद्रा भंडार 700 अरब डॉलर के करीब मजबूत बना हुआ है। वैश्विक एजेंसियों और विश्लेषकों ने भारतीय



अर्थव्यवस्था की इस वर्तमान स्थिति का श्रेय देश में आर्थिक सुधारों में निरंतरता और राजक. ोषीय तथा मौद्रिक नीति में तालमेल को दिया है। यही कारण है कि चालू वित्त वर्ष में प्रमुख वैश्विक रेटिंग एजेंसियों ने विदेशी ऋणों के लिए भारत की साख में सुधार किए हैं। भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और जल्द ही तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है। आर्थिक गतिविधियों में तेजी का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि विनिर्माण और सेवा क्षेत्र के खरीद प्रबंधक सूचकांक 50 से ऊपर बने हुए हैं। दिसम्बर के पहले सप्ताह में जारी आंकड़ों के अनुसार नवम्बर में विनिर्माण क्षेत्र का पीएमआई 55.7 और सेवा क्षेत्र का 59.1 था। अगस्त में देश के सबसे बड़े निर्यात बाजार अमेरिका में भारतीय उत्पादों पर दो बार में कुल 50 प्रतिशत का दंडात्मक आयात शुल्क लगाने के बाद पूंजी और वित्त बाजार में गहरी चिता व्याप्त हो गई थी। इसके अलावा रूस-यूक्रेन युद्ध और पश्चिम एशिया के संकट के प्रभाव बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था ने जुलाई. सितम्बर तिमाही में 8.2 प्रतिशत की वृद्धि दर हासिल की जो जनवरी-मार्च 2024 के बाद सबसे अच्छा प्रदर्शन रहा है। घरेलू अर्थव्यवस्था में गतिविधियां पिछली चार तिमाहियों से निरंतर बढ़ रही हैं। इस साल जनवरी-मार्च में जीडीपी वृद्धि दर 7.4 प्रतिशत और अप्रैल-जून में 7.8 प्रतिशत रही थी। भारत पिछले कई वर्षों से दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था बना हुआ है। सरकार ने वैश्विक चुनौतियों के बीच घरेलू मांग को प्रोत्साहित करने वाले एक बड़े कदम के तहत 22 सितम्बर वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) दरों में बड़ी कटौती का निर्णय लागू किया। जीएसटी परिषद ने तीन सितम्बर की बैठक में इस अप्रत्यक्ष कर व्यवस्था में बुनियादी सुधार करते हुए इसे चार स्लैब की जगह दो स्लैब में पुनर्गठित करने का ऐतिहासिक फैसला किया।

## रिलायंस को उम्मीद, नए साल में सुलझेगा 24.7 करोड़ डॉलर का विवाद

**नई दिल्ली।** रिलायंस इंडस्ट्रीज ने नए साल में केजी बेसिन पर सरकार के साथ 24.7 करोड़ डॉलर का विवाद सुलझने की उम्मीद जताई है। कंपनी ने एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि इस विवाद अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता अंतिम चरण में है और साल 2026 में इस पर फैसला आ सकता है। रिलायंस इंडस्ट्रीज के पास साल 2002 से केजी-डी6 ब्लॉक का परिचालन है। कंपनी ने तर्क दिया है कि उत्पादन साझेदारी अनुबंध के तहत गठित प्रबंधन समिति, जिसमें सरकार के दो प्रतिनिधि शामिल हैं, हर फैसले पर वीटो का अधिकार रखती है। कमेटी की पूर्व स्वीकृति के बिना न तो कोई खर्च किया जा सकता है और न ही कोई निर्णय लागू होता है। रिलायंस के नेतृत्व वाले कंसोर्टियम ने इन सभी प्रक्रियाओं का पूरी तरह पालन किया है और अब तक सरकार ने कंपनी पर किसी अनियमितता का आरोप भी नहीं लगाया है।

# चावल व चीनी नरम, दालों और खाद्य तेलों में रही घट-बढ़

नई दिल्ली, वार्ता

घरेलू थोक जिस बाजारों में शनिवार को चावल के औसत भाव घट गए जबकि गेहूं में कमोबेश टिकाव की स्थिति रही।

चीनी में भी नरमी देखी गई। वहीं दालों और खाद्य तेलों में उतार.चढ़ाव का रुख रहा। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 13 रुपये टूटकर 3,829 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई। गेहूं 2,857 रुपये प्रति क्विंटल पर लगभग स्थिर रहा। आटा आठ रुपये महंगा हुआ। दाल-दलहनों में चना दाल औसतन 55 रुपये और मसूर दाल 45 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। तुअर दाल भी 35 रुपये टूट गई। मूंग दाल और उड़द दाल के दाम 10.10 रुपये



प्रति क्विंटल बढ़ गए। स्थानीय बाजारों में सरसों तेल औसतन 98 रुपये और वनस्पति 76 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। पाम ऑयल की कीमत 28 रुपये और सोया तेल की दो रुपये प्रति क्विंटल बढ़ी। मूंगफली तेल 114 रुपये और सूरजमुखी तेल दो रुपये प्रति क्विंटल फिसल गई। मीठे के बाजार में आज गुड़ का औसत भाव 22 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गया। वहीं चीनी में पांच रुपये प्रति क्विंटल की गिरावट रही। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7766. 52 रुपये, मसूर काली 8127.93 रुपये, मूंग दाल 10106.60 रुपये, उड़द दाल 10369.04 रुपये, तुअर दाल 10540.84 रुपये प्रति क्विंटल। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2857.44 रुपये और चावल 3828.79 रुपये प्रति क्विंटल। आटा (गेहूं) 3311.30 रुपये प्रति क्विंटल। चीनी-गुड़: चीनी एस 4318.70 रुपये और गुड़ 5030.04 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 17769.40 रुपये, मूंगफली तेल 17734.93 रुपये, सूरजमुखी तेल 15864.06 रुपये, सोया तेल 13811.80 रुपये, पाम ऑयल 12524.07 रुपये और वनस्पति 14596.38 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

# घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या नवम्बर में पहली बार डेढ़ करोड़ के पार

**नई दिल्ली।** घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या इस साल नवम्बर में सालाना आधार पर 6.92 प्रतिशत बढ़कर एक करोड़ 52 लाख 38 हजार पर पहुंच गई। यह पहली बार है, जब किसी एक महीने में डेढ़ करोड़ से अधिक लोगों ने हवाई यात्रा की है। इससे पहले अधिकतम आंकड़ा दिसम्बर 2024 में दर्ज किया गया था जब एक करोड़ 49 लाख 28 हजार लोगों ने हवाई यात्रा की थी।

नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, इस साल जनवरी से नवम्बर तक 11 महीने में कुल 15 करोड़ 26 लाख 35 हजार लोगों ने हवाई यात्रा की है। यह पिछले साल की समान अवधि से 4.26 प्रतिशत अधिक है। खास बात यह है कि नवम्बर में यह रिकॉर्ड तब बना है जब इस साल दीपावली और छठ के पर्व अक्टूबर में ही समाप्त हो चुके थे, जब अमूमन मांग काफी अधिक होती है। आंकड़ों के अनुसार भरी सीटों का अनुपात (पीएलएफ) के मामले अकासा एयर 93.8 प्रतिशत के साथ पहले स्थान पर रही। इंडिगो 88.7 प्रतिशत के साथ दूसरे और स्पाइसजेट 87.7 प्रतिशत के साथ तीसरे स्थान पर रही। एयर इंडिया समूह का पीएलएफ 87.5 प्रतिशत और इंडियावन एयर का 82. 7 प्रतिशत रहा। यात्री संख्या के मामले में नवम्बर में इंडिगो और अकासा की बाजार हिस्सेदारी घट गई, जबकि एयर इंडिया समूह (एयर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस) और स्पाइसजेट की बाजार हिस्सेदारी में वृद्धि हुई। इंडिगो की बाजार हिस्सेदारी अक्टूबर के 65.6 प्रतिशत के कम होकर 63.6 प्रतिशत रह गई। एयर इंडिया समूह की हिस्सेदारी 26. 7 प्रतिशत, अकासा की 4.7 प्रतिशत और स्पाइसजेट की 3.7 प्रतिशत रही।

देश के छह मेट्रो शहरों दिल्ली, बेंगलुरु, हैदराबाद, मुंबई, चेन्नई और कोलकाता में समय पर उड़ान भरने के मामले में अकासा एयर 72.2 प्रतिशत के साथ पहले स्थान पर रही। एयर इंडिया समूह की 69.1 प्रतिशत उड़ानें, इंडिगो की 69 प्रतिशत, अलायंस एयर की 59 प्रतिशत और स्पाइसजेट की 48.4 प्रतिशत समय पर रवाना हुईं। समय पर उड़ानों को रवाना करने के मामले में 86.4 प्रतिशत के साथ चेन्नई एयरपोर्ट पहले स्थान पर रहा। इसके बाद क्रमश: बेंगलुरु एयरपोर्ट से 78.6 प्रतिशत, हैदराबाद से 75.5 प्रतिशत, कोलकाता से 74.4 प्रतिशत, दिल्ली से 62.2 प्रतिशत और मुंबई से 50.1 प्रतिशत उड़ानें समय पर रवाना हुईं।

# एसडीएम का आदेश रद्द, 20 लाख का जुर्माना

## इलाहाबाद हाई कोर्ट बोला- जमीन के रिकॉर्ड में बदलाव अवैध

लखनऊ, वार्ता

इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ बेंच ने जमीन के मालिक का नाम हटाने और निर्माण ढहाने के एक मामले में सख्त रुख अपनाया है। कोर्ट ने मालिक को सुनवाई का अवसर दिए बिना अभिलेखों से उसका नाम हटाने और जमीन पर बने ढांचे को ध्वस्त करने पर कड़ी आपत्ति जताते हुए भूमि प्राधिकरण को फटकार लगाई है। कोर्ट ने एसडीएम द्वारा पारित आदेश रद्द कर दिया है, साथ ही जमीन का कब्जा याचिकाकर्ता को देने का आदेश दिया है। इसके अलावा कोर्ट ने सरकार पर 20 लाख रुपए का हर्जाना भी लगाया।

कोर्ट ने अपने आदेश में कहा है कि मुआवजे की यह राशि याचिकाकर्ता को दो महीने के अंदर दी जाए। यही नहीं कोर्ट ने राजस्व अधिकारियों की भूमिका



की जांच करने का भी आदेश दिया है।

कोर्ट ने कहा है कि यह जांच अपर मुख्य सचिव स्तर के अधिकारी द्वारा की जानी चाहिए। यह आदेश जस्टिस आलोक माथुर की सिंगल बेंच द्वारा सावित्री सोनकर की तरफ से दायर याचिका की सुनवाई करते हुए 19 दिसंबर को पारित किया गया। याचिकाकर्ता ने कहा था कि रायबरेली जिले के देवनंदनपुर गांव में खाता संख्या 431 बी की जमीन का स्वामित्व उसके नाम था और राजस्व रिकॉर्ड में भी उसके नाम दर्ज था। याचिकाकर्ता का कहना है कि इसके बावजूद संबंधित उपजिलाधिकारी (एसडीएम) ने बिना सुनवाई के राजस्व संहिता की धारा 38 के तहत 10 फरवरी को कार्रवाई की और रिकॉर्ड से उसका नाम हटा दिया गया। इसके साथ ही जमीन को ग्राम सभा की जमीन घोषित कर दिया गया। इस आदेश के आधार पर 24 मार्च को याचिकाकर्ता का निर्माण ढहा दिया गया और जमीन वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) विभाग को सौंप दी गइ। कोर्ट ने इस मामले पर सख्त रुख अपनाते हुए अपने आदेश में कहा कि रिकॉर्ड में बदलाव अवैध और मनमाने तरीके से किया गया। कोर्ट ने कहा कि याचिकाकर्ता को कोई नोटिस नहीं दिया गया और न ही उसका पक्ष सुना गया। जिसके बाद कोर्ट ने एसडीएम द्वारा पारित आदेश रद्द करते हुए इस मामले में राजस्व अधिकारियों की भूमिका की जांच करने का आदेश दिया है।

# बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ प्रदर्शन

**लखनऊ।** बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों, विशेषकर हिदू समुदाय, पर कथित अत्याचार के विरोध में शनिवार को भारतीय जनता पार्टी के अल्पसंख्यक मोर्चे के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने लखनऊ स्थित प्रदेश मुख्यालय के बाहर प्रदर्शन किया।

प्रदर्शनकारियों ने बांग्लादेश के अंतरिम प्रधानमंत्री यूनुस खान और कट्टरपंथी तत्वों का पुतला दहन कर अपना विरोध दर्ज कराया। इस दौरान नारेबाजी करते हुए उन्होंने बांग्लादेश में हिदू अल्पसंख्यकों पर हो रहे कथित उत्पीड़न पर तत्काल रोक लगाने की मांग की। प्रदर्शन में शामिल नेताओं और कार्यकर्ताओं का कहना था कि बांग्लादेश में हिदू समुदाय के खिलाफ लगातार हिसा और भेदभाव की खबरें सामने आ रही हैं, जो गंभीर चिता का विषय हैं। उन्होंने केंद्र सरकार

**लखनऊ में भाजपा कार्यकर्ता सड़क पर उतरे**

से इस मामले में कूटनीतिक स्तर पर हस्तक्षेप करने और बांग्लादेश सरकार पर उचित कार्रवाई का दबाव बनाने की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि मानवाधिकारों की रक्षा सभी देशों की जिम्मेदारी है और भारत को पड़ोसी देश में अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित कराने के लिए प्रभावी कदम उठाने चाहिए। प्रदर्शन शांतिपूर्ण रहा और पुलिस-प्रशासन की मौजूदगी में संपन्न हुआ। कार्यकर्ता इशरार बेग ने कहा कि यह प्रदर्शन बांग्लादेश में हिदुओं पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ़ है। वहां के प्रधानमंत्री यूनुस खान का पुतला फूंका जा रहा है। वहां की सरकार को जल्द ही आरोपियों के खिलाफ़ सख्त कदम उठाए।

# हसनपुर में रफ्तार का कहर, सड़क हादसों में तीन मौत

## डग्गामार बस की टक्कर से युवक की मौत

हादसा-1





**गुस्साए परिजनों ने सड़क पर लगाया जाम**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उझारी।** तेज रफ्तार डग्गामार बस ने ट्रैक्टर ट्राली से गन्ना डालने जा रहे किसान की जान ले ली। गुस्साये ग्रामीणों ने सड़क पर जाम लगा दिया। पुलिस ने किसान के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

थाना सैद नगली क्षेत्र के गांव हरियाणा निवासी किसान इब्राहिम पुत्र मुस्तकीम शनिवार की सुबह घने कोहरे में अपना ट्रैक्टर ट्राली से दि किसान सरकारी चीनी मिल काला खेड़ा में गन्ना डालने के लिए जा रहे थे। जैसे ही ट्रैक्टर ट्राली संभल हसनपुर मार्ग पर उझारी के समीप अंबर पैलेस होटल के पास पहुंचे तो पीछे से तेज गति से आ रही डग्गामार बस ने ट्रैक्टर ट्राली में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे किसान इब्राहिम की घटना स्थल पर मौत हो गई। सूचना मिलते ही परिजन रोते बिलखते मौके पर पहुंच गये। गुस्साये परिजनों ने ग्रामीणों के साथ सड़क पर जाम लगा दिया।सूचना मिलने पर थाना पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने किसान के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। चालक बस को छोड़कर फरार हो गया। यात्री भी बस से उतरकर मौके से चले गये। मृतक किसान अपने पीछे तीन बेटे दो बेटी व पत्नी रेशमा को रोते बिलखते छोड़ गये हैं। घना कोहरा होने के कारण दुर्घटनाएं बढ़ रही है। डग्गामार बस इस घने कोहरे में भी तेज रफ्तार से दौड़ाई जा रही है। प्रशासन इन डग्गामार वाहनों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं कर पा रहा है।

## कैंटर की चपेट में आकर होटल स्वामी की मौत

हादसा-2





**उझारी में होटल बंद कर लौटते समय हुआ हादसा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैदनगली।** सैद नगली थाना क्षेत्र में देर रात एक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई।

शुक्रवार देर रात संभल मार्ग पर भारत पेट्रोल पंप के पास एक तेज रफ्तार कैंटर ने बाइक को टक्कर मार दी। मृतक की पहचान सैदनगली निवासी 25 वर्षीय नईम फारुकी पुत्र वाहिद के रूप में हुई। नईम उझारी में एक होटल चलाता था। शुक्रवार रात करीब 11:00 बजे वह अपने होटल से बाइक पर घर लौट रहा था। पेट्रोल पंप के पास पहुंचने पर तेल डलवा कर आ रहे एक कैंटर ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद नईम सड़क पर गिर गया और उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। मृतक नो भाई बहनों में आठवें नंबर का था। और उसकी अभी शादी नहीं हुई थी। थाना प्रभारी विकास सहरावत ने बताया कि तहरीर के आधार पर कैंटर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## हसनपुर की महिला की ब्रजघाट में मौत

### ट्रक ने बाइक में मारी टक्कर, दो बच्चों का रो रोकर हुआ बुरा हाल


**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** ट्रक द्वारा बाइक को पीछे टक्कर मार देने से महिला की मौत हो गई। महिला का पति व अन्य महिला भी घायल हो गई।

कोतवाली क्षेत्र के गांव सो. हरका निवासी विजेंद्र सिंह पुत्र यादराम सिंह अपनी पत्नी त्रिवेणी व गांव शाहपुर कला निवासी कल्लू देवी को बाइक पर लेकर अपनी रिश्तेदारी में गढ़मुक्तेश्वर के नया गांव को जा रहे थे। जब वह गढ़मुक्तेश्वर की ब्रजघाट चौकी पर पहुंचे तो पीछे से तेज गति से आ रहे ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। जिससे त्रिवेणी 42 वर्ष की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। पति विजेंद्र वो कल्लो देवी भी घायल हो गये। सूचना मिलते ही गांव सोहरका से परिजन ग्रामीणों के साथ घटनास्थल की और को रवाना हो गये। विजेंद्र व कल्लो देवी को मेरठ के अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया। बताया जा रहा है कि गढ़मुक्तेश्वर पुलिस ने त्रिवेणी के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। त्रिवेणी की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। त्रिवेणी अपने पीछे दो बच्चों को छोड़ गई है।

## तेज रफ्तार कार की टक्कर से किसान की मौत

हादसा-3



**गजरौला-हसनपुर मार्ग पर हुआ दर्दनाक हादसा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** तेज रफ्तार कार ने बाइक में पीछे से टक्कर मार कर किसान को मौत के घाट उतार दिया। परिजनों ने मौके पर पहुंचकर हंगामा किया। पुलिस ने लाश का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज दिया।

कोतवाली क्षेत्र के गांव मछरई निवासी इरफान खान पुत्र अली मल्ला खान शनिवार की दोपहर करीब 1:30 बजे बाइक पर सवार होकर घर से हसनपुर को आ रहे थे। गजरौला हसनपुर मार्ग पर खान कोल्ड स्टोर के समीप जब सीएनजी पंप के सामने इरफान खान पहुंचे तो पीछे से तेज रफ्तार से आ रही कार ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे इरफान खान आयु 60 वर्ष की घटना स्थल पर मौत हो गई। जैसे ही इरफान खान की मौत की खबर घर पहुंची तो बड़ी संख्या में ग्रामीणों के साथ परिजन मौके पर पहुंच गये। परिजन हंगामा काटने लगे। सूचना मिलने पर कोतवाल प्रेमपाल सिंह क्राइम इंस्पेक्टर अमरपाल सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गये। कोतवाल ने परिजनों को समझा कर शांत कर दिया। चालक कार में बैठे अन्य लोगों को छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने लाश का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। इरफान खान अपने पीछे पांच बेटों और तीन बेटियों के अलावा पत्नी को रोता बिलखता छोड़ गये हैं।

## पूर्व सभासद के ट्रक से टायर चोरी

**हसनपुर।** नगर के मोहल्ला कायस्थान आखून चौक निवासी पूर्व सभासद शहाबुद्दीन सैफी का ट्रक गजरौला संभल बाईपास मार्ग स्थित ट्रक यूनियन के अंदर खड़ा हुआ था। सुनसान अवस्था में खड़े ट्रक को चोरों ने निशाना बना लिया। बीती रात चोरों ने ट्रक के पिछले चारों टायरों को खोल लिया। उसके बाद ट्रक को ईटों के ऊपर खड़ा करके चोर फरार हो गये। सुबह होने पर जब ट्रक स्वामी पूर्व सभासद शहाबुद्दीन सैफी ने मौके पर पहुंचकर ट्रक के टायरों को गायब देखा तो उनके पैरों के नीचे की जमीन खिसक गई। पूर्व सांसद ने पुलिस को अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर दे दी है। घड़ा कोहरा होने के कारण चोर इसका फायदा उठा रहे है। पुलिस वारदात की जांच करने में लगी हुई है।

## अर्दली के घर से नकदी समेत 37 लाख के जेवर चोरी

### बीमार बेटे का हालचाल जानने देहरादून गया था परिवार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** आफिसर्स कालोनी में रह रहे अर्दली के घर का ताला तोड़कर चोर नकदी समेत 37 लाख रूपये के सोने चांदी के जेवर चोरी कर ले गये। घटना के समय दम्पति अपने बीमार बेटे का हाल चाल जानने देहरादून गया था। देहात पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर घटना की जांच शुरू कर दी है।

घटना अमरोहा देहात थाना क्षेत्र में जोया रोड स्थित कलक्ट्रेट से बिल्कुल सटी आफिसर्स कालोनी की है। यहां ई-23 मकान में रामचंद्र पांडे का परिवार रहता है। वह जिला न्यायालय में अर्दली हैं। यहां परिवार में उनकी पत्नी सुशीला पांडे साथ रहती हैं। जबकि, बेटा मनोज पांडे व पुत्रवधु स्वेता पांडे देहरादून में रहते हैं। बेटा वहीं नौकरी करता है। इन दिनों उनके बेटे की तबियत खराब चल रही है।



लिहाजा, रामचंद्र पांडे व उनकी पत्नी सुशीला पांडे बीती 18 दिसंबर को बेटे को देखने के लिए देहरादून चले गए थे। यहां मकान में ताला लगा हुआ था। बताया जा रहा है कि परिवार की गैर मौजूदगी का फायदा उठा किसी समय चोर दीवार फांद कर घर में कूद गए। इसके बाद मेन गेट का ताला तोड़ लिया तथा घर के भीतर दाखिल हो गए। घर में कोई नहीं था, लिहाजा चोरों ने बड़े आराम के सात पूरे घर को खंगाला। अलमारी का भी ताला तोड़ लिया। इसके बाद रॉड से लॉकर तोड़ कर खोल लिया। चोर यहां से सवा लाख रुपये की नकदी, सोना-चांदी के जेवरात व अन्य सामान चोरी कर फरार हो गए। शुक्रवार देर शाम दंपति जब देहरादून से घर वापस लौटे तो घटना की जानक. ारी हुई। गृहस्वामी के मुताबिक चोर घर से नकदी व जेवरात समेत लगभग 37 लाख रुपये का सामान चोरी कर ले गए हैं। रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए तहरीर दे दी गई है।

## मेडिकल स्वामी को लोहे की रॉड से पीटा

### कारोबारी रंजिश के चलते दिया वारदात को अंजाम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नौगांवा सादात।** कारोबारी रंजिश रखने वाले तीन लोगों ने मेडिकल स्टोर संचालक पर हमला बोल दिया। दुकान में घुसकर लोहे की रॉड से पिटाई की, हथौड़े से किए गए वार में पसलियां टूट गईं। हमले में लहूलुहान मेडिकल स्टोर संचालक का निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। मामले में तीन आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस घटना को जांच कर रही है।

थाना क्षेत्र के गांव बरखेड़ा सादात निवासी राजकुमार का अमरोहा-नौगावां सादात रोड स्थित कताई मिल के पास मेडिकल स्टोर है। उनका आरोप है कि क्षेत्र के गांव याहियापुर के रहने वाले मनोज, धर्मपाल व प्रमोद उनसे कारोबारी रंजिश मानते हैं। आए दिन मेडिकल स्टोर पर आकर धमकाते रहते हैं। एफआईआर के मुताबिक घटना 23 दिसंबर की दोपहर की है। रोजाना की तरह राजकुमार अपने मेडिकल स्टोर पर बैठे हुए थे। उनका आरोप है कि उसी दौरान मनोज, धर्मपाल व प्रमोद ने दुकान में घुसकर हमला बोल दिया। तीनों के हाथ में लोहे की रॉड, डंडे और अन्य हथियार थे। आरोपियों ने एकराय होकर लोहे की रॉड और हथौड़े से हमला कर राजकुमार को लहूलुहान कर दिया। हथौड़े से किए गए हमले में पसलियां भी टूट गईं। शोर सुनकर भीड़ जमा होती देख आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। हमले में गंभीर घायल राजकुमार को परिजनों ने निजी अस्पताल में भर्ती कराया। सीओ अवधभान भदौरिया ने मामले में तीनों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही।

## अनियंत्रित होकर नाले में पलटी कार

### लोगों ने किसी तरह भाई-बहन को निकाला, अस्पताल में भर्ती





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** तेज रफ्तार से दौड़ रही स्विफ्ट कार अनियंत्रित होकर नाले के पानी में गिर गई। पानी में कार के नीचे दबे भाई बहन को युवकों सकुशल बाहर निकाल लिया।

शनिवार को एक तेज रफ्तार स्विफ्ट कार फिल्मी अंदाज में अनियंत्रित होकर सड़क किनारे स्थित गहरे नाले में जा गिरी। इस दुर्घटना में कार सवार भाई-बहन गंभीर रूप से घायल हो गये हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कार की गति काफी अधिक थी। नियंत्रण खोने के कारण गाड़ी सीधे नाले में जा पलटी। चीख-पुकार सुनकर मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए नाले में उतरकर कार चालक साईब पुत्र इंतकाब व उसकी मौसेरी बहन शिफा को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। घटना की सूचना मिलते ही मनौटा चौकी पुलिस मौके पर पहुँची गई। पुलिस ने तत्काल घायलों को अस्पताल भिजवाया। शिफा को हसनपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जबकि साईब की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे गजरौला के एक निजी अस्पताल में रेफर किया गया है। पुलिस ने क्रेन बुलाकर काफी मशक्कत के बाद कार को नाले से बाहर निकाला।कोतवाल प्रेमपाल सिंह ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने बचाव कार्य शुरू कर दिया था। वर्तमान में दोनों घायलों का उपचार जारी है। हालांकि परिजनों के अनुसार उनकी हालत अभी भी चिंता. जनक बनी हुई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## फैक्ट्री कर्मचारी से बाइक और मोबाइल लूटा

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** नगर की एक औद्योगिक इकाई में कार्यरत कर्मचारी के घर लौटते समय दो बाइकों पर सवार होकर आए चार बदमाशों ने तमंचे की नोंक पर बाइक और मोबाइल लूट लिया। वहीं पुलिस ने मामला चोरी में दर्ज किया है।

जानकारी के अनुसार जनपद हापुड़ के थाना बाबूगढ़ के गांव अटूटा निवासी संजीव कुमार बाबूगढ़ में पशुपालन विभाग में पशु प्रसार अधिकारी हैं। उनका पुत्र प्रीत शर्मा नगर के धनौरा मार्ग पर स्थित तेवा एपीआई लिमिटेड में रिसर्च विभाग में कर्मचारी है। शुक्रवार की शाम को वह जनरल डयूटी करके अपने गांव जा रहा था, क्योंकि शनिवार व रविवार को उसका अवकाश रहता है। शाम को करीब 07 बजकर 38 मिनट पर प्रीत शर्मा अपनी बाइक से मौहम्मदाबाद गांव पहुंचे तो इसी बीच पीछे से दो बाइकों पर आए

**वहीं पुलिस मान रही कि हुई चोरी, चोरी में ही रिपोर्ट दर्ज**

चार बदमाशों ने उसकी बाइक को रूकवा लिया। तमंचा दिखाते हुए डराया और प्रीत शर्मा की बाइक और मोबाइल लूट लिया। इसके बाद बदमाश घटना को अंजाम देकर फरार हो गए। प्रीत शर्मा ने ब्रजघाट चौकी पहुंचकर पुलिस को पूरे मामले की जानकारी देते हुए स्वजनों को फोन करके मामले की जानकारी दी। जिसके बाद स्वजन भी ब्रजघाट चौकी पहुंच गए। घटना की तहरीर पुलिस को दी गई। पुलिस ने घटना को चोरी में दर्ज किया है।

## दिल्ली को हरा मोनू मसूद क्लब फाइनल में

### रोमांचक मुकाबले में 13 रन से हराया



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** शहर के मिनी स्टेडियम में डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन और यूथ क्रिकेट क्लब के संयुक्त संयोजन में चल रहे सद्भावना कप ऑल इंडिया क्रिकेट टूर्नामेंट में शनिवार को दूसरा सेमी फाइनल मैच एलबी शास्त्री क्रिकेट क्लब दिल्ली और मोनू मसूद क्रिकेट क्लब अमरोहा के बीच खेला गया। एलबी शास्त्री ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया। वहीं, पहले बल्लेबाजी करते हुए मोनू मसूद क्रिकेट क्लब की टीम ने 30 ओवर में 7 विकेट पर 235 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। विजन ने 60, एंडी ने 62 रनों का योगदान दिया। एलबी शास्त्री क्रिकेट क्लब की ओर से यश ने 3 और ओजस ने 2 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने मैदान में उतरी एलबी शास्त्री क्रिकेट क्लब की टीम 30 ओवर में 9 विकेट पर 222 रन ही बना सकी। अर्नव बुग्गा ने 94 और अनंतवीर सिंह ने 50 रनों की पारी खेली। मोनू मसूद की

**सद्भावना कप का आज खेला जाएगा फाइनल**

ओर से अर्जुन और अरबाज ने 2-2 विकेट लिए। इस तरह मोनू मसूद क्रिकेट क्लब अमरोहा ने 13 रनों से जीत लिया। शानदार बल्लेबाजी और गेंदबाजी के लिए अतिथि बंटी, नज्म अली, तारिक चीना और नावेद आमिर ने मैन ऑफ-द-मैच की ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। मैच में अंपायरिंग सतेंद्र सिंह और जमाल पाशा ने की। स्कोरिंग राहुल गुप्ता व सदाकत ने तथा कमेंट्री शमशाद अल्वी द्वारा की गई। इस दौरान रिजवान पाशा, इमरान पाशा, नजम अली, परवेज पाशा, आदि मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय लोकदल के अध्यक्ष व केन्द्रीय मंत्री का जन्मदिन मनाया

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** राष्ट्रीय लोकदल द्वारा पार्टी कार्यालय पर राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी का 47वां जन्मदिन जिलाध्यक्ष सचिन चौधरी के नेतृत्व में केक काटकर मनाया गया। इस दौरान पार्टी नेताओं ने उनके बारे में अपने विचार व्यक्त किए।

नगर के इंदिरा चौक स्थित कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष सचिन चौधरी ने कहा कि जयंत चौधरी ने किसानों, युवाओं और आमजन के हितों को सदैव प्राथमिकता दी है। केंद्र सरकार में मंत्री के रूप में वे देश के कृषि एवं ग्रामीण क्षेत्र से जुड़े मुद्दों पर प्रभावी ढंग से कार्य कर रहे हैं। उनका नेतृत्व राष्ट्रीय लोकदल के कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणास्रोत है। और संगठन उनके मार्गदर्शन में लगातार मजबूत हो रहा है। क्षेत्रीय अध्यक्ष रामवीर सिंह ने भी जयंत चौधरी की कार्यप्रणाली की प्रशंसा की, कहा कि उनके नेतृत्व में पार्टी दिन ब दिन मजबूत होती जा रही है। कार्यक्रम में हरपाल सिंह, राजव. ीर, अजय गिल, अटल सिंह, सुमित शिवाच, नमित चौधरी, सुरेंद्र गंधर्व, दिनेश शर्मा, नईम अहमद, आलम खान, अशरफ अल्वी, बोबिन सिंह, महेश सिंह, प्रशांत औलख आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# मंडी के नियम कागजों तक सीमित

## मंडी सचिव करा रहे अवैध रूप से व्यापार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** न्यू सब्जी मंडी आढ़ती एसोसिएशन से जुड़े लाइसेंसधारी व्यापारियों ने मंडी समिति स्टाफ व सचिव पर गंभीर आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी से शिकायत की है। आढ़तियों का कहना है कि राज्य कृषि उत्पादन मंडी परिषद द्वारा वर्ष 2022 में जारी शासनादेश के अनुसार प्रधान मंडी स्थल से 5 किलोमीटर की परिधि में फल व सब्जी का थोक व्यापार प्रति. बंधित है, लेकिन धनौरा में यह नियम केवल कागजों तक सिमट कर रह गया है। स्टेट हाईवे से लेकर अन्य स्थानों पर जगह-जगह बिना लाइसेंस के अवैध रूप से फलों का थोक व्यापार किया जा रहा है।

शिकायत पत्र में बताया गया है कि गजरौलाख्रचांदपुर बाईपास मार्ग व अन्य स्थानों पर बिना लाइसेंसधारी व्यापारी फल व सब्जी का थोक व्यापार खुलेआम कर रहे हैं। आरोप है कि यह सब मंडी समिति के कुछ अधिकारियों व स्टाफ की मिलीभगत से चल रहा है, जिससे सरकार को मिलने वाला यूजर चार्ज व टैक्स प्रभावित हो रहा है। आढ़तियों का कहना है कि वे मंडी परिसर में नियमों के तहत लाइसेंस लेकर व्यापार कर रहे हैं, जबकि बाईपास पर अवैध व्यापार के चलते उनका कारोबार लगातार प्रभावित हो रहा है। तंज यह है कि जो नियम से चलता है, वही घाटे में है और जो नियम तोड़ता है, वही फायदे में दिखाई दे रहा है। व्यापारियों ने यह भी उल्लेख किया है कि स्टेट हाईवे किनारे अतिक्रमण के कारण दिनभर जाम की स्थिति बनी रहती है, जिससे आए दिन दुर्घटनाएं और विवाद होते हैं, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी मौन साधे हुए हैं। न्यू सब्जी मंडी आढ़ती एसोसिएशन ने जिलाधिकारी से मांग की है कि 5 किलोमीटर के दायरे में हो रहे अवैध थोक व्यापार को तत्काल बंद कराया जाए, बाईपास मार्ग से अतिक्रमण हटाया जाए और दोषियों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई व जुर्माना लगाया जाए, ताकि लाइसेंसधारी व्यापारी सुचारू रूप से व्यापार कर सकें और सरकार को राजस्व का लाभ मिलता रहे। अब देखना यह है कि नियमों की किताब भारी पड़ती है या बाईपास की थोक मंडी, फिलहाल सवाल जस का तस बना हुआ है। उधर लाइसेंस धारी व्यापारियों का कहना है कि डीएम ने मामले में टीम गठित कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# किसानों की बिजली अधिकारियों से नोंकझोंक

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** बिजली लाइन के लिए टावर लगाने के काम कराने पहुंची विद्युत विभाग की टीम को किसानों के विरोध का सामना करना पड़ा। किसानों और बिजली विभाग के अधिकारियों की जमकर नोंकझोंक हुयी। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुँच गयी। दो किसानों को पुलिस थाने ले आई। जिसके बाद थाने में किसान भी पहुँच गए। यहाँ पर किसानों और बिजली विभाग के बीच वार्ता हुई।

जानकारी के अनुसार मेरठ से जिला परीक्षितगढ़ में 220केवीए का बिजलीघर बन रहा है। वहां से अमरोहा व बिजनौर को जोड़ने की कवायद शुरू कर दी गई है। कार्य पूरा होने पर अमरो. हा व बिजनौर जनपद की बिजली में और सुधार होने की उम्मीद है। अमरोहा से मेरठ तक बिजली की लाइन बनाई जा रही है। 220केवी की लाइन बनाने के लिए टावर लगाए जाएंगे। नक्शे के अनुसार शनिवार को बिजली विभाग एसडीओ ट्रांसमिशन गजरौला सुबोध कुमार टीम के साथ क्षेत्र के भारापुर गांव पहुंचे तथा बिजेंद्र के खेत में जेसीबी से गड्ढा खुदवाने लगे। तभी सूचना मिलने पर बिजेंद्र सिंह व अन्य ग्रामीण मौके पर पहुंचे। उन्होंने टावर लगाए जाने का विरोध करना शुरू कर दिया। जिसके बाद बिजली विभाग की टीम की किसानों से जमकर नोकझोंक हुई। किसानों कहा कि उन्हें जमीन का उचित मुआवजा मिलना चाहिए। तभी वह अपने जमीन देंगे। इसके अलावा खेड़की भूड़ व अन्य गांवों के किसानों के खेतों में भी टावर लगाए जाने हैं। नोकझोंक होने पर सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने दो किसानों को हिरासत में लिया तथा थाने ले गई। इसी बीच किसानों की भीड़ भी थाने पहुंची तथा बिजली विभाग के अधिकारियों के साथ बैठकर बात की। एसडीओ सुबोध कुमार ने बताया कि किसानों ने दस दिन का समय मांगा है। बताया की बछरायूं क्षेत्र में भी एक टावर बनना था, वहां पर भी किसान का विरोध था, वहां पर तो सहमति बन गयी है। गजरौला क्षेत्र के गाँव भारापुर में किसानों का विरोध है, जिसे दूर करने के लिए प्रयास किया जा रहा है।

**भारापुर में टावर लगवाने गई थी बिजली टीम**



गजरौला। थाने में पुलिस और बिजली विभाग के अधिकारियों से बातचीत करते किसान।



# श्रद्धा से मना गुरु गोविंद सिंह का प्रकाश पर्व

## सबद कीर्तन की मधुर ध्वनि से पूरा वातावरण हुआ भक्तिमय

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मंडी धनौरा।** शनिवार को नगर के मोहल्ला महादेव स्थित गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में सिख धर्म के दसवें पातशाह श्री गुरु गोविंद सिंह जी का पावन प्रकाश दिवस श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया।

समागम के दौरान शब्द-कीर्तन की मधुर ध्वनि से पूरा वातावरण गुरु-भक्ति से ओतप्रोत हो गया। ज्ञानी वीर सिंह ने संगत को संबोधित करते हुए श्री गुरु गोविंद सिंह जी के जीवन और उनके महान कार्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि गुरु गो. विंद सिंह जी का जन्म 22 दिसंबर 1666 को पटना साहिब में हुआ था। वे न केवल एक महान योद्धा और कवि थे, बल्कि समाज सुधारक के रूप में भी उन्होंने अहम भूमिका निभाई। ज्ञानी वीर सिंह ने बताया कि वर्ष 1699 में खालसा पंथ की स्थापना कर गुरु गोविंद सिंह जी ने सिखों को संगठित किया और अन्याय, अत्याचार व भेदभाव के विरुद्ध संघर्ष का संदेश दिया। उनका जीवन साहस, त्याग, समानता और मानवता की सेवा की प्रेरणा देता है। कीर्तन के माध्यम से उन्होंने संगत को गुरु-इतिहास से जोड़ा। इस अवसर पर ज्ञानी वीर सिंह, सरदार सेवा सिंह ढिल्लो, मंजीत सिंह, सुरजीत सिंह उर्फ बब्बल, अमन सिंह, अनमोल सिंह, सतेन्द्र सिंह एडवोकेट, कोकी ढिल्लों, पप्पू ढिल्लों, गगन चोपड़ा, अमन कपूर, त्रिवेंद्र सिंह, देवेन्द्र सिंह, बलजीत सिंह आदि उपस्थित रहे।

# माधव नर्सिंग होम पर स्वास्थ्य महकमा मेहरबान

## सीएमओ ने चिकित्सा अधीक्षक को दिये रिपोर्ट दर्ज कराने के आदेश, पुलिस बोली नहीं मिली तहरीर





डॉ ज्योति व पति राहुल! सौजन्य सोशल मीडिया वायरल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** माधव नर्सिंग होम के संचालक को आखिर स्वास्थ्य विभाग क्यों बचाने में जुटा है? यह सवाल अब सड़कों से लेकर दफ्तरों तक गूंजने लगा है। तीन माह पहले अवैध रूप से संचालित ऑपरेशन थिएटर को एसडीएम द्वारा सील किए जाने के बावजूद स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी लेटर-लेटर खेलते रहे, लेकिन आज तक मुकदमा दर्ज कराने की जहमत नहीं उठाई।

नतीजा यह हुआ कि शुक्रवार को एक घर में विवाहिता की मौत के बाद मातम फैल गया। एक विवाहिता महिला लापरवाही और विभागीय उदासीनता की भेंट चढ़ गई। क्षेत्र में चर्चा है कि यदि समय रहते अस्पताल के खिलाफ ठोस कानूनी कार्रवाई होती, तो शायद महिला वहां इलाज कराने ही न जाती। मगर अधिकारियों ने केवल सील लगाकर इति श्री कर ली और जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लिया। महिला की मौत के बाद भी स्वास्थ्य विभाग का रवैया नहीं बदला। शुक्रवार सुबह मौत हुई, करीब तीन घंटे तक शेरपुर मार्ग जाम रहा, पूरा प्रशासनिक अमला कई घंटों तक हलकान रहा, लेकिन हैरानी की बात यह है कि 24 घंटे बीत जाने के बाद भी स्वास्थ्य विभाग ने न तो अवैध ऑपरेशन थिएटर खोलने के मामले में और न ही मजिस्ट्रेट की सील हटाने को लेकर कोई तहरीर दी। उधर सीएमओ सतपाल सिंह का कहना है कि उन्होंने चिकित्सा अधीक्षक को मुकदमा दर्ज कराने के निर्देश दे दिए थे। वहीं थाना प्रभारी निरीक्षक बालेंद्र कुमार साफ कहते हैं कि स्वास्थ्य विभाग की ओर से शनिवार शाम 5:00 बजे तक कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। अब बड़ा सवाल यह है कि निर्देश कागजों में हैं या कार्रवाई जमीन पर? जनता पूछ रही है क्या नियम सिर्फ छोटे लोगों के लिए हैं और क्या बड़े मामलों में स्वास्थ्य महकमा आंख मूंद लेता है? जब तक इन सवालों का जवाब नहीं मिलता, माधव नर्सिंग होम और विभागीय कार्यशैली पर संदेह की सुई यूं ही घूमती रहेगी।

**कार्रवाई के नाम पर एक दूसरे पर पल्ला झाड़ रहे अधिकारी**

# गलत ऑपरेशन से हुई थी प्रसूता की मौत

## डा. ज्योति व राहुल समेत 25 पर मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** गांव नवाबपुरा भूड़ स्थित माधव नर्सिंग होम में अवैध रूप से संचालित ऑपरेशन थिएटर में ऑपरेशन के बाद प्रसूता की मौत के मामले में पुलिस ने मृतका के पति की तहरीर पर नर्सिंग होम संचालक डॉक्टर ज्योति सिंह, उनके पति डॉक्टर राहुल कुमार समेत 25 अज्ञात लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

गांव मुकारमपुर निवासी आनंद की 23 वर्षीय पत्नी प्रियंका को 22 दिसंबर को प्रसव के लिए माधव नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया था। आरोप है कि डॉक्टर दंपती ज्योति और राहुल ने सामान्य प्रसव में परेशानी बताते हुए ऑपरेशन की सलाह दी और पूरी जिम्मेदारी लेने का दावा किया। रात में ऑपरेशन कर पुत्र का जन्म हुआ, लेकिन इसके बाद महिला की हालत बिगड़ती चली गई। परिजनों का आरोप है कि ऑपरेशन के बाद उन्हें प्रियंका से मिलने नहीं दिया गया। हालत गंभीर बताकर बिना जानकारी के उसे निजी वाहन से दूसरे अस्पताल ले जाया गया और फिर मेरठ के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। इलाज के नाम पर लाखों रुपये की मांग की गई। 25 दिसंबर की सुबह प्रियंका की मौत की सूचना दी गई, जिसके बाद डॉक्टर राहुल मौके से फरार हो गया। शव लेकर जब परिजन माधव नर्सिंग होम पहुंचे तो वहां पहले से मौजूद 20ख्र25 लोगों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया और जातिसूचक गालियां दीं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके से आठ लोगों को गिरफ्तार किया था। अब पूरे मामले में डॉक्टर ज्योति, पति राहुल समेत अन्य 25 अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच तेज कर दी गई है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मेडिकल दस्तावेज, डॉक्टरों की डिग्री, लेन-देन और हमले से जुड़े सभी बिंदुओं पर जांच की जा रही है। दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# गुरु गोविंद के पुत्रों की शहादत को याद किया



## सिख समाज ने किया हलवे का वितरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** शनिवार को नगर की सचिन इंडियन गैस एजेंसी के निकट सिख समाज द्वारा गुरु गो. विंद सिंह जी के दोनों साहिब जादो की शहादत के उपलक्ष में चाय एवं हलवे के प्रसाद का वितरण किया गया। इस संबंध में गुरुद्वारे के ग्रंथि ज्ञानी वीरेंद्र सिंह ने बताया कि गुरु गोविंद सिंह जी के दोनों साहिब जादो ने हंसते हुए अपने प्राणों को न्योछावर कर दिया था। इसी के उपलक्ष में चाय एवं हलवे का वितरण किया गया है। प्रसाद ग्रहण करने के लिए मौके पर काफी भीड़ जमा हो गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पहुंचे पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी ने सर्वप्रथम गुरु गोविंद सिंह जी के चित्र के सम्मुख अन्य लोगों के साथ मिलकर पुष्प अर्पित किये तथा लोगों को अपने हाथों से हलवा एवं चाय का प्रसाद वित. रित किया। कहा कि ऐसे आयोजनों से पारस्परिक प्रेम बढ़ता है तथा भाईचारे की भावना जागृत होती है। इस मौके पर मुख्य रूप से व्यापारी नेता मुकेश गुप्ता, सचिन गुप्ता, प्रधान बंटी चौहान, महेंद्र चावला, हसनपुर ब्लाक प्रमुख पुत्र मुदित गुर्जर आदि लोग मौजूद रहे।

# शहीदी दिवस के समापन पर गुरुद्वारे की संगत हुई भाव विभोर

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** नगर के चौपला स्थित गुरुद्वारा में 21 दिसंबर से आयोजित शहीदी सप्ताह का समापन शनिवार की देर रात हुआ। इस दौरान साहिब. जादों की शहादत को नमन करते हुए संगत भाव विभोर हो उठी। कार्यक्रम में श्री कल्कि धाम के पीठाधीश्वर आचार्य श्री प्रमोदकृष्णम ने सम्मिलित होकर संगत का श्रवण किया। बता दें कि चौपला स्थित गुरुद्वारा में 21 दिसंबर से शहीदी सप्ताह के कार्यक्रम हो रहे थे। शनिवार को शहीदी सप्ताह का समापन भक्ति, वीरता और आध्यात्मिक चेतना के वातावरण में किया गया। ज्ञानी अनूप सिंह ने बताया कि पूरे सप्ताह गुरु गोविंद सिंह के चारों साहिबजादों की धर्म, देश और मानवता की रक्षा के लिए दी गयी महान शहादत का स्मरण किया गया। उन्होंने सिख इतिहास पर प्रकाश डालते हुए वीर बालकों की शहादत की प्रेरक कथा सुनायी। कार्यक्रम में श्री कल्कि धाम के पीठाधीश्वर आचार्य श्री प्रमोदकृष्णम ने सम्मिलित होकर संगत का श्रवण किया। इस अवसर पर हरभजन सिंह, नेमपाल सिंह, दर्शन सिंह, हरभजन सिंह, इंद्रपाल सिंह, जुगनू बेदी, सांगत बेदी, चरणजीत, तेजपाल सिंह, अमरजीत सिंह, गौरव चौधरी, प्रमोद, इंद्रपाल सिंह, शशि कौर, दलजीत कौर, देवेन्द्र कौर मौजूद रहे।

**श्री कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य श्री प्रमोदकृष्णम भी हुए सम्मिलित**



# प्रदूषण के विरुद्ध किसानों की लड़ाई जारी, सातवें दिन भी रहा धरना

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** भाकियू संयुक्त मोर्चा द्वारा औद्योगिक इकाइयों द्वारा फैलाये जा रहे प्रदुषण के विरूद्ध दिया जा रहा धरना सातवें दिन भी जारी रहा। राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश चौधरी ने कहा कि, विकास और प्रदूषण को आमने-सामने खड़ा करना एक भूल है। इलाके के जल, जंगल और जमीन का संरक्षण विकास विरोधी कदम नहीं है, बल्कि दीर्घकालिक विकास की शर्त है। बता दें औद्योगिक इकाईयों के प्रदुषण से बसैली और शहबाजपुर डोर आदि गांवो में प्रदुषण के कारण भूजल दूषित हो चुका है, जबकि मृदा का स्वास्थ्य भी प्रभावित हो रहा है। यही कारण है कि फसल की उपज भी घट रही है। वहीं मवेशी भी बीमार हो रहे हैं और उनका दुग्ध भी घटा है। भाकियू संयुक्त मोर्चा ने प्रदूषण से निजात दिलाने की मांग को लेकर शहबाजपुर डोर में धरना प्रारंभ किया। सात दिन से लगातार धरना चल रहा है। इस अवसर पर राष्ट्रीय मुख्य सचिव अरुण सिद्धू, चंद्रपाल सिंह, रामकृष्ण चौहान, अंसार मंस. ूरी, सुशील चौधरी, तेजपाल सिंह, अमरजीत देवल, कैलाश नाथ, जरार चौधरी, लकी चौधरी, शानू चौधरी, अंकुर चौधरी, अब्दुल राशिद, शाकिर अली, हांजी फरीद, मोहम्मद यूसुफ आदि किसान धरने पर मौजूद रहे।

**विकास और प्रदुषण को आमने सामने खड़ा करना गलत**




# पुलिया निर्माण में मानकों की उड़ रही धज्जियां

## सभासदों ने डीएम से की ठेकेदार को ब्लैकलिस्ट करने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** नगरपालिका के गेट के पास बन रही नई पुलिया अब विवादों में घिर गई है। भाजपा के सभासदों और पूर्व सभासदो ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपकर निर्माण कार्य में गंभीर अनियमितताओं का आरोप लगाया है। शिकायत में कहा गया है कि पुलिया का निर्माण निर्धारित मानकों और स्वीकृत इंस्टीमेट के विपरीत किया जा रहा है, जिससे भविष्य में बड़ा हादसा हो सकता है।



शिकायतकर्ताओं के अनुसार पुरानी पुलिया के लेन्टर में जहां चार इंच की दूरी पर सरीया डाला गया था, वहीं नई पुलिया में आठ इंच पर सरीया लगाया जा रहा है। इतना ही नहीं, पहले पुलिया के बीच में बनी मजबूत दीवार को हटाकर अब चार कमजोर कॉलम खड़े कर दिए गए हैं। इन कॉलमों की चौड़ाई मात्र 13ञ्9 इंच बताई गई है और इनमें सिर्फ चार सरीयों से बांध किया गया है, जिससे कॉलम के फटने की आशंका बनी हुई है। सभासदों का आरोप है कि पहले साढ़े दस फीट चौड़ी पुलिया को बिना इंस्टीमेट में दर्शाए करीब 18 इंच कम कर दिया गया है। इससे पानी की निकासी प्रभावित होगी और बरसात के दिनों में जलभराव की स्थिति बन सकती है। पुलिया के दोनों ओर की पुरानी दीवारों को हटाने के बजाय उनके पास ही डेढ़ फीट के अंतर से सरीया खड़ा कर सात इंच की शीशी भर दी गई है, जो तकनीकी रूप से गलत है। शिकायत में यह भी कहा गया है कि इंस्टीमेट और ड्राइंग में लेन्टर में चार इंच पर डबल जाल में सरीया तथा सीमेंट का अनुपात 1:3:3 तय है, लेकिन ठेकेदार द्वारा 1:5:8 के कमजोर अनुपात से लेन्टर डाला गया है। यह मार्ग शहर का मुख्य रास्ता है, जहां से भारी वाहन गुजरते हैं। ऐसे में पुलिया के लेन्टर के टूटने का खतरा बना हुआ है। सभासदों ने आरोप लगाया कि यही ठेकेदार पहले नगर पालिका बछरायूं में नाले का निर्माण कर चुका है, जो बाद में फट गया था। इसके बावजूद नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी और जेई की मौजूदगी में घटिया निर्माण कराया जा रहा है। आरोप है कि कमीशन के चक्कर में अधिकारी आंख मूंदे बैठे हैं, जिससे सरकारी धन का दुरुपयोग हो रहा है। भाजपा सभासद संतोष देवी, दुलीचंद गिहार, राजू बादशाह, सभासद पुष्पा देवी, पूर्व सभासद राजेंद्र सिंह तथा सतीश कुमार ने जिलाधिकारी से मांग की है कि पुलिया निर्माण की किसी सक्षम अधिकारी से निष्पक्ष जांच कराई जाए। जांच में आरोप सही पाए जाने पर ठेकेदार को ब्लैकलिस्ट किया जाए और अधिशासी अधिकारी व जेई के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाए।अब देखना यह है कि जिला प्रशासन इस गंभीर शिकायत पर क्या कदम उठाता है, क्योंकि मामला सीधे जनता की सुरक्षा और सरकारी धन से जुड़ा है।

### हादसे में युवक घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया।** पांयती कलां रोड पर देर रात पुल के पास पाकबड़ा जाते समय अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मारी बाइक सवार ललित पुत्र अमर सिंह व अनमोल पुत्र अशोक निवासी साद. ीपुर थाना अमरोहा देहात घायल हुए जोया सीएचसी से जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया है।

# गन्ना लदी ट्रैक्टर ट्रॉली की चपेट में आकर छात्र की मौत

**हसनपुर।** रहरा-हसनपुर मार्ग पर गांव दौरारा के पास शनिवार की शाम एक भीषण सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार गन्ना लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान 18 वर्षीय प्रशांत पुत्र राजेश के रूप में हुई है।जो रहरा कस्बे का रहने वाला था। वह रहरा के ही राजकीय महाविद्यालय में बीए फाइनल ईयर का छात्र था। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों द्वारा बताया गया कि मृतक चार भाइयों विकास आक. ाश और विश्वास में सबसे छोटा था। उसकी मौत से तीनों भाइयों और मां शांति का रो रो कर बुरा हाल है। फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है। रहरा थाना प्रभारी अतवीर सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। ट्रैक्टर ट्रॉली को कब्जे में ले लिया गया है। चालक फरार है।

# कड़ाकेदार ठंड के बावजूद भी नगर में नहीं जल रहे अलाव



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**वजीरगंज।** दिसंबर माह के अंतिम सप्ताह में पड़ रही कड़ाके की ठंड ने आम जनजीवन को पूरी तरह प्रभावित कर दिया है। ठिठुरन भरी सर्दी में जहां लोग घरों से निकलने में भी हिचक रहे हैं, वहीं वजीरगंज नगर पंचायत प्रशासन द्वारा अब तक नगर में अलाव की समुचित व्यवस्था न किए जाने से लोगों की परेशानियां और बढ़ गई हैं। नगर में खरीदारी करने आने वाले ग्राहकों, दूसरे स्थानों पर जाने वाले यात्रियों के साथ-साथ रात्रि में ड्यूटी करने वाले पुलिसकर्मियों को भी ठंड से जूझना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रमुख चौराहों और बाजारों में अलाव न होने से देर शाम और रात के समय स्थिति और गंभीर हो जाती है। इस संबंध में नगर के एक सभासद पति द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से उच्च अधिकारियों को अवगत कराने का प्रयास भी किया गया, लेकिन इसके बावजूद नगर पंचायत प्रशासन की ओर से अब तक कोई ठोस व्यवस्था नहीं की गई है। जब इस विषय में नगर पंचायत अध्यक्ष के प्रतिनिधि एवं पुत्र जहीर अहमद से बातचीत की गई तो उन्होंने बताया कि नगर में अलाव लगवाए जा रहे हैं। हालांकि, जब स्थानीय नागरिकों से इस बारे में जानकारी ली गई तो उन्होंने नगर पंचायत द्वारा अलाव लगाए जाने से साफ इनकार किया। नगरवासियों ने प्रशासन से शीघ्र अलाव की व्यवस्था कराने की मांग की है, ताकि कड़ाके की ठंड से आम लोगों को कुछ राहत मिल सके।

# बिजली विभाग ने बकायादारों के खिलाफ चलाया अभियान



129 **की बत्ती गुल**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** विद्युत विभाग बिजली बिल का भुगतान नहीं करने वाले बकायादारों के खिलाफ एक्शन मूड में आते हुए बकायादारों से बिजली बिल, चोरी छिपे बिजली का उपयोग करने बालों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई कर रही है। एसडीओ अमित कुमार ने बताया कि शनिवार को अभियान के तहत 172 उपभोक्ताओं ने ओटीएस योजना का लाभ उठाया। वहीं 129 उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटे गए।

12 लाख 52 हजार रूपये का राजस्व बसूला गया। श्री कुमार ने एक वार्ता में बताया कि इसके साथ ही बकायादारों पर नीलाम वाद दायर करने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। एसडीओ अमित कुमार ने उपभोक्ताओं से समय पर बकाया बिजली की बिल जमा करने की अपील की है। जिससे बिजली उपयोग करने में किसी भी प्रकार की कोई परेशानी न हो। कैंप में एसडीओ आसफपुर सौरभ सैनी, जेई मो मियां कुरैशी, जेई दिनेश कुमार, थान सिंह, गौरव सक्सेना, कमलेश कुमार, त्रिलोक सिंह, संगम चौहान, नवीन, मोहसिन रजा, ऐजाजउद्दीन, विकास यादव, अनिल, उमेश यादव, शुभम कन्नौजिया, सुरजीत आदि मौजूद रहे।

# तीस दिवसीय सर्टिफिकेशन कोर्स का समापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**आसफपुर।** स्थानीय क्षेत्रीय ग्राम्य विकास प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य अनुज कुमार श्रीवास्तव, प्रशिक्षण कार्यक्रम अधिकारी पंकज कुमार, प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रभारी हरीश उपाध्याय के नेतृत्व में चलाया जा रहा तीस दिवसीय सर्टिफिकेशन कोर्स का प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ इस अवसर पर एन आई आर डी हैदराबाद से पधारे सुमेध पाटिल ने सभी प्रतिभागियों को एक एक सामूहिक छायांकन भेंट करते हुए उन्हें शुभ - कामनाएं दीं और भविष्य में सोशल ऑडिट को और अधिक बेहतर व पारदर्शिता के साथ करने के निर्देश दिए। इस दौरान समस्त प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण संस्थान के प्रबंधन तंत्र की भूरि भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि आने वाले समय में प्रत्येक वर्ष सभी बी आर पी प्रतिभागियों को चार से पांच दिन तक अनिवार्य रूप से प्रशिक्षण दिलाया जाए जिससे सोशल ऑडिट की प्रक्रिया को और अधिक पारदर्शी व सरल बनाया जा सके व नई नई कार्य योजनाओं की जानकारी बेहतर ढंग से मिल सके। कार्यक्रम समापन के अवसर पर सुमेध पाटिल, रामकुमार, प्रशिक्षण कार्यक्रम अधिकारी पंकज कुमार, कार्यक्रम प्रभारी हरीश उपाध्याय व पांच जिलों से आए बी आर पी प्रतिभागी, ईश्वर पाल, इंद्र पाल सिंह, जयकृष्ण श्रीवास्तव, हंसराज सिंह, मनोज कुमार, तरन्नुम, प्रतिभा राघव, गीता सिंह, सत्यवती, रूप रानी, अवरार अहमद, राजकुमार, विपिन कुमार शर्मा, मौहर सिंह, खनन सिंह, भगवान सिंह, सुनील दत्त शर्मा, सुधीर कुमार, नरेंद्र कुमार, योगेंद्र कुमार, सुनीता, मधुरानी, मुकेश कुमार शर्मा, सरनाम सिंह, शैलेन्द्र कुमार, बृजेश कुमार, जय शिव मिश्र, सुघर सिंह आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम समापन के अवसर पर संस्थान के मुखिया अनुज कुमार श्रीवास्तव ने सभी प्रतिभागियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें शुभ - कामनाएं दीं। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 28 नवंबर 2025 से 27 दिसंबर 2025 तक अनवरत रूप से चलाया गया। यह जानकारी संस्थान के प्राचार्य अनुज कुमार श्रीवास्तव ने दी।




# बिसौली: ख्वाजा गरीब नवाज का 814 वां उर्स अकीदत व एहतराम से मनाया

**बिसौली।** शनिवार को नगर में ख्वाजा गरीब नवाज हजरत मोइनुद्दीन चिश्ती र.अ. के कुल शरीफ की रस्म अदा की गई। मस्जिदों व खानकाह में कुरान ख्वानी, नातों मनकबत और तकरीर के बाद ख्वाजा के चाहने वालों ने नियाज नजर की, और कई जगह लंगर भी हुआ। विशेष कार्यक्रम नगर के टंकी रोड स्थित गुलाम मो. के आवास पर आयोजित किया गया। जहां हर साल की तरह इस साल भी खघ्वाजा गरीब नवाज के कुल शरीफ की रस्म नगर पालिका अध्यक्ष अबरार अहमद व कारी बिलाल अख्तर की सरपरस्ती में अदा की गई। इसके बाद कुरान की तिलावत और मिलाद शरीफ की महफिल सजी। कारी बिलाल साहब ने खिताब के बाद मुल्क में अमन और भाईचारे के लिए दुआ की। आखिर में गुलाम मो. ने सभी मेहमानों का शुक्रिया अदा किया। इस दौरान नगर पालिका चेयरमैन अबरार अहमद, कार्यक्रम के आयोजन गुलाम मो., हाफिज जियाउल हसन सैफी, खानकाह के मुतबल्ली मो. सलीम खां, फारुख खान, मशहूद खां हमदम बिसौलवी, काजी शाहनवाज खान, अनबार अहमद सैफी, सभासद बाबू फारूकी, अनीस फारूकी, कादिर, जुनैद, बसीम खां, अंसार फारूकी, कासिम, मोहसिन, राजा, मो. नकी अंसारी, जुगनू, रेहान अली, मो. रजा, फैजान रजा, इमरान खान, दानिश, आजम, अनबर, हाशिम आदि मौजूद रहे।

# आजादी के बाद भी 'कच्ची' है ढोरनपुर की किस्मत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ओरछी।** विकासखंड आसफपुर के गांव ढोरनपुर में विकास के दावों की पोल खुल गई है। गांव का मुख्य मार्ग आजादी के सात दशक बाद भी कच्चा होने से क्षुब्ध ग्रामीणों ने शुक्रवार से अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू कर दी है। ग्रामीणों का साफ कहना है कि पिछली बार अधिकारियों ने सड़क निर्माण का झूठा आश्वासन देकर धरना खत्म कराया था, लेकिन इस बार वे झांसे में नहीं आएंगे। ग्रामीण अब 'रोड निर्माण या आत्महत्या' जैसे आत्मघाती कदम उठाने को मजबूर हैं। ढोरनपुर गांव के ग्रामीणों के लिए बरसात का मौसम किसी अभिशाप से कम नहीं होता। मुख्य मार्ग कच्चा होने के कारण गांव टापू बन जाता है। बच्चों को स्कूल जाने में और बीमारों को अस्पताल ले जाने में भारी मशक्कत करनी पड़ती है। ग्रामीणों ने बताया कि कई बार गर्भवती महिलाओं को चारपाई पर लिटाकर मुख्य सड़क तक ले जाना पड़ता है।

धरने पर बैठे ग्रामीणों ने बताया कि कुछ साल पहले भी पूरे गांव ने एकजुट होकर आंदोलन किया था। उस समय उच्च अधिकारियों ने जल्द सड़क बनवाने का लिखित और मौखिक भरोसा दिया था। महीनों बीत गए, साल गुजर गए, लेकिन सड़क की एक ईंट तक नहीं लगी। ग्रामीणों का आरोप है कि प्रशासन उनके धैर्य की परीक्षा ले रहा है।घ्भूख हड़ताल पर बैठे बुजुर्गों और युवाओं का कहना है।

कि सड़क न होने के कारण गांव के युवाओं के रिश्ते तक नहीं होते और बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही सड़क का निर्माण शुरू नहीं हुआ, तो यह आंदोलन उग्र रूप ले सकता है।

# एक नजर

## बदायूं: कड़ाके की ठंड कोहरे का है सितम: जनजीवन अस्त-व्यस्त, रेंगते नजर आए वाहन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** उत्तर प्रदेश के बदायूं जिले दातागंज में मौसम ने अपने तेवर सख्त कर लिए हैं। पछुआ हवाओं और भारी गलन के साथ पड़ रही कड़ाके की ठंड ने आम जनजीवन को पूरी तरह झकझोर कर रख दिया है। सुबह और शाम के समय घना कोहरा कहर बनकर टूट रहा है, जिससे न केवल यातायात प्रभावित हो रहा है, बल्कि आम आदमी का घर से निकलना भी दूभर हो गया है। घ्ठिठुरन ने बढ़ाई मुश्किलें घ्पिछले कुछ दिनों से तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई है। हाड़ कंपा देने वाली इस ठंड (थरथराती ठंड) की वजह से लोग घरों में कैद होने को मजबूर हैं। बाजार जल्दी बंद हो रहे हैं और सड़कों पर सन्नाटा पसरा नजर आ रहा है। सबसे ज्यादा परेशानी गरीब और बेघर लोगों को हो रही है, जो खुले आसमान के नीचे रात गुजारने को मजबूर हैं। हालांकि दातागंज प्रशासन द्वारा अलाव जलाने के कड़े निर्देश दिए गए हैं, लेकिन स्थानीय लोगों का कहना है कि बढ़ती ठंड के मुकाबले ये इंतजाम नाकाफी साबित हो रहे हैं।घ्कोहरे का 'कहर' : राहगीरों का हाल बेहाल कर रहा है। सुबह घ्घने कोहरे के कारण विजिबिलिटी (दृश्यता) बेहद कम रह गई है। स्थिति यह है कि दिन के उजाले में भी वाहनों को हेडलाइट जलाकर रेंगना पड़ रहा है। हाईवे पर चलने वाले राहगीरों और वाहन चालकों के लिए कोहरा 'काल' जैसा अनुभव करा रहा है।घ्यातायात बाधित हो रहा है : दिल्ली-बदायूँ और बरेली-आगरा शाहजहांपुर लखनऊ मार्ग पर वाहनों की रफ्तार पर ब्रेक लग गया है। ऊपर से रोड पर कड्ढे है,घ्हादसों का डर सता रहा है,कोहरे के कारण मोड़ और गहरी बड़े गड्ढे की वजह से दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ गई है।घ किसानों और कामकाज पर असर घ्कड़ाके की इस ठंड और कोहरे का असर स्थानीय कामकाज और खेती पर भी देखने को मिल रहा है। सुबह के समय काम पर निकलने वाले दिहाड़ी मजदूरों को काम नहीं मिल पा रहा है। वहीं, कोहरा और ओस गिरने से फसलों पर भी इसका मिश्रित असर देखने को मिल रहा है।घ्बदायूँ दाताग.ंज की सड़कों पर सुबह से कोहरा छाया रहता है। ठंड इतनी है कि हाथ-पैर सुन्न हो रहे हैं। राहगीरों के लिए सड़कों पर चलना किसी चुनौती से कम नहीं है। स्थानीय निवासी घ्प्रशासन से अलाव और रैन बसेरों की मांग कर रहे है घ्स्थानीय जनता ने प्रशासन से मांग की है कि प्रमुख चौराहों, बस स्टैंड के अलावा आदि जगहों पर अलाव की संख्या बढ़ाई जाए ताकि राहगीरों और बेसहारा लोगों को इस भीषण ठंड से कुछ राहत मिल सके। साथ ही, रैन बसेरों में भी पुख्ता इंतजाम करने की अपील की गई है।

## ईसाई लोगो ने चर्च में क्रिसमस डे खूब धूमधाम से मनाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** भारत अनेक धर्मों का देश है यहां होली दीपावली दशहरा ईद और क्रिसमस के त्यौहार बड़ी धूमधाम से मनाए जाते हैं यह की कुछ ईसाई लोगों ने काशीराम कॉलोनी बिसौली चर्च में केक काटकर क्रिसमस डे मनाया हैं क्रिसमस के दिन ईसाई धर्म के ईसा मसीह ने जन्म लिया था यहां त्यौहार 25 दिसंबर को मनाया जाता है।

इस दिन लोग गिरिजा घरों को खुशी-खुशी सजाते हैं तथा वहां प्रार्थना सभा आयोजित करते हैं इस दिन घरों और बाजारों को खूब सजाया जाता है क्रिसमस ट्री को सजाकर उसके चारों ओर उपहार रखे जाते हैं बच्चों के लिए टॉफियां और उपहार छुपा कर रख दिए जाते हैं तथा सांता क्लॉस की कहानी सुनाई जाती हैं यह फिर सांता क्लॉस उपहार लाकर बच्चों को देता है इस दिन बाजारों की रौनक दिखाई देती है कितनी भी ठंड हो लेकिन लोग क्रिसमस डे को केक काटकर तथा पेस्ट्री खरीदते दिखाई देते हैं यहां की 25 दिसंबर के दिन जीसस क्राइस्ट यानी यीशु का जन्म हुआ था और उन्हीं के जन्मदिन को क्रिसमस के रूप में सेलिब्रेट किया जाता है ईसाई धर्म के लोग इसे बड़ा दिन भी मानाते हैं कुछ लोग मौजूद रहे (पादरी) फिलिप दास प्रियांशु प्रदीप कुमार तान्या विष्णु कांत चंदन नम्रता दास मार्था दास धिरज दास बिनीता कांत शिकायना अनीता देवी सुनीता यहां मौजूद रहे।

# शिरीष मेहरोत्रा ने किया प्रिंस सक्सेना के चैम्बर का उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** अधिवक्ता प्रिन्स सक्सेना पुत्र स्व. धनवीर सक्सेना एड. के चैम्बर का उद्घाटन मुख्य अतिथि पूर्व अध्यक्ष व वर्तमान सदस्य बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश शिरीष कुमार मेहरोत्रा ने फीता काट कर किया। मेहरोत्रा ने बिसौली बार की समस्याओं के समाधान के लिए हमेशा तत्पर रहने का आश्वासन दिया और कार्यक्रम में आमंत्रित करने के लिए धन्यवाद दिया। इस दौरान कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री मेहरोत्रा का फूल मालाएं पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एड. अनूप शर्मा, पूर्व अध्यक्ष राजेश सक्सेना, सचिन सक्सेना, कमल सक्सेना, राजेश भारद्वाज, सुधाकर सक्सेना, प्रमोद सक्सेना, अमरदीप मिश्रा, सचिन शर्मा, अभीक्ष पाठक, अल्ताफ हुसैन, प्रेम शंकर यादव, दिनेश चंद्र शर्मा, गंगा लहरी उपाध्याय, पीयूष कुमार, अनुपम शर्मा, भविष्य सिंह, अवनीश कुमार, शेखर सक्सेना, आकाश कुमार, सोनू शर्मा, नवल किशोर आदि अधिवक्ता उपस्थित रहे।



# सपोर्टिंग सुपरवीजन टीम ने किया स्वास्थ्य योजनाओं का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिसौली के अंतर्गत संचालित विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं के क्रियान्वयन की गुणवत्ता परखने के लिए लखनऊ से आई सपोर्टिंग सुपरवीजन टीम ने क्षेत्र के कई स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण किया। यह निरीक्षण सपोर्टिंग सुपरवीजन योजना के अंतर्गत किया गया। निरीक्षण टीम में किनदर लाल (एफपी एलएम आईएस), मोहम्मद अहसन (आरकेएसके) शामिल रहे। टीम ने साहनपुर, भानपुर मिठामई कोट, करनपुर (नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र) एवं भवीपुर (नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र) का भ्रमण कर स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति का जायजा लिया।निरीक्षण के दौरान टीम के साथ राजीव सक्सेना (बीसीपीएम), लखन शर्मा (डीईओ) एवं राजवीर सिंह (बीएम) भी उपस्थित रहे। सभी केंद्रों पर एएनएम और आशा कार्यकर्ता मौजूद रहीं और उन्होंने योजनाओं से संबंधित अभिलेख एवं कार्यप्रगति की जानकारी दी। टीम द्वारा मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, आरकेएसके, टीकाकरण, परिवार नियोजन सहित अन्य राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा की गई। निरीक्षण के उपरांत अधिकारियों ने बताया कि सभी स्थानों पर स्वास्थ्य योजनाओं का कार्य संतोषजनक पाया गया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। बताया गया कि सपोर्टिंग सुपरवीजन टीम आगामी दिन भी फील्ड में रहकर निरीक्षण कार्य जारी रखेगी, ताकि स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ किया जा सके।





# तीस दिवसीय सर्टिफिकेशन कोर्स का समापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**आसफपुर।** स्थानीय क्षेत्रीय ग्राम्य विकास प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य अनुज कुमार श्रीवास्तव, प्रशिक्षण कार्यक्रम अधिकारी पंकज कुमार, प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रभारी हरीश उपाध्याय के नेतृत्व में चलाया जा रहा तीस दिवसीय सर्टिफिकेशन कोर्स का प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ इस अवसर पर एन आई आर डी हैदराबाद से पधारे सुमेध पाटिल ने सभी प्रतिभागियों को एक एक सामूहिक छायांकन भेंट करते हुए उन्हें शुभ - कामनाएं दीं और भविष्य में सोशल ऑडिट को और अधिक बेहतर व पारदर्शिता के साथ करने के निर्देश दिए। इस दौरान समस्त प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण संस्थान के प्रबंधन तंत्र की भूरि भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि आने वाले समय में प्रत्येक वर्ष सभी बी आर पी प्रतिभागियों को चार से पांच दिन तक अनिवार्य रूप से प्रशिक्षण दिलाया जाए जिससे सोशल ऑडिट की प्रक्रिया को और अधिक पारदर्शी व सरल बनाया जा सके व नई नई कार्य योजनाओं की जानकारी बेहतर ढंग से मिल सके। कार्यक्रम समापन के अवसर पर सुमेध पाटिल, रामकुमार, प्रशिक्षण कार्यक्रम अधिकारी पंकज कुमार, कार्यक्रम प्रभारी हरीश उपाध्याय व पांच जिलों से आए बी आर पी प्रतिभागी, ईश्वर पाल, इंद्र पाल सिंह, जयकृष्ण श्रीवास्तव, हंसराज सिंह, मनोज कुमार, तरन्नुम, प्रतिभा राघव, गीता सिंह, सत्यवती, रूप रानी, अवरार अहमद, राजकुमार, विपिन कुमार शर्मा, मौहर सिंह, खनन सिंह, भगवान सिंह, सुनील दत्त शर्मा, सुधीर कुमार, नरेंद्र कुमार, योगेंद्र कुमार, सुनीता, मधुरानी, मुकेश कुमार शर्मा, सरनाम सिंह, शैलेन्द्र कुमार, बृजेश कुमार, जय शिव मिश्र, सुघर सिंह आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम समापन के अवसर पर संस्थान के मुखिया अनुज कुमार श्रीवास्तव ने सभी प्रतिभागियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें शुभ - कामनाएं दीं। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 28 नवंबर 2025 से 27 दिसंबर 2025 तक अनवरत रूप से चलाया गया। यह जानकारी संस्थान के प्राचार्य अनुज कुमार श्रीवास्तव ने दी।


# ग्राम पनौडी के अभिषेक यादव का भारतीय वायुसेना में हुआ चयन

**तीस वर्ष** के बाद परिवार का सदस्य सेना में फिर हुआ भर्ती इससे पहले अभिषेक यादव के ताऊजी कृष्ण वीर यादव ने भारतीय थल सेना में भर्ती हुए थे उन्होंने कारगिल की लड़ाई में हिस्सा लिया था।अभिषेक यादव वायु सेना में भर्ती होने वाले गांव के पहले व्यक्ति है।

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।**क्षेत्र के ग्राम पनौडी के स्व. भुवेंद्र सिंह यादव के पुत्र अभिषेक यादव का भारतीय वायुसेना में तकनीकी पद पर चयन हुआ है।अभिषेक यादव ने यह सफलता विपरीत परिस्थितियों में हासिल की है।पिछले समय उनके पिताजी का निधन हो गया था। आज जब अभिषेक यादव ट्रेनिंग सेंटर के लिए रवाना हुए, तो पूरे गांव में खुशी की लहर दौड़ गई। महिलाओं, बुजुर्गों और युवाओं सहित ग्रामीणों ने फूल-मालाऐ पहना कर विदा किया और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर उनकी मां सुनीता देवी खुशी के आंसू नहीं रोक पाई। अभिषेक यादव की यह सफलता ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले अन्य युवाओं के लिए प्रेरणा बन गई है। इस दौरान चौधरी सूरज सिंह,सेवा निवृत्त सूबेदार कृष्णवीर सिंह यादव, प्रेमपाल सिंह यादव,अनिल यादव,संजीव यादव,महेश पाल सिंह यादव,ऋषि पाल सिंह यादव फौजी, संजीव यादव,सोनू यादव,अमित यादव, सहित कई अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।


## विज्ञापन के लिए संपर्क करें

कामिल खान ब्यूरो चीफ

दैनिक शाह टाइम्स समाचार पत्र बदायूं ब्रांच ऑफिस फैजगंज बेहटा वार्ड नंबर हेड ऑफिस रजी चौक ब्रह्मपुर बराबर रेक्स दवाखाना बदायूं खबरें व विज्ञापन के लिए संपर्क करें।

संपर्क सूत्र - 7500110219, 9411827221

Emil mkkhan741@gmail-com


# सरधना में जमीन का दोहरा बैनामा, धोखाधड़ी और धमकी के मामले में मुकदमा दर्ज

## भूमाफिया बताकर पीड़ित को डराने का आरोप, पुलिस ने शुरू की जांच

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** थाना सरधना क्षेत्र के ग्राम दबथुवा में भूमि खरीद-फरोख्त के नाम पर एक ही जमीन का दो बार बैनामा कर 31 लाख रुपये की धोखाधड़ी, विरोध करने पर गाली-गलौच और जान से मारने की धमकी देने का गंभीर मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर सरधना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी गई है। पीड़ित शेखर पुत्र हरिसिंह, निवासी मोहल्ला गांवडी वाडा, मलियाना, थाना टीपी नगर मेरठ के अनुसार उन्होंने ग्राम दबथुवा, तहसील सरधना स्थित खसरा संख्या 516 (0.2530 हेक्टेयर) और खसरा संख्या 516 (0.1680 हेक्टेयर) कुल 0.4210 हेक्टेयर भूमि को मूल स्वामी ऋषिपाल पुत्र मंगत सहित अन्य सह-विक्रेताओं से खरीदा था। सौदा तय होने के बाद पीड़ित ने विक्रेताओं को 31 लाख रुपये की पूरी रकम अदा की, जिसके बाद 20 सितंबर 2023 को उप-निबंधक कार्यालय सरधना में उसके पक्ष में पंजीकृत विक्रय पत्र निष्पादित कराया गया। पीड़ित का कहना है कि विक्रय पत्र के बाद वह उक्त भूमि पर शांतिपूर्ण ढंग से कब्जा कर कृषि कार्य कर रहा था। इसी बीच उसे जानकारी मिली कि ऋषिपाल ने कथित रूप से छल-कपट और षड्यंत्र के तहत उसी भूमि के एक हिस्से खसरा संख्या 516 का दूसरा बैनामा 30 मई 2025 को निर्मला देवी पत्नी राज. कुमार, निवासी कृष्णानगर, मेरठ कैंट के नाम करा दिया। इस दूसरे बैनामे में ब्रजपाल पुत्र तिलकराम को गवाह बनाया गया, जो पहले से ही पीड़ित के पक्ष में हुए बैनामे का भी गवाह रह चुका था। आरोप है कि जब विक्रेतागण पहले ही भूमि का पूरा मूल्य लेकर अपने सभी अधिक.ार समाप्त कर चुके थे, तब उनके पास पुनः विक्रय करने का कोई अधिकार नहीं था। इसके बावजूद एक ही जमीन का दो-दो बार बैनामा कर पीड़ित के साथ धोखाधड़ी की गई। मामला उस समय और गंभीर हो गया जब 8 अगस्त 2025 की रात करीब 8 बजे पीड़ित अपने परिचित दिनेश कुमार के साथ आरोपियों से बातचीत करने उनके घर पहुंचा। आरोप है कि वहां गाली-गलौच, जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया गया और खुद को भूमाफिया किस्म के लोग बताते हुए पीड़ित को जान से मारने की धमकी दी गई।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का जेडी हेल्थ ने किया औचक निरीक्षण

■ भारी गंदगी पर चिकित्सा अधीक्षक को लगाई फटकार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** संयुक्त निदेशक (हेल्थ) सुरेन्द्र धुर्व ने मंगलवार को नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दंत विभाग कक्ष में मिली भारी अव्यवस्थाएं और गंदगी पाए जाने पर उन्होंने गहरी नाराजगी जताई।

जेडी हेल्थ को दंत कक्ष में रखे उपकरणों का रखरखाव संतोषजनक नहीं मिला। वहीं मरीजों की जांच में उपयोग होने वाली चादर भी गंदी पाई गई। इसके अलावा सीएचसी के अन्य कक्षों और परिसर में भी साफ-सफाई की स्थिति खराब मिली। शौचालयों की स्थिति देख चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर अमित गंगवार की कड़ी फटकार लगाई। निरीक्षण के दौरान जेडी हेल्थ सुरेंद्र ध्रुव ने केन्द्र के स्टाफ सहित संबंधित कर्मचारियों को कड़ी फटकार लगाते हुए तत्काल प्रभाव से साफ-सफाई दुरुस्त कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य केंद्रों में साफ सफाई सर्वोपरि है और इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने आगे ऐसी स्थिति मिलने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी भी दी। इस अवसर पर एसीएमओ डॉ. राकेश, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अमित कुमार गंगवार सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। औचक निरीक्षण करने के कुछ देर बाद ही वह पीलीभीत को रवाना हो गए।

# सरस्वती शिशु मन्दिर का छात्र बना भारत का थलसेना अध्यक्ष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सेंथल।** विद्या भारती द्वारा संचालित सरस्वती शिशु मंदिरों के छात्र आज देश के सर्वोच्च पदों पर पहुंचकर राष्ट्र निर्माण में सहभागिता निभा रहें.व विद्या भारती व शिशु मंदिरों के संस्कारो को प्रदर्शित कर रहें है। अपने विद्यालय सरस्वती शिशु मन्दिर सतना पहुंचने पर

उन्होंने अपने बचपन के अनुभवो को साझा किया व बच्चों का मार्गदर्शन करते हुए उन्होंने कहा कि सरस्वती शिशु मन्दिर में लौटना जहाँ कभी मैं पढ़ता था,अध्ययन करता था। मेरे लिए विनम्र आनन्द का अवसर है।यहाँ सीखे गये, मूल्य, अनुशासन, सम्मान जिज्ञासा और राष्ट्र प्रथम मेरे जीवन के मार्गदर्शक बने। मन और हृदय को गढ़ने के लिए समस्त आचार्य व विद्यालय परिवार का आभार जताया। बच्चों से कहा प्रिय विद्यार्थियों कड़ी मेहनत करो,अपने बड़े सपने देखों,अपने संस्कारो में अडिग रहो और गर्व से भारत की सेवा करो। सरस्वती शिशु मन्दिर आत्मनिर्भर भारत के लिए आत्मविश्वासी और करुणामय,नेतृत्व गढ़ता रहे।

उन्होंने साथ में लाए कक्षा-04 का रिपोर्ट कार्ड भी बच्चों को दिखाया। वह बालक स्वयं प्रमाण देता है कि मैं आपके विद्यालय का इन्हीं संस्कारों में रमा छात्र उपेंद्र द्विवेदी हूं। उनकी इस उपलब्धि पर विद्या भारती के पदाधिकारियों व विद्यालयों में गर्व की अनुभूति महसूस



की गयीं। जनरल उपेन्द्र द्विवेदी, पीवीएसएम, एवीएसएम (जन्म 1 जुलाई 1964) भारतीय सेना के एक सेवारत चार सितारा जनरल अधिकारी हैं। वह वर्तमान और 30वें सेना प्रमुख हैं। जनरल मनोज पांडे के बाद 30वें सीओएएस के रूप में पदभार संभाला।वह पहले 46वें उप सेना प्रमुख के रूप में कार्यरत थे। इससे पहले वह जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ उत्तरी कमान की नियुक्ति पर थे, इससे पहले उन्होंने सेना स्टाफ (सूचना प्रणाली और समन्वय) के उप प्रमुख के रूप में कार्य किया था और जनरल ऑफिसर कमांडिंग IX कोर के रूप में कार्य किया था।

## एक नजर

# युवक पर जानलेवा हमले का दूसरा आरोपी दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** थाना क्षेत्र के गांव लालूनगला में शादी के प्रोग्राम मे मामूली कहा सुनी के बाद 6 दिसम्बर को गांव के ही चार लोगों ने एक युवक को रास्ते मे घेरकर चाकू से जानलेवा हमला कर घायल कर दिया था। इस मामले में घायल के चाचा की तहरीर पर पुलिस ने गांव के चार लोगों के खिलाफ मुकद्दमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी थी। जिसमे पुलिस एक मुख्य आरोपी को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है, जबकि इसी मामले मे पुलिस ने शनिवार को दूसरे आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।



थाना प्रभारी हरेन्द्र सिंह ने बताया कि गांव लालूनगला निवासी अहमद अली पर 6 दिसम्बर की शाम को रंजिशन गांव के ही माजिद, मोहम्मद जाबिर,जाकिर व नावेद ने रास्ते मे घेरकर गले पर चाकू से जानलेवा हमला कर घायल कर दिया था। मामले मे घायल के चाचा वाकर अली की तहरीर पर पुलिस ने माजिद, मोहम्मद जाबिर, जाकिर नावेद सहित चार लोगों के खिलाफ मुकद्दमा दर्ज कराया था। जिसमे पुलिस मुख्य आरोपित माजिद को पहले ही जेल भेज चुकी है। शनिवार को पुलिस ने दूसरे आरो. पित मोहम्मद जाविर को भी जेल भेज दिया। बाकी दो फरार अभियुक्तों को पुलिस तलाश कर रही है।

# शारीरिक संबंध बनाकर शादी न करने वाले युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** शादी का झांसा देकर युवती के साथ शारीरिक संबंध बनाने और फिर शादी करने से मना करने वाले आरोपी युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जब युवती गर्भवती हुई तो युवक ने जबरन उसका गर्भपात भी करा दिया। इस मामले में पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के उपरांत उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

जानकारी के मुताबिक एक युवती ने तहरीर दी थी कि मोहम्मद तारिक पुत्र मोहम्मद युसूफ निवासी ग्राम राईनवादा थाना बहेड़ी जिला बरेली उम्र करीब 25 वर्ष ने उसे प्रेम जाल मे फंसा लिया। इसके बाद युवक ने शादी का झांसा देकर उसके साथ कई बार शारीरिक संबंध बनाये जिससे वह गर्भवती हो गई। आरोप है कि गर्भवती होने के बाद युवक ने जबरन उसका गर्भपात करा दिया। शादी का दबाव बनाने पर युवक ने गाली गलौज करते हुए उससे शादी करने से इंकार कर दिया। पीड़ित युवती की तहरीर पर पुलिस ने धारा 69/89/352/351 (3) बीएनएस के तहत आरोपी मोहम्मद तारिक पुत्र मोहम्मद युसूफ निवासी ग्राम राईनवादा के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के उपरांत शनिवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम ने दिया समाज परिवर्तन का सन्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सेंथल।** सरस्वती शिक्षा विद्या मंदिर लावाखेड़ा में सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मातृशक्ति में आत्मगौरव बढ़ाने के साथ-साथ उनमें दायित्व बोध जागृत करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि स्वाति कुमार गंगवार (जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा भाजपा), कार्यक्रम अध्यक्ष शिवांगी गंगवार (शासकीय अधिवक्ता), मुख्य अतिथि खुशबू गंगवार और विशिष्ट अतिथि छाया सागर ने माँ शारदे के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया।

मुख्य अतिथि खुशबू गंगवार ने अपने संबोधन में कुटुंब प्रबोधन और पर्यावरण संरक्षण में नारी की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया। उन्होंने बताया कि कैसे



महिलाएं इन क्षेत्रों में सकारात्मक बदलाव ला सकती हैं। मुख्य वक्ता स्वाति कुमार गंगवार ने भारत के विकास में महिलाओं के योगदान पर प्रकाश डाला।

उन्होंने उपस्थित महिलाओं का ध्यान उनके नागरिक कर्तव्यों की ओर भी आकर्षित किया, जिससे वे समाज और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदार बन सकें। कार्यक्रम अध्यक्ष शिवांगी गंगवार ने बाल वीरांगनाओं के प्रेरणादायी प्रसंग सुनाकर मातृशक्ति को जागृत किया। उन्होंने महिलाओं को अपनी आंतरिक शक्ति को पहचानने और उसका सदुपयोग करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में एकल परिवार की समस्याओं और कुटुंब प्रबोधन के महत्व पर भी विस्तृत चर्चा हुई। इस अवसर पर विशिष्ट माताओं को सम्मानित किया गया, जिन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान दिया है। इसके अतिरिक्त, रानी लक्ष्मीबाई और मोबाइल के दुष्परिणामों पर आधारित प्रेरणादायी मंचन भी प्रस्तुत किए गए। पत्रकार हुजैफ पठान को भी सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का समापन नारीशक्ति द्वारा अपनी शक्ति का जागरण करने के संकल्प के साथ शान्तिमंत्र के पाठ से हुआ। इस आयोजन में प्राची गंगवार, रोशनी, सविता सिंह सहित 250 से अधिक माताएं और बहनें उपस्थित रहीं।

पूर्व संभाग निरीक्षक हरीश कुमार गंगवार, डॉ. भूपराम गंगवार, पुष्पेंद्र गंगवार, प्रधान हरीश गंगवार, प्रधानाचार्य लाल सिंह गंगवार, लाल बहादुर गंगवार, सूर्यप्रकाश, परमानन्द और आशीष देवल सहित कई अन्य गणमान्य व्यक्ति भी कार्यक्रम में मौजूद रहे।

# सुल्तान ए हिंद गरीब नवाज के कुल की रस्म अदा की गई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** शनिवार को देश भर मे सुल्तान ए हिंद ख्वाजा गरीब नवाज के कुल की रस्म अदा की गई। कस्बे की सभी मस्जिदों व तमाम जगह गरीब नवाज के कुल की रस्म अदा की गई व जगह-जगह लंगर का आयोजन किया गया।



जामा मस्जिद, गौसिया मस्जिद, सहित सभी मस्जिदों में अकीदत के साथ कुल की रस्म अदा की गई। सुबह दस बजे गौसिया मस्जिद मे महफिल का आगाज तिलावत ए कुरान से किया गया। इसके बाद पुराना कपड़ा बाजार रजा चौक में कार्यक्रम हुआ। इस दौरान देश में अमन चैन के लिए दुआ की गई। इस मौके पर सभी मस्जिदों के इमामों के अलावा एडवोकेट इमरान अंसारी, मोहम्मद साजिद, इरफान चिश्ती, अर्शलान अंसारी, मोहसिन, असद अंसारी, इलियास सकलैनी, आइजा अंसारी, आकिब सकलैनी, मोहम्मद शानू, समीर बाबा, अनस अंसारी, अमान अंसारी आदि तमाम लोग मौजूद रहे।

**जगह-जगह हुआ लंगर अमन चैन की हुई दुआ**

# एवीएम इण्टर कॉलेज में हुई खेल प्रतियोगियाएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** क्षेत्र के एवीएम इण्टर कॉलेज में शनिवार को खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। विद्यालय में हुई इन प्रतियोगिताओं का उद्घाटन दमखोदा ब्लॉक की प्रमुख स्नेहलता गंगवार ने किया।



विद्यालय में आयोजित इस प्रतियोगिता में बालक वालीबॉल के सीनियर वर्ग में अटेन इंटर कॉलेज ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि जूनियर वर्ग में एस एस टी इण्टर कालेज ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सब जूनियर बालक वर्ग में एवीएम इण्टर कालेज ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। आयोजन में कबड्डी सहित कई प्रतियोगिताएं ही जिनमें बड़ी संख्या में छात्र छात्राओं ने भाग लिया। विजई खिलाड़ियों को मुख्य अतिथि ब्लॉक दमखोदा की प्रमुख स्नेहलता गंग. वार ने पुरस्कृत किया। इस दौरान एस एस टी ग्रुप के प्रबंधक टी आर गंगवार, संरक्षक राममोहन गंगवार, पूर्व ब्लॉक प्रमुख विनोद दिवाकर,प्रधानाचार्य छविराम, भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष राजीव गंगवार आदि शामिल रहे।

# अकीदत के साथ मनाया गया ख्वाजा साहब का उर्स, लगे लंगर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** हिंदुस्तान के शहंशाह हजरत ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती रहमतुल्लाह अलैह, जिन्हें ख्वाजा गरीब नवाज के नाम से जाना जाता है का शनिवार को उर्स मुबारक अकीदत के साथ मनाया गया। नगर की मोती मस्जिद में उर्स के मौके पर फातेहा ख्वानी की गई। मस्जिद के पेशे इमाम मौलाना आविद हुसैन ने फातेहा कराई और देश और प्रदेश में अमन चौन और खुशहाली की दुआ की।

इसके साथ ही नगर के शहबाज कुरैशी के आवास पर भी ख्वाजा गरीब नवाज के उर्स की फातेहा का आयोजन किया गया, मोती मस्जिद के पेशे इमाम मौलाना आविद हुसैन ने देश और प्रदेश में खुशहाली के साथ ही अमन चौन की दुआ की। फातेहा में कस्बे के हाफिज मो कमर, पूर्व सभासद जाबिर कुरैशी, हाफिज अफजाल मिस्बाही, एजाज



कुरैशी, हाजी डॉक्टर फारूख अंसारी,इरशाद कुरैशी, भारत टेलर, वाहिद राईन सहित बड़ी तादात में लोगों ने शिरकत की। श्री कुरैशी द्वारा आयोजित किए गए उर्स की फातेहा के बाद लंगर का आयोजन किया गया जिसमें वस्ती के साथ ही नगर के सैकड़ों लोगों ने शिरकत की।

उर्स के आयोजक शहवाज कुरैशी ने फातेहा ख्वानी और लंगर में शिरकत करने वालों का आभार जताया।


इसके साथ ही सपा नेता प्रो राशिद अंसारी, मदरसा टीचर एशोसिएशन के अध्यक्ष कासिम अंसारी, एड मुराद अहमद अंसारी, पूर्व सभासद तसव्वर हुसैन अंसारी, मो हसन अंसारी,अंसार अहमद पिंडारी आदि ने ख्वाजा साहब को खिराजेआकीदत पेश की साथ ही लोगों को मुबारकबाद दी।

# चराग मियां की मजार पर चादर पोशी को जाता हुआ कारवां

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सेंथल।** कस्बे की सुन्नी जामा मस्जिद से नमाज अदा करने के बाद पूरा काफिला यहां चराग मियां के मजार पर चल रहे मेला उर्स में चादर पोशी के लिए उमड़ पड़ा। मस्जिद के इमाम मौलाना खुर्शीद आलम मिस्बाही की कयादत में पहुंचे इस काफिले ने पहले मजार पर चादर पोशी और

फातहा ख्वानी की रस्म अदा की, और बाद में मजार परिसर में एक जलसा आयोजित किया गया। जिसमें अनेक आलिम ओ हाफिज ने अपनी तकरीर का नजराना पेश किया। मौलाना मिस्बाही ने अपनी तकरीर से हजरत चिराग अली शाह मियां की जिंदगी और करामात पर रौशनी डाली, साथ ही लोगों से मियां जी के नक्शे कदम पर चलने की आमजन से अपील की। हाफिज इरशाद अजहरी वाहिदी निजामत के फराइज को अंजाम देते हुए मियां जी से अपनी अकीदत का इजहार किया। एडवोकेट रियाज अहमद ने वलियों की शान बयान करते हुए कहा कि वलियों के आस्ताने से जो मांगों वो मिलता है।



# उर्स ए ख्वाजा गरीब नवाज के मौके पर अकीदतमंदों ने कॉफी की सवील सजाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सेंथल।** नगर में ख्वाजा गरीब नवाज रहमतुल्लाह अलैह के मुबारक उर्स के मौके पर क्षेत्र में अकीदत और खिदमत का शानदार नजारा देखने को मिला। इस अवसर पर जामा मस्जिद में जलसे का आयोजन हुआ,तथा अजीजी तिराहे पर अधिवक्ता मुमताज के दरवाजे के समीप कॉफी की सवील लगाई गई, जहां बड़ी संख्या में अकीदतमंदों व राहगीरों को पेश की गई।



सवील का आयोजन ख्वाजा गरीब नवाज के पैगाम "मोहब्बत सबके लिए, नफरत किसी से नहीं" को आम करने के उद्देश्य से किया गया। आयोजन में दूर-दराज से आए जायरीनों सहित स्थानीय लोगों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर आयोजक अधिवक्ता मुमताज अहमद, अयान इदरीसी, अनमोल इदरीसी, मोहम्मद कैफ,अनस अंसारी,वारिस अंसारी, तौसीफ इदरीसी, साबिर अंसारी, इमरान, साहिल एवं दानिश सहित अन्य लोग मौजूद रहे और व्यवस्थाओं को संभाला। आयोजकों ने बताया कि उर्स के मौके पर इस तरह की सवील लगाकर इंसानियत, भाईचारे और सेवा की भावना को बढ़ावा देना ही मुख्य उद्देश्य है। कार्यक्रम के दौरान अमन-ओ-अमान और सौहार्द का माहौल बना रहा। अंत में अकीदतमंदों ने देश में शांति, भाईचारे और खुशहाली के लिए दुआ की।

# सेमीखेड़ा चीनी मिल में मजदूर की संदिग्ध मौत, सस्पेंस बरकरार

**फॉलोअप**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** कोतवाली देवरनियां क्षेत्र के कस्बा सेमीखेड़ा स्थित जिले की एकमात्र किसान सहकारी चीनी मिल में गुरुवार रात एक मजदूर की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत का मामला अब तक पूरी तरह सुलझ नहीं सका है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद भी कई सवाल बने हुए हैं।

सेमीखेड़ा निवासी रामनाथ के 30 वर्षीय पुत्र अरुण कुमार किसान सहक. ारी चीनी मिल सेमीखेड़ा में मजदूरी करता था। बताया गया है कि वह बीते लगभग पांच दिनों से एक ठेकेदार के अधीन कार्यरत था। गुरुवार रात करीब 11 बजे काम के दौरान अचानक



**पोस्टमार्टम में नाले में डूबने से मौत की पुष्टि, परिजनों ने नहीं दी तहरीर**

उसकी मौत हो गई।

घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली प्रभारी आशुतोष द्विवेदी तत्काल मौके पर पहुंचे और पूरी गंभीरता के साथ घटनास्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने स्थिति को नियंत्रित करते हुए आवश्यक जांच-पड़ताल कराई और शव को कब्जे में लेकर नियमानुसार पोस्टमार्टम के लिए भेजा, जिससे मामले की निष्पक्ष जांच सुनिश्चित हो सकी। मृतक के परिजनों का कहना है कि अरुण मिल में काम कर रहा था, इसी दौरान संदिग्ध परिस्थितियों में उसकी मौत हो गई। परिजनों ने प्रारंभ में मौत के लिए मिल प्रबंधन को जिम्मेदार ठहराया था, हालांकि शनिवार देर शाम तक इस संबंध में कोतवाली देवरनियां में कोई लिखित तहरीर नहीं दी गई है।

वहीं मिल प्रबंधन की ओर से आरोपों को नकारा गया है। चीनी मिल के महाप्रबंधक के अनुसार अरुण मिर्गी का मरीज था और संभवत: मिर्गी का दौरा आने के दौरान नाले में गिर गया, जिससे उसकी मौत हो गई। उन्होंने यह भी बताया कि मृतक मिल का स्थायी कर्मचारी नहीं था, बल्कि ठेकेदार के माध्यम से कार्यरत था तथा उसके शरीर पर किसी प्रकार की चोट के निशान नहीं पाए गए। फिलहाल पुलिस की तत्परता के बावजूद, परिजनों की ओर से तहरीर न मिलने के कारण मामले को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं हो सकी है और मजदूर की मौत को लेकर सस्पेंस बना हुआ है।

> पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृतक की मौत पानी में डूबने से होना सामने आया है। पुलिस हर पहलू पर सतर्कता से नजर बनाए हुए है और परिजनों की ओर से तहरीर मिलने पर नियमानुसार अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।
>
> **आशुतोष द्विवेदी**
> **कोतवाली प्रभारी देवरनियां**

# तालाब किनारे पड़ा मिला युवक का शव

करणी सेना के नगर अध्यक्ष पर जानलेवा हमला, पुलिस ने किया शान्ति भंग में चालान

शाह टाइम्स संवाददाता

नवाबगंज। चाचा भतीजे में हो रहे विवाद पर समझाने गए करणी सेना के नगर अध्यक्ष अनिल गुप्ता पर पति पत्नी ने किया जान लेवा हमला, घटना की रिपोर्ट दर्ज कराए जाने के बाद पुलिस ने पति को हिरासत में लेकर किया शान्ति भंग में चालान।

कस्बे की दयालपुरा वस्ती के हरिओम गुप्ता और उनके भतीजे केशव गुप्ता के बीच किसी बात को लेकर नोंक झोंक हो रही थी, कि आवाज सुनकर करणी सेना के नगर अध्यक्ष अनिल गुप्ता वहां पहुंच गए। बताया जाता है कि उन्होंने चाचा भतीजे के बीच हो रहे विवाद पर समझाने का प्रयास किया। आरा. ेप है कि इससे नाराज होकर भतीजे केशव गुप्ता और उसकी पत्नी ने करणी सेना के नगर अध्यक्ष पर जान लेवा हमला कर दिया। बताया जाता है कि इस मारपीट के दौरान स्थल पर डायल 112 पुलिस भी मौजूद थी। आरोप है कि केशव गुप्ता ने उन्हें पुलिस कार्यवाही पर जान से मारने की भी धमकी दी। इस मामले में करणी सेना के नगर अध्यक्ष अनिल गुप्ता द्वारा दर्ज कराई गई रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी केशव गुप्ता को हिरासत में लेकर शान्ति भंग में चालान कर दिया, देर शाम उन्हें एसडीएम कोर्ट से मुचलके पर रिहा कर दिया गया।

# डीएम की अध्यक्षता में विकास विभाग की सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा बैठक हुई सम्पन्न

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में शनिवार को विकास विभाग की सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई।



बैठक में निर्देश दिये गए कि सीएम डैशबोर्ड विकास विभाग से संबंधित पैरामीटर की सप्ताह में एक बार बैठक अवश्य की जाए तथा लगातार इसकी मॉनीटरिंग भी करते रहें। समाज कल्याण अधिकारी को निर्देश दिए गए कि पूर्व दशम छात्रवृत्ति योजना तथा दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना में जो भी पेंडेंसी है उसे समय अंतर्गत प्रतिशत पूर्ण करें। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि जननी सुरक्षा योजना के अंतर्गत लाभार्थियों को भुगतान मिलने में समस्या आ रही है जिसपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी को इसमें सुधार करने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी देवयानी, मुख्यचिकित्सा अधिकारी डॉ. विश्राम सिंह, जिला विकास अधिकारी दिनेश कुमार, जिला पंचायती राज अधिकारी कमल किशोर, उपायुक्त उद्योग विकास यादव, डीसी मनरेगा हबीब अंसारी सहित अन्य अधिकारी गण उपस्थित रहे।

# मजबूत राजस्व से ही सशक्त पंचायत का निर्माण संभव: अमित तोमर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** उपनिदेशक पंचायत के दिशा-निर्देशन में विकासखंड दमखोदा के सभागार में दो दिवसीय अनावासीय आय सृजन एवं स्वयं के स्रोत से राजस्व (ओएसआर) विषयक प्रशिक्षण सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। प्रशिक्षण का उद्देश्य ग्राम पंचायतों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाते हुए स्थानीय विकास को गति प्रदान करना रहा। प्रशिक्षण में विकासखंड के समस्त पंचायत सहायक एवं ग्राम पंचायत सचिवों ने सक्रिय सहभागिता की।

प्रशिक्षण के द्वितीय दिवस का शुभारंभ राज्य प्रशिक्षक अमित कुमार सिंह तोमर एवं अन्य प्रशिक्षकों द्वारा प्रार्थना के साथ किया गया। राज्य प्रशिक्षक ने प्रतिभागियों से प्रथम दिवस के बिंद. ुओं का पुनरावलोकन कराते हुए विषय की गहराई से जानकारी दी। उन्होंने कॉमन सर्विस सेंटर के माध्यम से पीपीटी प्रस्तुति और संवाद के जरिये सेवा शुल्क से आय बढ़ाने, स्थानीय स्तर पर सुविधाएं विकसित कर अधिक से अधिक लाभार्थियों को जोड़ने तथा पंचायत की आय में निरंतर वृद्धि करने पर जोर दिया। प्रशिक्षण के दौरान ओएसआर से संबंधित रजिस्टर संधारण एवं ऑनलाइन रिकॉर्ड के माध्यम से पारदर्शिता बनाए रखने की आवश्यकता पर विस्तार से चर्चा की गई। आधार सेवाओं, बैंकिंग कॉरस्पॉडेंट, मॉडल प्रोडक्ट, पंचायत सहायक एवं बैंकिंग उत्पादों के माध्यम से अतिरिक्त आय के अवसरों की जानकारी दी गई। साथ ही ओएसआर और ग्राम पंचायत विकास योजना के अंतर्गत आय अर्जन को लेकर विचार-विमर्श किया गया। प्रशिक्षकों द्वारा ओएसआर पोर्टल, टीएमपी पोर्टल की विस्तृत जानक. ारी दी गई, जिसमें प्रतिभागियों ने स्वयं ऑनलाइन पंजीकरण, फीडबैक, प्रश्नोत्तरी पूर्ण कर ऑनलाइन प्रमाण पत्र भी प्राप्त किया। इससे डिजिटल प्रक्रियाओं को अपनाने और कार्य प्रणाली में पारदर्शिता बढ़ाने पर बल दिया गया।

समापन सत्र में राज्य प्रशिक्षक अमित कुमार सिंह तोमर ने कहा कि राजस्व के स्रोतों से राजस्व उत्पादन की समझ विकसित कर ही मजबूत पंचायतों का निर्माण संभव है।

## नीलामी सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि थाना परिसार बहेड़ी जनपद बरेली में 207 एमबी एक्ट के वाहनों की नीलामी दिनांक 29.12.2025 को होगी। नायब तहसीलदार दिवाकर सिंह को नीलाम अधिकारी नियुक्त किया गया है।

**(इशिता किशोर)**
**ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/उप जिलाधिकारी बहेड़ी, बरेली**

## शाह टाइम्स आपके साथ....

### हमें बताएं अपने इलाके की समस्या

प्रिय पाठक, शहर में यदि आपके घर के आसपास या इलाके में सड़क टूटी होने, कूड़ा न उठने जैसी कोई ऐसी समस्या है जो तमाम लोगों को परेशान कर रही है तो फोटो के साथ हमें लिख भेजें। हम आपकी समस्या को प्रमुखता से अपने अगले अंक में प्रकाशित करेंगे।

शाह टाइम्स के व्हाट्सएप नंबर 9720775874 पर अपनी समस्या आप हमें भेज सकते हैं।

# मृतका के परिजनों ने किया खेकड़ा कोतवाली पर हंगामा

## विवाहिता की संदिग्ध मौत के मामले में पुलिस ने उसके पति को किया गिरफ्तार, ससुराल वालों पर भी कार्रवाई की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** गोठरा गांव में विवाहिता की संदिग्ध मौत के मामले में पुलिस ने उसके पति सचिन को गिरफ्तार कर लिया है। मृतक महिला इशू के परिजनों ने अन्य ससुराल वालों पर भी कार्रवाई की मांग की है।

यह घटना 24 दिसंबर को हुई थी, जब महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। परिजनों ने पति, ससुर, जेठ और ननद पर दहेज उत्पीड़न और हत्या का आरोप लगाया था। पीड़ित परिवार का आरोप है कि उनकी बेटी पर दहेज में स्कॉर्पियो गाड़ी और 10 लाख रुपये लाने का दबाव बनाया जा रहा था। इसी दबाव के चलते उनकी बेटी की हत्या कर दी गई। पुलिस ने पीड़ित परिवार की तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर मृतक महिला के पति सचिन को गिरफ्तार कर लिया है। शनिवार को परिजन खेकड़ा कोतवाली पहुंचे और फरार चल रहे अन्य ससुराल वालों पर भी तत्काल कार्रवाई की मांग को लेकर हंगामा किया।




खेकड़ा कोतवाली प्रभारी प्रभाकर केन्तुरा ने परिजनों को शांत कराया और आश्वासन दिया कि नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि हत्या में शामिल सभी आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की जांच पड़ताल जारी है।






# सुनील आर्य ने कराया गांव में नाला निर्माण का कार्य शुरू



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील क्षेत्र के ओसिक्का गांव में जिला पंचायत सदस्य बागपत सुनील कुमार आर्य खेड़ा हटाना ने गांव में नाला निर्माण का कार्य चालू कराया। कार्य प्रगति पर चल रहा है।

इसके लिए गांव के लोगों ने वरिष्ठ समाजसेवी मास्टर प्रहलाद सिंह आर्य जिला पंचायत सदस्य सुनील कुमार आर्य का आभार प्रकट किया है। आज वार्ड नंबर 12 से जिला पंचायत सदस्य सुनील कुमार आर्य नाला निर्माण में चल रहे कार्य को देखने के लिए मौके का निरीक्षण करने के लिए पहुंचे वहां पर सभी मजदूर कार्य को प्रगति पर करते हुए देखे गए गांव के लोगों ने ओसिक्का गांव में जिला पंचायत सदस्य सुनील कुमार आर्य का धन्यवाद करते हुए उनका स्वागत किया है और उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने का भी उत्साह पूर्वक आहवान किया है। इस मौके पर आगे भी उनके साथ कार्य करने के लिए गांव के विकास के लिए ग्रामीणों के साथ सदेव तत्पर रहने का वादा किया गया है। इस मौके पर सैकड़ो की तादाद में ग्रामीण जिला पंचायत सदस्य बागपत सुनील कुमार आर्य के साथ मौके पर मौजूद रहे।

# तालाब की सफाई को लेकर तहसील में सोमवार को देंगे धरना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील क्षेत्र के बड़का गांव में तालाब की साफ-सफाई कराने की मांग को लेकर सोमवार से तहसील परिसर में धरने पर बैठे आनंद कश्यप बड़का गांव के तालाब की साफ सफाई नहीं होने से काफी संख्या में लोग सोमवार को तहसील परिसर में आनंद कश्यप के साथ धरने पर आएंगे और जब तक तालाब की साफ सफाई की व्यवस्था अधिकारियों द्वारा नहीं चालू होगी तब तक अनिश्चितकालीन धरना चालू रहेगा। इससे पूर्व में तालाब की साफ सफाई कराने की मांग को लेकर आनंद कश्यप समाजसेवी तालाब में कूदकर जल समाधि लेने की घोषणा कर चुके हैं। काफी संख्या में अधिकारी बड़का गांव में आनंद कश्यप को जल समाधि वापस लेने का आश्वासन देकर आये थे मगर अधिकारियों ने आश्वासन के बाद भी साफ सफाई नहीं कराई। इस मुद्दे को लेकर अब दोबारा तहसील परिसर में धरना दिया जाएगा।



# चौराहे पर बैरिकेड से आगे नहीं खडीं होगी बसें

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** दिल्ली बस स्टैंड चौराहे पर बैरिकेड से आगे अब बसें नहीं खड़ी होगी। नगर के दिल्ली सहारनपुर हाईवे स्थित दिल्ली चौराहे पर ऑडी तिरछी खड़ी होने वाली बसों की पुलिस ने बैरिकेड लगाकर लगाकर जगह निर्धारित कर दी है। इसका पेट्रोल पंप के निकट मोहल्ले के लोगों ने कई बार धरने प्रदर्शन करते हुए विरोध प्रकट किया था अभी समस्या को पुलिस प्रशासन में गंभीर समस्या मानते हुए इसकी जगह निर्धारित कर दी है। मोहल्ले के लोगों को कहना था कि गली के सामने बसें खड़ी होने पर गली में आने जाने वाले लोगों को अपनी गाड़ी गली में ले जाने को एवं स्कूल जाने वाले छोटे बच्चों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। इसकी शिकायत कई बार प्रशासनिक व परिवहन निगम के अधिकारियों को की गई थी अभी समस्या का समाधान कर दिया गया है। जाम लगने की वजह से वहां पर कई बार दुर्घटनाएं होने की भी संभावनाएं रहती थी। पुलिस प्रशासन में समस्या का निर्धारण समाधान कर दिया है अब तहसील के आसपास बैरिकेड लगाकर बसें खड़ी होकर सवारी उतरा करेगी।



## एक नजर

### पानी प्लांट फैक्ट्री में तैनात गार्ड ने दी मारने की धमकी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छपरौली।** हरियाणा के सोनीपत निवासी पराग कौशिक ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि उनकी छपरौली के पास बड़ौत-छपरौली मार्ग पर स्थित पानी प्लांट फैक्ट्री में तैनात गार्ड ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित के अनुसार, बड़ौत निवासी शकील बीते कई महीनों से शस्त्रा लाइसेंस के साथ फैक्ट्री में गार्ड के पद पर कार्यरत था। पराग कौशिक ने बताया कि 26 दिसंबर को शकील प्लांट परिसर में फोन पर सलीम नामक व्यक्ति से कथित तौर पर चोरी से जुड़ी बातचीत कर रहा था। यह बातचीत फैक्ट्री में लगे वॉइस रिकॉर्डिंग सिस्टम में दर्ज हो गई। इसकी जानकारी मिलने पर जब गार्ड से पूछताछ की गई तो वह गाली-गलौज पर उतर आया और विरोध करने पर फैक्ट्री मालिक व उनके बहनोई प्रवीण को जान से मारने की धमकी देने लगा। तहरीर के आधार पर छपरौली पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी आशीष पुंडीर ने बताया कि आरोपी शकील को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसको जेल भेज दिया गया।

### जयंत चौधरी का 47वां जन्मदिन संकल्प दिवस के रूप में मनाया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छपरौली।** कस्बे की गुड़ मंडी में राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं कौशल विकास व उद्यमिता राज्य मंत्री जयंत चौधरी का 47वां जन्मदिन संकल्प दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने केक काटकर उनके दीर्घायु व उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। शनिवार को अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला उपाध्यक्ष सोनू जैन के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। जन्मदिन समारोह के उपरांत आयोजित गोष्ठी में छपरौली विधायक डा.अजय कुमार, किसान ट्रस्ट अध्यक्ष जसवीर सिंह, पूर्व विधायक वीरपाल राठी, जिला अध्यक्ष रामपाल धाम व कुलदीप उज्जवल ने भारत रत्न चौधरी चरण सिंह तथा केंद्रीय मंत्री चौधरी अजित सिंह को नमन किया। वक्ताओं ने कहा कि चौधरी चरण सिंह और चौधरी अजित सिंह ने जीवन भर किसान, मजदूर और समाज के कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए संघर्ष किया। उनके पदचिन्हों पर चलते हुए रालोद प्रमुख जयंत चौधरी आज किसान, मजदूर और युवाओं के हित में निरंतर कार्य कर रहे हैं। उन्होंने क्षेत्र के विकास को प्राथमिकता देते हुए युवाओं के भविष्य को संवारने के लिए खेल सुविधाओं सहित विभिन्न योजनाओं में अपनी निधि का उपयोग किया है। गोष्ठी को महिला विंग की जिला अध्यक्ष प्रज्ञा बालियान, छपरौली नगर पंचायत अध्यक्ष धर्मेंद्र खोखर, रामकुमार, देवेंद्र मुखिया और संयोग रावत ने भी संबोधित किया। वक्ताओं ने पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का आहवान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष सुभाष गुर्जर ने की, जबकि संचालन एडवोकेट सत्येंद्र खोखर ने किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में रालोद कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### किसानों ने की प्रशासन से जल्द सर्वे कराकर उचित मुआवजे की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** हिंडन नदी का जलस्तर बढ़ने से किसानों की फसलों को भारी नुकसान हुआ है। जिले में 300 बीघा से अधिक खेतों में पानी भर गया है, जिससे किसानों को लाखों रुपये का आर्थिक नुकसान होने का अनुमान है। प्रभावित किसानों ने प्रशासन से जल्द सर्वे कराकर उचित मुआवजे की मांग की है। थाना चांदीनगर क्षेत्र के हरसिया और चमरावल गांवों के खेतों में हिंडन नदी का पानी घुस गया है। इन खेतों में दो से तीन फीट तक पानी भरा हुआ है, जिससे गेहूं, आलू और सरसों सहित कई फसलें पूरी तरह खराब होने की कगार पर हैं। किसानों का कहना है कि जलस्तर अभी कम नहीं हो रहा है, जिससे फसलों को बचाने की कोई संभावना नहीं बची है। किसानों ने बताया कि वे इस स्थिति से काफी परेशान हैं और उन्हें आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ेगा। उनका यह भी कहना है कि पिछले कई वर्षों से हिंडन नदी के पानी से फसलें प्रभावित होती रही हैं, लेकिन उन्हें उचित मुआवजा नहीं मिल पाता। उन्होंने अधिकारियों से इस मामले में तत्काल हस्तक्षेप कर उचित मुआवजा दिलाने की अपील की है। अधिकारी भी इस स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए हैं। बताया गया है कि संबंधित अधिकारी जल्द ही प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर निरीक्षण करेंगे और फसलों को हुए नुकसान का आकलन करेंगे। भारतीय किसान यूनियन के एनसीआर महासचिव प्रदीप धामा ने कहा कि किसानों की फसलों को हुए नुकसान का समय पर मुआवजा दिलाया जाना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों से ऐसे बंदोबस्त करने की भी मांग की, जिससे भविष्य में किसानों की फसलों को इस तरह की बाढ़ से बचाया जा सके।

# भीषण सर्दी और घने कोहरे ने किया लोगों का जीवन प्रभावित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** भीषण सर्दी और घने कोहरे ने जनजीवन को प्रभावित किया है, जिससे वाहन चालकों को यात्रा में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। सड़क हादसों को रोकने के लिए बागपत पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। पुलिस अधीक्षक सूरज राय के निर्देश पर, डायल 112 की गाड़ियों और सरकारी वाहनों पर लगे स्पीकरों के माध्यम से लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

टोल टैक्स प्लाजा, मुख्य राजमार्गों, प्रमुख मार्गों और चौराहों सहित विभिन्न स्थानों पर पुलिसकर्मी तैनात हैं। वे वाहन चालकों को कोहरे में यातायात नियमों का पालन करने, सावधानी से यात्रा करने और केवल आवश्यक होने पर ही यात्रा करने की सलाह दे रहे हैं। जिले में रात से सुबह तक घना कोहरा छाया रहता है, जिससे दृश्यता (विजिबिलिटी) घटकर मात्र 10 से 15 मीटर रह जाती है। रात्रि का तापमान 6 डिग्री सेल्सियस तक गिर जाता है, जबकि दिन में यह 19 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचता है। इसके साथ ही, प्रदूषण का स्तर भी गंभीर बना हुआ है, वर्तमान में वायु गुणवत्ता सूचकांक (AQI) 350 दर्ज किया गया है। पुलिस का कहना है कि बागपत में यात्रा सुरक्षित और सुगम बनी रहे, इसके लिए वे पूरी तरह सतर्क हैं। लोगों से अपील की जा रही है कि वे केवल आवश्यक होने पर ही यात्रा करें। इसके अतिरिक्त, बागपत प्रशासन प्रदूषण के स्तर को कम करने के लिए भी लगातार प्रयासरत है।



# घने कोहरे के कारण ट्रैक्टर-ट्रॉली नाले में पलटने से किसान की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** बड़ौत क्षेत्र में शनिवार सुबह करीब 7 घने कोहरे के कारण एक गन्ना किसान की ट्रैक्टर-ट्रॉली नाले में पलट गई। इस हादसे में ट्रैक्टर के नीचे दबकर किसान की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा।

यह घटना मलकपुर चीनी मिल जाते समय हुई। मृतक किसान की पहचान शेरपुर लुहारा गांव निवासी बबलू 35 वर्ष पुत्र संसार सिंह के रूप में हुई है। बबलू अपनी ट्रैक्टर-ट्रॉली में गन्ना भरकर मिल जा रहा था। घना कोहरा होने के कारण बबलू आगे का रास्ता ठीक से देख नहीं पाया, जिससे उसका ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर नाले में जा गिरा। ट्रैक्टर के नीचे दबने के बाद वहां से गुजर रहे अन्य गन्ना किसानों ने शोर मचाया और उसे बाहर निकालने का प्रयास किया। अन्य किसानों ने किसी तरह बबलू को ट्रैक्टर के नीचे से बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना की जानकारी मिलते ही किसान के परिजन और पुलिस मौके पर पहुंचे। बड़ौत इंस्पेक्टर मनोज चहल ने बताया कि पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

# रालोद कार्यकर्ताओं ने किया चौ.जयंत के जन्मदिन पर प्रसाद वितरित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** रालोद कार्यालय पर शनिवार को रालोद के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने कौशल विकास और उद्यमिता मंत्री चौधरी जयंत सिंह का जन्मदिन मनाया। पार्टी के कार्यकर्ताओं ने प्रसाद वितरित कर उनके दीर्घायु होने की कामना की।

शनिवार को रालोद कार्यालय पर पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने कौशल विकास और उद्यमिता मंत्री चौधरी जयंत सिंह के जन्मदिन पर प्रसाद वितरित किया। रालोद के वरिष्ठ नेता ओमबीर ढाका की ओर से कार्यालय पर प्रसाद वितरित किया गया। उन्होंने कहा कि चौधरी जयंत सिंह किसानों और युवाओं के लिए कार्य कर रहे हैं। उन्होंने अपनी निधि से जिले में युवाओं के लिए सिंथेटिक ट्रक तैयार कराया गया है। जहां सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।



इस मौके पर मोनू चौहान, अश्वनी तोमर, ओमबीर मास्टर, योगेंद्र, जगमोहन, विक्रम पांचाल सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# खाप चौधरियों ने पंचायत में लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** खाप चौधरियों ने एक पंचायत आयोजित कर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। इन फैसलों में लड़कों के स्मार्टफोन रखने और हाफ पैंट पहनने पर प्रतिबंध लगाना शामिल है। इसके अतिरिक्त, मैरिज होम में शादियों के आयोजन पर भी आपत्ति जताई गई है।

पंचायत में यह फैसला लिया गया कि लड़के और लड़कियां समान हैं, इसलिए लड़कों के स्मार्टफोन रखने और हाफ पैंट पहनने पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगाया जाएगा। पंचों का तर्क था कि लड़के हाफ पैंट पहनकर घरों और बाहर रहते हैं, जिससे समाज पर बुरा प्रभाव पड़ता है। उन्होंने यह भी कहा कि 18 साल से कम उम्र के लड़कों को फोन देना उचित नहीं है। शादियों को लेकर भी पंचायत में बड़ा निर्णय लिया गया। खाप चौधरियों ने कहा कि शादियां गांवों और घरों में ही होनी चाहिए, क्योंकि मैरिज होम में होने वाली शादियों के टूटने की संभावना अधिक होती है। साथ ही, शादी के निमंत्रण कार्ड को वॉट्सऐप पर स्वीकार करने का भी फैसला लिया गया। पंचायत में मौजूद पंचों ने घोषणा की कि इन फैसलों को समाज हित में पूरे उत्तर प्रदेश में लागू किया जाएगा। इसके लिए अन्य खापों से भी संपर्क कर इसे एक अभियान के रूप में चलाया जाएगा। पंचायत ने राजस्थान में लिए गए ऐसे ही एक अन्य पंचायत के फैसले को भी सही ठहराया।



# पंचायत चुनाव को देखते हुए बैठकों का दौर शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अनिल शर्मा बडौत।** तहसील क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में पंचायत चुनाव को देखते हुए बैठकों का दौर शुरू हो गया है। जिला पंचायत चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार भी गांव-गांव में जाकर जगह-जगह बैठक कर रहे हैं।

एक दूसरे को विकास कराने का आश्वासन भी देने लगे हैं। चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार गांव में जाकर ग्रामीणों की बैठक करके पुराने मुद्दों को उखाड़ कर नए मुद्दों की बात कर रहे हैं। कुछ जगह उम्मीदवारों की तरफ से यह आश्वासन भी दिया जा रहा है कि पुराने जिला पंचायत सदस्यों ने गांव में विकास कार्य नहीं कराए। इस बार हम पर भरोसा करो हम आप लोगों के दुख सुख में 24 घंटे साथ रहकर विकास की गंगा बहा देंगे। ग्रामीण क्षेत्रों में अब पंचायत चुनाव को लेकर दावत का दौड़ भी शुरू हो गया है। वोटरों को लुभाने में जुट गए हैं। उम्मीदवारों ने नए साल 2026 नववर्ष को देखते हुए ग्रामीण क्षेत्र में उम्मीदवारों ने अपने-अपने होर्डिंग भी लगा दिए हैं अब उम्मीदवार गांव के मेन आदमी को लेकर घर-घर दस्तक दे रहा है। ग्रामीण क्षेत्र में पंचायत चुनाव को मध्य नजर रखते हुए पुलिस प्रशासन सतर्क हो गया है। पुलिस प्रशासन ने अपने-अपने क्षेत्र से कुछ बदमाशों को जिला बदर भी किया है।

# रालोद कार्यकर्ताओं ने हर्षोल्लास के साथ मनाया जंयत चौधरी का जन्मदिन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिनौली।** सिरसलगढ़ गांव में शनिवार को हुए कार्यक्रम में रालोद जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने केक काटकर रालोद अध्यक्ष केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी का 47 वां जन्मदिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर जरुरतमंद को ग्रामीणों को कंबल भी वितरित किए गए।

हरिजन चौपाल में हुए कार्यक्रम में मुख्य अतिथि छपरौली विधायक डा.अजय कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी युवाओं के कौशल विकास के नई-नई योजनाओं को क्रियान्वित कर रहे हैं। उनके प्रयासों से युवाओं की शारीरिक दक्षता विकास के लिए खेल मैदान व रनिंग ट्रैक अपनी निधि से बनवा रहे हैं। विशिष्ट अतिथि रालोद प्रांतीय उपाध्यक्ष धीरज उज्जवल ने कहा कि केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी युवाओं के हकों के लिए लगातार कार्य कर रहे हैं। सैनिक प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष कर्नल ब्रह्मपाल सिंह तोमर ने कहा कि केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी ने कृषि के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले लोगों को चौधरी चरण सिंह अवाड्‌र्स से सम्मानित करने का काम किया। मोहनवीर उज्जवल के संचालन में हुए कार्यक्रम में लेखराज प्रधान, राजू तोमर सिरसली, कर्नल विनोद उज्जवल, योगेंद्र वैदिक इंद्रपाल प्रधान, अशोक आर्य आदि ने विचार रखे।



# अवैध खनन पर सख्ती: जनपद में रात्रि कालीन सघन चेकिंग अभियान लगातार जारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी के निर्देशन में जनपद में अवैध उप-खनिज खनन, अवैध परिवहन एवं ओवरलोडिंग की गति. विधियों पर पूर्ण प्रतिबन्ध एवं प्रभावी नियंत्रण स्थापित किए जाने के उद्देश्य से सघन प्रवर्तन अभियान निरन्तर संचालित किया जा रहा है।

दिनांक 26-12-2026 के अभियान के क्रम में जनपद की समस्त तहस. ीलों के प्रमुख चौराहों पर स्थापित कुल 09 चेक-प्वाइण्टों पर रात्रि 08:00 बजे से प्रातः 07:00 बजे तक अधिकारियों एवं कर्मचारियों की तैनात टीमों द्वारा व्यापक चेकिंग अभियान चलाया गया, जिसके अंतर्गत लगभग 1214 वाहनों की सघन जांच की गई।



चेकिंग के दौरान तहसील बिलासपुर क्षेत्र में स्थापित चेक-प्वाइण्ट पर 02 वाहन बिना आईएसटीपी के परिवहन करते हुए पाए गए, जिन्हें तत्काल प्रभाव से कार्यवाही करते हुए संबंधित थानों में निरुद्ध कराया गया। ए।आर।टी।ओ। द्वारा 03 वाहनों में एच.एस.आर. पीनंबर प्लेट न होने के पर चालान की कार्यवाही की गई।

इसके साथ ही जनपद में स्थापित सभी चेक-प्वाइण्टों पर सीसीटीवी कैमरे पूर्णतः क्रियाशील हैं, जिनकी ऑनलाइन मॉनीटरिंग एनआईसी के कंट्रोल रूम से की जा रही है।

जिलाधिकारी ने सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी को यह भी निर्देशित किया की यदि कोई वाहन दो बार अवैध उप-खनिज अथवा ओवरलोडिंग की गतिविधियों में संलिप्त पाया जाता है, तो वाहन का पंजीकरण एवं ड्राइवर का ड्राइविंग लाइसेंस निरस्त करने सहित अन्य दण्डात्मक कार्यवाही तत्काल प्रभाव से सुनिश्चित की जाए।

# पुलिस ने 9 गुम मोबाइल फोन बरामद किए

## तीन लाख रूपए कीमत के फोन सीईआईआर पोर्टल से मिले, मालिकों को सौंपे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी।** शनिवार पुलिस ने एक अभियान के तहत 9 गुम हुए मोबाइल फोन बरामद किए हैं। इन फोनों की अनुमानित कीमत लगभग 3 लाख रूपए बताई जा रही है। ए सभी फोन सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से मिली शिकायतों पर कार्रवाई करते हुए बरामद किए गए। पुलिस अधीक्षक द्वारा चलाए जा रहे मोबाइल बरामदगी अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। अपर पुलिस अधीक्षक, रामपुर के निर्देशन और क्षेत्राधिकारी, शाहबाद के पर्यवेक्षण में साइबर सेल थाना सैफनी पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की।साइबर सेल थाना सैफनी को सीईआईआर पोर्टल पर थाना सैफनी क्षेत्र में गुम हुए मोबाइल फोन के संबंध में शिकायतें प्राप्त हुई थीं। इन्हीं शिकायतों के आधार पर पुलिस टीम ने इन फोनों को खोज निकाला। बरामद किए गए सभी मोबाइल फोन उनके वास्तविक मालिकों को सौंप दिए गए हैं। अपने खोए हुए फोन वापस पाकर मालिकों के चेहरे पर खुशी साफ देखी गई। उन्होंने बताया कि उन्हें विश्वास नहीं था कि उनके फोन वापस मिल पाएंगे। पुलिस ने मोबाइल धारकों को अपने फोन की सुरक्षा जिम्मेदारी से करने की सलाह भी दी।



# बीएलओ पर मतदाता सूची से नाम काटने का आरोप डीएम से की शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददता**

**मसवासी।** क्षेत्र के गांव सीतारामपुर निवासी अमित सैनी ने जिलाधिकारी को पत्र भेज कर शिकायत की है की बी एल ओ ने रंजिशन ग्राम प्रधान पति के इशारे पर उसका नाम मतदाता सूची से गायब कर दिया है। प्रधान प्रत्याशी ग्रामीण ने जिलाधिकारी से जांच कर कार्रवाई की मांग की है। प्रधान प्रत्याशी ग्रामीण अमित कुमार सैनी ने भूबरा मुस्तहकम के मजरा सीतारामपुर मैं तैनात बी एल ओ जितेंद्र कुमार ने मतदाता सूची पुननिरीक्षण के दौरान ग्राम प्रधान पति तेजपाल सिंह उर्फ राजू सैनी और ग्राम प्रधान चंपा देवी के इशारे पर मतदाता सूची से उसका व उसके परिवार का नाम हटा नाम हटा दिया है।

शिकायत है कि वह ग्राम प्रधान पद प्रत्याशी है इसी रंजिश को लेकर ग्राम प्रधान के इशारे पर उसका नाम मतदाता सूची से काट दिया गया है। और उसके परिवार का नाम भी मतदाता सूची से काट दिया है जब इस मामले में बी एल ओ से शिकायत की तो उसने अभद्र व्यवहार किया और गाली गलौज कर झूटे मुकदमे मे फाने की धमकी देने लगे और उसका व उसके परिवार का नाम जोड़ने से साफ इनकार कर दिया। उसने जिलाधिकारी से जांच कर बी एल ओ के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है।

# बिना अनुमति के धार्मिक स्थल का निर्माण करने के मामले में पांच गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददता**

**मसवासी।** चौकी क्षेत्र के गांव मानपुर उत्तरी में बिना अनुमति के धार्मिक स्थल का निर्माण करने के मामले में पुलिस ने पांच लोगों को शांति भंग के आशंका में गिरफ्तार कर एसडीएम न्यायालय में पेश किया है। वक्फ बोर्ड में दर्ज करने के बाद कुछ लोग धार्मिक स्थल का निर्माण करने में जुटे थे। शनिवार को मानपुर उत्तरी के चार पुलिया स्थित तिराहे के निकट कुछ लोग भूमि को राजस्व अभिलेखों में दर्ज करने और वक्फ बोर्ड में दर्ज करने के बाद धार्मिक स्थल बनाने की जुगत में लगे हुए थे। आसपास ईट और रेत बजरी आदि सामग्री पड़ी हुई थी। इस मामले की सूचना पुलिस को मिल गई पुलिस ने सूचना के आधार पर मानपुर उत्तरी निवासी अकील अहमद, मुराद अली, मोहम्मद इलियास, महबूब मोहम्मद हसन, आदि को हिरासत में ले लिया और शांति व्यवस्था भंग होने की आशंका में पांचो ग्रामीणों का चालान कर दिया। जहां एसडीएम न्यायालय में पेश किया गया है। इस मामले से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है।

# राष्ट्रीय लोक दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी का 47वां जन्मदिन रामपुर में धूमधाम से मनाया गया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** राष्ट्रीय लोक दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री चौधरी जयंत सिंह के 47वें जन्मदिन के अवसर पर अंबेडकर पार्क, रामपुर में केक काटकर हर्षोल्लास के साथ जन्मदिन मनाया गया।

इस अवसर पर राष्ट्रीय लोक दल अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव एवं रोहिलखंड प्रभारी मोहम्मद उस्मान बबलू, महिला प्रकोष्ठ की क्षेत्रीय अध्यक्ष एडवोकेट शशी वाला, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष हाफिज फैयाज हसन गुड्डू, मंडल अध्यक्ष तराना बेगम, महिला प्रकोष्ठ की क्षेत्रीय महासचिव मनजीत कौर, जिला उपाध्यक्ष इदरीस अंसारी, ब्लॉक अध्यक्ष मोहम्मद मुस्तकीम, जिला उपाध्यक्ष गुलवेज



पास सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश महासचिव मोहम्मद उस्मान बबलू ने कहा कि जयंत चौधरी देशभर के किसानों, गरीबों और मजदूरों के मसीहा हैं। उन्होंने जयंत चौधरी की दीर्घायु की कामना करते हुए कहा कि वह अपने दादा चौधरी चरण सिंह की तरह देश के प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री बनें। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय लोक दल रामपुर समय-समय पर अपने राष्ट्रीय नेताओं के प्रत्यक कार्यक्रम को प्रमुखता से आयोजित करता रहा है और आगे भी करता रहेगा।

उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय लोक दल देशभर के किसानों की आवाज लगातार उठाता रहा है और आगे भी उठाता रहेगा। केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी देश के प्रत्एक राज्य में भ्रमण कर नारी शक्ति एवं युवाओं को रोजगार देने का कार्य कर रहे हैं। एनडीए सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं को राष्ट्रीय लोक दल का प्रत्एक कार्यकर्ता गरीबों के दरवाजे तक पहुंचाने का कार्य कर रहा है और आगे भी करता रहेगा।

कार्यक्रम के अंत में कार्यकर्ताओं ने जयंत चौधरी के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए एकजुटता का संकल्प लिया।

# फैजान खां ने कड़ाके की ठंड में रात्रि में पहुंचकर चौराहों पर लगे अलाव का किया निरीक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी।** नगर पंचायत चेयरमैन फैजान खां ने बढ़ती कड़ाकेदार ठंड को लेकर नगर बस स्टैंड सहित चौराहों पर गुरुवार की रात्रि में ठंड के रहते अपनी टीम के साथ पहुंचकर जल रहे अलाव का किया निरीक्षण और लोगों के हाल चाल पूछे और उनकी समस्याओं को सुनकर शिकायतों का निस्तारण करने का दिया आश्वासन। ठंड से बचने के लिए बुजुर्गों से कहा कि आप लोग गर्म कपड़े पहने ठंड से बचाव बनाए रखे। लोगों से बिन जरूरत घर से बाहर ने निकलने की अपील की।

# शहजादनगर प्रभारी पर एक लाख लेकर रिपोर्ट न करने में एसपी से शिकायत

**शाह टाइम्स संवादाता**

**चमरौआ।** रामपुर पुलिस अधीक्षक विधा सागर मिश्रा से एक ग्रामीण ने शहजादनगर थाना प्रभारी पर एक लाख रूपए लेकर उसके खिलाफ कार्यवाही न करने का आरोप लगाया है। साथ ही प्रभारी द्वारा मारपीट से पीड़ित के कान का पर्दा फटने का भी हवाला दिया है।

मामला शहजादनगर थाना क्षेत्र के हाइवे स्थित अहमदाबाद गांव में दो दिन पूर्व का है। गांव निवासी अरविंद पुत्र रामकिशोर जोकि बी कॉम का छात्र है। अरविन्द का आरोप है। कि बीते चार दिन पूर्व उसकी बहन घर पर अकेली थी। इस दौरान गांव के ही रहने वाले वेदपाल पुत्र गेंदनलाल अपने साथी विजयपाल पुत्र महिपाल के साथ उसके घर आ धमका और किसी बात को लेकर उसकी बहन से गाली गलौज करने लगा। पीड़ित ने यह भी आरोप लगाया है। कि घर में अकेला पाकर उसके साथ अश्लील



हरकत और मारपीट भी की गई। जब उस बात की भनक पीड़ित अरविंद को लगी तो शहजादनगर पुलिस को सूचना दे दी। लेकिन आरोपीयों ने मामले में कुछ लोगों को बैठकर राजीनामा करा दिया। जबकि पीड़ित से कार्यवाही करने पर मारपीट का आरोप भी लगाया है। पीड़ित के साथ हुई मारपीट के दौरान उसके कान का पर्दा भी फटने का आरोप लगाया है। साथ है।

अरविंद ने थाना प्रभारी हरेंद्र यादव पर आरोप लगाया है। कि तू जानता नहीं है मुझे झूठे मुकदमे में भी फंसाने का हवाला देते हुए एक लाख रूपए मांगने पर कार्यवाही नहीं करने की बात कही है। जिसकी शिकायत पीड़ित ने रामपुर पुलिस अधीक्षक विधा सागर मिश्रा से शिकायती पत्र देकर की है।

### थाना प्रभारी की मारपीट से फटा ग्रामीण के कान का पर्दा

शहजादनगर थाना प्रभारी हरेंद्र यादव पर क्षेत्र के अहमदाबाद गांव निवासी अरविंद ने मामले का समझौते का दबाव बनाने को बताने पर थाना प्रभारी भड़क गए और पीड़ित के साथ मारपीट कर दी तकलीफ होने से चिकित्सक की जांच में पता चला कि प्रभारी के थप्पड़ मारने से बी कॉम के छात्र अरविंद के कान का पर्दा ही फट गया। जिसकी सूचना पीड़ित ने अपनी शिकायत में रामपुर पुलिस अधीक्षक को बताया है।

### आरोपी युवक से पहले भी कर चुके हैं मारपीट और समझौता

शहजादनगर थाना क्षेत्र के अहमदाबाद गांव निवासी अरविंद पुत्र रामकिशोर का कहना है। आरोपी एक साल पहले भी घर में घुसकर मारपीट की बरसात को अंजाम दे चुके हैं। लेकिन उस समय भी कुछ सम्मानित लोगों ने समझा बुझाकर समझौता करा दिया था। जिसके बाद एक बार फिर आरोपी वेदपाल पुत्र गेंदनलाल ने अपने एक साथी गांव के ही विजय पाल को साथ लेकर घर घुसकर उसकी पीड़ित की बहन से अश्लीलता और मारपीट की है। जिसका समझौता ग्राम प्रधान महावीर और थाना प्रभारी हरेंद्र यादव के साथ हल्का इंचार्ज दूधनाथ सिंह ने दबाव बनाकर कराया है।

हम क्या कह सकते है। जो ग्रामीण ने बताया है। वह सही कह रहा है। अगर उसे कोई नाराजगी है। तो उसको बुलवा कर दूर करा देंगे। फिलहाल घर बाहर जो भी पोस्टर लगाए हैं। वह उनकी इच्छा है।

**हरेंद्र कुमार**
**थाना प्रभारी शहजादनगर**

# टाण्डा में पीएम स्वनिधि गलियारे का निर्माण शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**टाण्डा।** स्ट्रीट वेंडर्स को व्यवस्थित करने के लिए नगर में पीएम स्वनिधि गलियारे का निर्माण शुरू हो गया है।मोहल्ला मोतीनगर में स्थित फव्वारे के पास पिछले एक माह से 15 लाख की लागत से 12 खोखों का निर्माण कराया जा रहा है,जो एक सप्ताह में बनकर तैयार हो जाएंगे।

नगर में लोग ठेलों पर सामान रखकर मुख्य मार्ग सहित गली-गलियारों में घूम फिरकर बेचते रहते हैं।जिससे जाम की समस्या भी उत्पन्न हो जाती है और राहगीरों सहित वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। मुख्य मार्ग सहित गली गलियारों में जाम की स्थिति से निजात दिलाने और ठेले वालों को व्यवस्थित करने के मकसद से नगर में पीएम स्वनिधि गलियारे का निर्माण शुरू हो गया है।एक वर्ष पूर्व गलियारे के निर्माण के लिए मंसब अली स्टेडियम के पास जगह चिन्हित की गई थी,निर्माण भी शुरू हो गया था।लेकिन लोगों ने यह कहकर विरोध शुरू कर दिया कि आबादी के बिल्कुल बाहर गलियारे का निर्माण कराया जा रहा है,व्यवसाय की .ष्टि से उचित नहीं है।जिसके बाद पालि. का प्रशासन द्वारा निर्माण रोक दिया गया।अब पिछले माह से मोहल्ला मोतीनगर में फव्वारे के पास पीएम गलियारे का निर्माण शुरू कराया गया है।जहां 15 लाख की लागत से 12 टिन के खोखों का निर्माण कराया जा रहा है।एक सप्ताह में निर्माण कार्य पूर्ण होने की संभावना है।

जल ही जीवन है

**अदालत मान एम.ए.सी.टी. महोदय, रामपुर ( उ.प्र )**

एम.ए.सी.पी. नं.-89/2025

1. मति महक उम्र कीरब 23 साल पत्नी मरहूम शाहरूख खा (मृतक/ मरहूम की बीवी)
2. कुमारी अनाविया उम्न करीब 03 साल पुत्री मरहूम शाहरूख खां (मृतक/ मरहूम की बेटी)
3. मति नाजमा पत्नी मरहूम मसरूर खां (मरहूम की मा) नावालिग पिटीशनर नं.-02 जरिए वाद मित्र एवं मां हकीकी एवं सरक्षिका मति मेहक सभी निवासीगण मकान नं.- 36 गांव व थाना शहजाद नगर पोस्ट ककरव्वा जिला रामपुर उ.प्र. मो.नं.- 9548419337..........पिटीशनर्स

**बनाम**

1. काले खा पुत्र जलील खां निवासी गांव मण्डुआ हसनपुर तह. व थाना टाण्डा जिला रामपुर उ.प्र. (दुर्घटना करने वाले ट्रक नं.जी.जे. 02 वी.वी. 9203 के मालिक का नाम व पता)
2. महा प्रबन्धक /प्रबन्धक दि न्यू इण्डिया एन्शोरेन्स कम्पनी लि. पता पुराने रोडवेज के पीछे थाना-सिविल लाईन्स जिला रामपुर (दुर्घटना करने वाले ट्रक सं.जी.जे. 02 वी.वी.9203 की बीमा कम्पनी पोलिसी नं.- 34040331240100000982)
3. वाहिद अहमद खां उम्र करीब 60 साल पुत्र मुनव्वर खां निवासी गाव लालूनगला ब्लॉक चमरव्वा तह। सदर जिला रामपुर उ.प्र.पिन नं. 244901 (दुर्घटना के वक्त चलाने वाले ट्रक नं. जी.जे.02 वी.वी.9203 के ड्राईवर का नाम व पता)
4. हनीफ पुत्र नसीर निवासी ग्राम धतीरा तह. सदर जिला रामपुर उ.प्र. . (शाहरूख खां जिस मोटर साईकिल नं.-यू.पी.22 बी. 5819 की आर.सी. की फोटो कॉपी तथा मोटर साईकिल की कम्प्यूटराईज डिटेल की फोटो कॉपी)

.......विपक्षीगण

**इश्तेहार**

चूंकि उपरोक्त नामांकित पिटीशनर्स द्वारा एक मोटर दुर्घटना प्रतिकर क्लेम आप विपक्षी नं.-4 के खिलाफ उपरोक्त अदालत में पेश की गई है अतः आपको आदेशित किया जाता है कि आप नियत तारीख पर प्रातः 10:00 बजे अदालत में हाजिर होकर अपना जबाब दावा/प्रतिवाद पत्र पेश करें तथा वह समस्त कागजात प्रस्तुत करें जोकि आपके वादोत्तर के समर्थन में हो। आपको यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप नियत तारीखो पर उपस्थित नहीं होते है तो आप विपक्षी नं.-4 को गैर हाजिरी में नियमानुसार एक पक्षीय कार्यवाही की जाएगी।

प्रतिवाद पत्र प्रस्तुत करने की तारीख. ..

विवाद्वक अभिरचन की तारीख 06. 02.2026

आज अदालत की आज्ञानुसार मेरे हस्ताक्षर व अदालत की मुद्रा सहित तारीख 20/12/25 को जारी किया गया।

**आज्ञानुसार**
**प्रबन्धक**
**एम.ए.सी.टी.महोदय, रामपुर।**

# सीडीओ ने वृद्धजन आवास एवं जयप्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** मुख्य विकास अधिकारी गुलाब चन्द्र ने वृद्धजन आवास द्धवृद्धाश्रमऋ ताश्का मझरा एवं जयप्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय, रामपुर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिका. रियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति में व्यवस्थाओं का गहन अवलोकन किया गया।

वृद्धजन आवास में साफ-सफाई, खान.पान, ठंड से बचाव एवं रहन-सहन की व्यवस्थाओं की जांच की गई। यह आश्रम दीपजन कल्याण समिति, बरेली द्वारा संचालित है। निरीक्षण में स्वच्छता व्यवस्था संतोषजनक पाई गई, हालांकि कुछ कक्षों की दीवारों पर सीलन पाए जाने पर आवश्यक सुधार के निर्देश दिए



गए। आश्रम में कुल 115 वृद्धजन पंजीकृत हैं, जिनमें से निरीक्षण के समय 72 वृद्धजन उपस्थित मिले। ठंड से बचाव हेतु अलाव की व्यवस्था की गई है तथा भोजन की गुणवत्ता भी संतोषजनक पाई गई।

निरीक्षण के दौरान एक वृद्धजन द्वारा सभी वृद्धजनों के पहचान पत्र आईडी कार्ड बनाए जाने का अनुरोध किया गया, जिससे आवागमन एवं उपचार में सुविधा मिल सके। इस पर मुख्य विकास अधिकारी ने जिला समाज कल्याण अधिकारी को सभी वृद्धजनों के आईडी कार्ड बनवाने के निर्देश दिए। साथ ही वृद्धजनों की आय में वृद्धि के उद्देश्य से उन्हें इच्छानुसार कार्य उपलब्ध कराने का सुझाव दिया गया। इस क्रम में बताया गया कि 01 जनवरी से आश्रम में पापड़ निर्माण का कार्य प्रारंभ किया जाएगा।

इसके उपरांत मुख्य विकास अधिक. ारी ने जयप्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय, रामपुर के छात्रावास का निरीक्षण किया। बताया गया कि छात्रावास की क्षमता 480 विद्यार्थियों की है, जबकि वर्तमान में 256 विद्यार्थी आवासित हैं। निरीक्षण के दौरान भोजनालय, रसोई एवं आवासीय परिसर की स्थिति देखी गई। उन्होंने परिसर की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। बाथरूम एवं सीढ़ियों की स्थिति असंतोषजनक पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए तत्काल सुधार के निर्देश दिए गए।

छात्रों से संवाद के दौरान उन्होंने शिक्षा एवं भोजन व्यवस्था पर संतोष व्यक्त किया। छात्रों द्वारा किसी प्रकार की शिकायत नहीं बताई गई।

# सैफनी नगर में विकास कार्यों की जांच, अधिकारियों की टीम ने किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी।** शनिवार को नगर में हुए विकास कार्यों की गुणवत्ता और प्रगति की जांच के लिए अधिकारियों की एक टीम ने नगर का दौरा किया।

टीम ने विभिन्न वार्डों में सडक इंटरलॉकिंग, सफाई व्यवस्था तथा अन्य जनहित से जुड़े विकास कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान टीम ने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता, उपयोग की जा रही सामग्री और कार्य की समय-सीमा की गहनता से जांच की।

अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि सभी कार्य मानक के अनुसार पूरे



कराए जाएंगे। नगरवासियों ने जांच टीम के आने से उम्मीद जताई कि इससे विकास कार्यों में पारदर्शिता आएगी और अधूरे कार्य जल्द पूरे होंगे। इस जांच से सभासदों और चेयरमैन को दूर रखा गया।

# पूर्व पीएम मनमोहन सिंह को कांग्रेसियों ने किया याद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक।** आज कांग्रेस कार्यकर्ता नगर स्थित कार्यालय पर एकत्रित हुए और भारत के पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर डॉ मनमोहन सिंह की पुण्यतिथि पर 2 मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी।

श्रद्धांजलि सभा में बोलते हुए कांग्रेस के पूर्व जिला उपाध्यक्ष महेंद्र पाल सिंह यदुवंशी ने कहा कि स्वर्गीय डॉ मनमोहन सिंह ने अपने 10 वर्ष के कार्यकाल में राष्ट्रीय ग्रामीण योजना कर्ज माफी सूचना का अधिकार भारत निर्माण पंचायती राज्य आदिवासी महिला अधिकार तथा अनेक कानून बनाकर देश की जनता



का कल्याण किया। ऐसे कानून दुनिया के देशो में नहीं है जिससे देश का ग्रामीण भारत में बुनियादी ढांचे को लगातार मजबूत बनाने का कार्य किया। क्योंकि जब देश का ग्रामीण क्षेत्र खुशहाल होगा तभी देश खुशहाल होगा आखिर में 2 मिनट का मौन धारण कर ईश्वर से प्रार्थना की उनकी आत्मा को शांति मिले। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष जीवेन्द्र सिंह गंगवार, पूर्व नगर अध्यक्ष हसीब खान, रियासत मियां, नजीब खान, इकबाल मंसूरी, राहुल शुक्ला, सुरेश गंगवार, देवकीनंदन आदि रहे।

# जामिया मिलिया इस्लामिया में सांसद मोहिब्बुल्लाह नदवी चीफ गेस्ट के रूप में सम्मानित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** जामिया मिलिया इस्लामिया विश्वविद्यालय में मौलाना मुहम्मद अली जौहर की याद में जश्ने-ए-जौहर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के रामपुर से सांसद मोहिब्बुल्लाह नदवी को विशेष रूप से आमंत्रित कर चीफ गेस्ट के रूप में सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद मोहिब्बुल्लाह नदवी ने अपने भाषण की शुरुआत जामिया की ऐतिहासिक विरासत और उसके संस्थापक मौलाना मुहम्मद अली जौहर को खिराज-ए-अकीदत पेश करते हुए की। उन्होंने कहा कि जामिया केवल एक शैक्षणिक संस्थान नहीं, बल्कि भारतीय स्वतंत्रता संग्राम और देश की तहजीब का जीवंत प्रतीक है। मौलाना मुहम्मद अली जौहर आजादी के दीवाने, खिलाफत आंदोलन के अग्रणी नेता और हिंदू-मुस्लिम एकता के प्रतीक थे।




सांसद ने कहा कि मौलाना जौहर एक अजीम विच. ारक, बेबाक पत्रकार और जांबाज नेता थे, जिन्होंने अपनी पूरी जिंदगी देश की आजादी के लिए वक्फ कर दी। रामपुर में जन्मे इस महान शख्सियत ने अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ अपनी पत्रकारिता और जोशीली तकरीरों से पूरे देश में चेतना जगाई। उनका प्रसिद्ध नारा हआजादी दो या कब्र के लिए जगहह भारतीय स्वतंत्रता संग्राम का अमर उद्घोष बन गया। उन्होंने मौलाना जौहर के उस कथन का भी उल्लेख किया, जिसमें उन्होंने कहा थाकृ हजहां तक खुद्दा के एहकाम का तआल्लुक है, मैं पहले मुसलमान हूं, बाद में मुसलमान हूं, आखिर में मुसलमान हूं, लेकिन जब हिंदुस्तान की आजादी का मसला आता है, तो मैं पहले हिंदुस्तानी हूं, बाद में हिंदुस्तानी हूं, आखिर में हिंदुस्तानी हूं। सांसद मोहिब्बुल्लाह नदवी ने कहा कि हमें मौलाना जौहर के जीवन से यह सीख लेनी चाहिए कि वतन की मोहब्बत, तालीम और आपसी भाईचारा ही किसी भी कौम की असली ताकत है। उन्होंने सभी से मौलाना मुहम्मद अली जौहर के सपनों का भारत बनाने का संकल्प लेने का आहवान किया।

जौहर डे कार्यक्रम में समाजवादी पार्टी के विधायक कमाल अख्तर, आम आदमी पार्टी के विधायक अमानत उल्ला खान, जावेद अली और इमरान अली सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

यह जानकारी सांसद के मीडिया प्रभारी एडवोकेट महबूब अली पाशा ने दी।

# युवाओं की राजनीति में हिस्सेदारी सुनिश्चित कराएगी पार्टी : विनेश ठाकुर

■ युवा सत्ता पार्टी का जन सेवा दल में हुआ गठबंधन




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक।** राष्ट्रीय युवा क्रान्ति मोर्चा के नवदिया स्थित कार्यालय पर कार्यक्रम में मोर्चा की ओर से जन सत्ता पार्टी के गठन की घोषणा की गई। इस अवसर पर पार्टी के ध्वज का विमोचन भी किया गया। संगठन के मुख्य अतिथि जन सेवा दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनेश ठाकुर रहे।
कार्यक्रम में जन सत्ता पार्टी के जन सेवा दल के साथ गठबंधन की घोषणा की गई। जन सेवा दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनेश ठाकुर ने जन सत्ता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी नलिन सिंह को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि नलिन सिंह ने 20 सालों तक समाज के हर वर्ग की सहायता अपने संगठन के माध्यम से की। उनका यह भाव देख कर ही हमने इनकी पार्टी को गठबंधन का न्योता दिया। कहा कि हम लोग मिल कर नया इतिहास रचेंगे। जिसकी जितनी संख्या भारी, उसकी उतनी हिस्सेदारी के सिद्धांत पर हम लोग काम करेंगे। कहा कि आज तक सब दलों ने बातें तो बहुत की लेकिन धरातल पर असहाय और दलित वर्ग के लिए कुछ नहीं किया। उस खाल.
ीपन को हम लोग भरेंगे। नलिन सिंह ने कहा कि यह हम सब के लिए एक सुनहरा अवसर है। युवाओं को राजनीतिक दलों ने बहुत मूर्ख बना लिया, अब युवा सत्ता पार्टी उन्हें उनके अधिकार देगी। राजनीति में युवाओं की 60 प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी।
इस अवसर पर जन सेवा दल से मंज.
ेश ठाकुर, सनोज ठाकुर, रविंदर वास्तव, उमेश माथुर, जन सत्ता पार्टी से प्रदेश अध्यक्ष अमित वास्तव, विकास गुर्जर आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता चौधरी नलिन सिंह ने व संचालन एडवोकेट क्रान्ति शेखर सारंग ने किया।

## मेड़ काटने के विवाद में युवक ने किसान को पीटा, दाहिना हाथ टूटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टाण्डा रामपुर।** गांव मुवाना में मेड़ काटने के छोटे से विवाद ने बड़ा रूप ले लिया। गांव के ही सुभम पुत्र चंद्रपाल ने पड़ोसी किसान ओमपाल सिंह को बुरी तरह पीट दिया, जिसमें ओमपाल का दाहिना हाथ टूट गया। आरोपी ने जान से मारने की धमकी भी दी।
घटना 24 दिसंबर की है। ओमपाल पुत्र रामदास सिंह अपने खेत पर गया था, जहां वह गेहूं बोए हुए थे। इसी दौरान सुभम आया और ओमपाल पर आरोप लगाया कि उसने मेड़ काट दी है। ओमपाल ने इनकार किया तो सुभम गालियां देने लगा और मारपीट शुरू कर दी। मारपीट में ओमपाल के दाहिने हाथ की हड्डी टूट गई। धमकी देकर सुभम मौके से चला गया।
पीड़ित ओमपाल ने कोतवाली में तहरीर देकर सुभम के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने की मांग की। पुलिस ने ओमपाल की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

# मारपीट, जान से मारने की धमकी देने में चार के खिलाफ रिपोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक।** मारपीट कर गाली गलौच करने और जान से मारने की धमकी देने पर पुलिस में चार लोग खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम परतापुर गांव निवासी राकेश की पत्नि लड़ेती देवी 25 दिसंबर दिन के लगभग 10:00 कूड़ा डालने की जगह को लेकर डोरी लाल,नेम सिंह,जीतू और संजीव ने गाली गलौज शुरू कर दी। जब बादी की पत्नि ने इसका विरोध किया तो तो चारों आरोपियों ने लाठी डंडों से मारपीट शुरू कर दी गांव के कुछ लोगों आता देख जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। राकेश अपनी पत्नी को घायल अवस्था में कोतवाली लाया गया जहां पर तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज हुई और महिला को मेडिकल परीक्षण के लिए नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिलक पर भेजा गया।

## दनियांपुर के आशीष शर्मा बने युवा प्रकोष्ठ के जिला महामंत्री

**शाह टाइम्स संवादाता**

**चमरौआ।** अखिल भारत वर्षीय ब्राह्मण महासभा के जिलाध्यक्ष सौरभ पाठक ने युवा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष पंडित अनुभव वशिष्ठ की संस्तुति पर शहजादनगर थाना क्षेत्र के एक छोटे से गांव दनियानपुर के रहने वाले आशीष शर्मा को युवा प्रकोष्ठ का जिला महामंत्री मनोनीत किया। जिसके चलते नवनियुक्त जिला महामंत्री का फूल-मालाओं के साथ स्वागत किया गया।
इस दौरान नवनियुक्त जिला उप महामंत्री ने कहा कि संगठन द्वारा उन्हें जो काम जिम्मेदारी दी गई है। वह उसे पूरी निष्ठा के साथ निभाएंगे।
कहा कि वह संगठन को मजबूत बनाने के लिए हर संभव प्रयासरत रहेंगे। इस दौरान जिला महामंत्री अभिषेक शर्मा, जिला कोषाध्यक्ष पुनीत शर्मा समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

## जिला पंचायत अध्यक्ष ने 25 लाख से बनने वाली सीसी सड़क निर्माण का किया शिलान्यास



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मथुरा।** जिला पंचायत अध्यक्ष श्री किशन चौधरी जी ने जिला पंचायत निधि से स्वीकृत ग्राम पंचायत बोरपा में गाँव से टावर की ओर जाने वाले संपर्क मार्ग के सीसी निर्माण कार्य (अनुमानित लागत ₹25 लाख) का शिलान्यास किया। इस सड़क के बनने से क्षेत्र के ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा मिलेगी और क्षेत्रीय विकास को गति मिलेगी। इस अवसर पर ग्रामीणों ने जिपंअ का जगह-जगह स्वाफा बांधकर, पटुका व फूलों का हार पहनाकर का भव्य स्वागत किया। इस कार्यक्रम को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल देखने को मिला। ग्रामीणों ने सड़क निर्माण को विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताते हुए कहा सड़क, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे बुनियादी ढांचे के सुदृढ़ीकरण से ही क्षेत्र का समग्र विकास संभव है। राहगीरों ने कहा कि इस सड़क के बन जाने से आवागमन में काफी आसानी होगी। इस अवसर पर विनोद (पूर्व प्रमुख गोवर्धन), भरत सिंह (पूर्व चेयरमैन, सोंख), चंद्रपाल प्रधान, वेद प्रधान (सींगा पट्टी), नीरज शर्मा, चौहल सिंह प्रधान (बोरपा), थान सिंह प्रधान (नगला शीशराम) विजयपाल, योगेश, रोहतास प्रधान, चंदगी नेता, मनोज सहित अनेक क्षेत्रीय गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## केएम हॉस्पिटल ने जुनसिटी में लगाया निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर, सैकड़ों मरीज हुए लाभान्वित




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मथुरा।** गांव उस्फार के समीप जुनसिटी गांव में बाग वाले बाबा के यहां केएम हॉस्पिटल द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का लगाया गया। जिसमें सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण लाभान्वित हुए। केएम मेडीकल एंड कालेज की डाक्टर्स टीम द्वारा गांव में लोगों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण करते हुए उन्हें परामर्श और निःशुल्क दवाएं प्रदान की गई। इस शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पहुंचकर अपने स्वास्थ्य की जांच कराई। शिविर का उद्देश्य ग्रामीण अंचल के लोगों को प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना और उन्हें नियमित जांच के प्रति जागरूक करना रहा। निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में ग्रामीणों का सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इसके साथ ही मेडीसन, हड्डी, स्त्री रोग, बाल रोग से ग्रस्त बीमारों को निःशुल्क परामर्श के साथ बीपी, शुगर और हीमोग्लोबिन की जांच भी बिना किसी शुल्क के की, जिससे महिलाओं, बुजुर्गों और श्रमिक वर्ग को विशेष लाभ मिला। जांच के उपरांत मरीजों को आवश्यकतानुसार निःशुल्क दवाएं भी वितरित की गईं और स्वास्थ्य संबंधी परामर्श दिया गया। शिविर में मौजूद ग्रामीणों ने बताया कि ऐसे आयोजनों से उन्हें समय पर बीमारी की जानकारी मिलती है और इलाज के लिए शहर जाने की परेशानी से भी राहत मिलती है। इसके अलावा केएम पशु चिकित्सा विभाग के चिकित्सक डा. अभिषेक कुमार, डा. गिरीश गुप्ता ने पशु पालन उनके स्वास्थ्य के प्रति पशुपालकों को जागरूक किया और उनकी समस्याओं का समाधान किया। केएम हॉस्पिटल के चिकित्सक डा. आशुतोष, डा. अभिजीत, डा. तरूण, डा. अंजुल, डा. लक्ष्य ने ग्रामीणों से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, संतुलित आहार लेने और समय.समय पर स्वास्थ्य जांच कराने की अपील की। इस अवसर पर ग्राम जुनसिटी के प्रबुद्ध नागरिकों ने उम्मीद जताई कि भविष्य में भी इस तरह के निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाएंगे। जिससे गांव के लोगों को निरंतर स्वास्थ्य लाभ मिलता रहे। निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का संचालन हॉस्पिटल के जनरल मैनेजर के निर्देशन में मैनेजर आमीन खांन, पीआरओ दीपक कंसल ने किया।

# गन्ना तौल बंद होने पर किसानों का धरना

## मिल प्रशासन से वार्ता के बाद समझौता, जल्द शुरू होगी तौल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** क्षेत्र में गन्ना तोल बंद होने से नाराज किसानों ने धरना प्रदर्शन किया। भारतीय किसान यूनियन प्रधान के नेतृत्व में हुए इस प्रदर्शन के बाद मिल प्रशासन और किसानों के बीच समझौता हो गया।
कमलापुर खाईखेड़ी स्थित गन्ना सेंटर पर बुधवार से तोल बंद कर दी गई थी। तोल इंचार्ज धीर सिंह द्वारा अचानक तोल रोके जाने के विरोध में किसानों ने बृहस्पतिवार सुबह से ही सेंटर पर मोर्चा खोल दिया। भारतीय किसान यूनियन (प्रधान) के जिला अध्यक्ष हेमेंद्र धनखड़, मंडल अध्यक्ष भूपेश चौधरी और दयाराम सिंह मौके पर पहुंचे। उनकी उपस्थिति में किसानों और मिल प्रशासन के बीच वार्ता शुरू हुई। इस दौरान भारतीय किसान यूनियन (प्रधान) के व्यापार जिला अध्यक्ष रामोद कुमार की अध्यक्षता में तथा तहसील अध्यक्ष नीरज चौधरी व ब्लॉक अध्यक्ष गुड्डू के संरक्षण में किसानों ने जोरदार धरना दिया। किसानों ने बूंदकी मिल के खिलाफ नारेबाजी करते हुए मिल प्रशासन पर उनकी समस्याओं की अनदेखी का आरोप लगाया। बाद में मिल के केन एससीएम नरेंद्र कुमार और सुशील कुमार मौके पर पहुंचे और किसानों से वार्ता की। इस वार्ता के बाद मिल प्रशासन और किसानों के बीच समझौता हो गया, जिसके उपरांत धरना समाप्त कर दिया गया। मिल प्रशासन ने आश्वासन दिया कि आज से गन्ने की तोल फिर से शुरू कर दी जाएगी। साथ ही, मारपीट के एक मामले में सीसीटीवी फुटेज के आधार पर कार्रवाई करने का भी वादा किया गया।
धरने में विशाल चौधरी, मुकुल चौधरी, देवेंद्र प्रधान, राजकुमार, सुभाष, महेंद्र, पम्मी, अनमोल चौधरी, दयाराम सिंह, महिपाल सिंह सहित सैकड़ों किसान मौजूद रहे।

# चांदपुर में नेहरू चौक पर अतिक्रमण

## चौराहे की खूबसूरती हो रही खराब



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** नगर का मुख्य नेहरू चौक आजकल अवैध अतिक्रमणकारियों का अड्डा बनता जा रहा है। इस चौराहे की चारों दिशाओं में कई लोग दुकान लगा कर बैठ जाते हैं, जिससे चौराहे की खूबसूरती को तो धब्बा लग ही रहा है। साथ ही उन्हें भी हर समय जान माल का खतरा बना रहता है। मजेदार बात यह है कि इस चौराहे पर नागरिकों की सुरक्षा हेतु एवं यातायात नियंत्रित करने हेतु पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगी रहती है। बावजूद इसके भी इन लोगों का ध्यान शायद इस हर समय बनी रहने वाली दुर्घटना की सम्भावनाओं की ओर नहीं जा पाता। नेहरू चौक की चारों दिशाओं में कोई मिट्टी के बर्तन तो कोई चूहे मार दवाई, कोई नींबू तो कोई अन्य सामग्री बेचता हुआ दिखाई दे जाएगा। यह सिटी का ऐसा चौराहा है, जहां हर समय भीड़ भाड़ रहती है तथा स्कूटर, मोटरसाइकिल, कारे अथवा अन्य वाहन इधर-उधर गुजरते हैं जिनको दुकानें लगाने वालों से बामुश्किल बच बचाकर निकलना पड़ता है। चांदपुर में नेहरू चौक पर भीड़ लगी रहती है। कभी-कभी चौराहे पर जाम जैसी स्थिति भी हो जाती है, लेकिन इस बीच चौराहे की चारों दिशाओं में फड़ लगाकर बैठकर अपनी दुक.
ानदारी करने वालों को किसी वाहन के ब्रेक फेल हो जाने का भी डर नहीं है। इस चौराहे पर नागरिकों की सुरक्षा की दृष्टि एवं यातायात नियमों का पाठ पढ़ाने वाले पुलिसकर्मी भी इस प्रतिमा के चारों ओर अपने फड़ व दुकाने लगाने वालों को नहीं समझा पाते। हालांकि कई बार नगर पालिका पइस बारे में एक्शन ले चुकी है, पर यह लोग कतई बाज नहीं आ पा रहे।

# बिजली कर्मचारियों की लापरवाही से पूरी रात अंधेरे में रहे 10 गांव

## अधीक्षण अभियंता के आदेश का भी नहीं हुआ असर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नांगल सोती।** सौफतपुर बिजली घर को जोड़ने वाली उच्च क्षमता की विद्युत लाइन के खंभे का क्रॉस फॉर्म टूटने से 10 गांव की बिजली आपूर्ति 16 घंटे ठप्प रही। अधिक्षण अभियंता को अवगत कराने के बाद भी विद्युत कर्मचारियों पर असर नहीं हुआ, जिससे ग्रामीणों में भारी रोष है।
बीती देर शाम बरकातपुर चीनी मिल के समीप गन्ने के वाहन ने सौफतपुर बिजली घर को जोड़ने वाली उच्च क्षमता की विद्युत लाइन के खंभे में टक्कर मार दी, जिससे खंभे पर लगा क्रॉस फॉर्म टूट गया। जिसके कारण सौफतपुर बिजली घर से जुड़े नांगल, शहजादपुर, जीतपुर खानपुर हरचंदपुर, मायापुरी, चमरोला, लालपुरमान, महमसापुर, सौफतपुर, गांव की बिजली आपूर्ति 20 घंटे ठप्प रही। किसान नेता कुलबीर सिंह, सुनील कुमार, राजवीर सिंह, विजेंद्र सिंह, आदि का कहना है कि विद्युत निगम के अधिक्षण अभियंता को अवगत कराने के बाद भी बिजली आपूर्ति सुचारू नहीं हो सकी। बिजली के अभाव में ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा, जिससे ग्रामीणों में विद्युत निगम के खिलाफ भारी रोष है। उधर अधीक्षण अभियंता का कहना है कि मामला उनके संज्ञान में आ गया था। क्षतिग्रस्त क्रॉस फार्म सही कराकर बिजली आपूर्ति सुचारू कराने के लिए अधिशासी अभियंता को निर्देशित कर दिया गया था।

## भाई की हत्या कर घर में शव गाड़ने का आरोपी पत्नी सहित गिरफ्तार




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** जमीन सम्बन्धी विवाद में सगे भाई की हत्या करने वाले अभियुक्त व उसकी पत्नी को थाना करेली पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। थाना करेली पर वादी पृथ्वीराज सिंह पुत्र करन सिंह निवासी ग्राम भौरूआ थाना बीसलपुर, पीलीभीत की तहरीर के आधार पर पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या 0132/25, धारा 103 (1)/238/3(5) बीएनएस, जिसमें घटनास्थल पर फारेन्सिक टीम की सहायता से वैज्ञानिक साक्ष्य एकत्र कराये गये। मुकदमा उपरोक्त की घटना के फरार नक्षत्रपाल पुत्र करन सिंह, राधा देवी पत्नी नक्षत्रपाल निवासीगण ग्राम लिलहर थाना करेली पीलीभीत को अन्दर 24 घण्टे गिरफ्तार करते हुए अभियुक्त निशादेही पर अभियुक्त द्वारा छिपाये गये आलाकत्ल लाठी व एक अदद फावड़ा व मृतक हंसराज के मोबाईल की बरामदगी की गयी, वैज्ञानिक साक्ष्य व अन्य साक्ष्य संकलन कर अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष न्यायिक अभिरक्षा रिमाण्ड हेतु भेजा गया। अभियुक्त के द्वारा पूछताछ में बताया गया कि साहब हम तीन भाई हैं जिसमें पृथ्वीराज सबसे बड़ा है तथा मैं पृथ्वीराज से छोटा हूँ तथा मृतक हंसराज सबसे छोटा है। हमारा पैतृक गांव थाना बीसलपुर के भौरूआ है जहां पर हम लोग मूल रूप से रहने वाले हैं किन्तु ग्राम लिलहर थाना करेली, पीलीभीत में हमारे फुफेरे नाना नत्थू सिंह रहते थे। उनके कोई संतान नही थी जिस कारण उन्होने मेरी मां और पिता को अपने पास रख लिया था। उन्ही की करीब साढे आठ बीघा जमीन मेरे नाम पर आयी जिसमें मेरा भाई हंसराज आये दिन अपना हिस्सा मांगता था। इसी बात को लेकर मेरी उसकी कहा सुनी हो गयी जिससे मेरा भाई उत्तेजिता हो गया। 14 दिसंबर को करीब सुबह 4 बजे मैं अपने भाई को गांव की बाजार में बनी मण्डी में राकेश राठौर के पास से लेकर घर आया था और उसको समझा बुझा रहा था तो वह उत्तेजित और मुझको भी गुस्सा आ गई तब मेरी पत्नी ने मेरे भाई हंसराज के पैर पकड़ लिये तथा मेरे बेटे ज्ञानेन्द्र ने उसके दोनों हाथ पकड़ लिये तब मेरे द्वारा लाठी से उसके ऊपर कई प्रहार किये गये जिससे उसकी मृत्यु हो गयी थी तब हम लोग घबरा गये फिर उसके शव को मैनें तथा मेरे लड़के और पत्नी ने घर के पूर्वी दिशा मे अर्ध बने कमरे में फाबड़े से गड्ढा खोदकर दबा दिया और फरार हो गए थे।

## सांसद जितिन के प्रयास से किर्गिस्तान में फंसे 9 भारतीय सुरक्षित घर लौटे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** पिछले कई माह से किर्गिस्तान में फंसे 12 भारतीयों में से 9 भारतीय नागरिक केंद्रीय मंत्री एवं जिले के मौजूदा सांसद जितिन प्रसाद के प्रयास से बरेली एयरपोर्ट पहुंच गए। इस दौरान सांसद प्रति. निधि देव स्वरूप पटेल ने उनका स्वागत किया। उन्होंने बताया कि बचे तीन लोगों को भी 30 दिसंबर से पहले घर वापसी कराई जाएगी। भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह के नेतृत्व में भाजपा कार्यालय पीलीभीत में सम्मान एवं स्वागत किया जाएगा। पीलीभीत के किर्गिस्तान में फंसे 12 लोगों की सकुशल घर वापसी के लिए 10 दिसंबर को जानकारी होने पर किसान नेता देव स्वरूप पटेल ने उनके पीलीभीत में अलग-अलग गांव में रह रहे परिजनों से मिलकर उन्हें पीलीभीत के यशवंतरी देवी मंदिर पर बुलाकर उनकी तरफ से एक प्रार्थना पत्र पीलीभीत सांसद जितिन प्रसाद को दिया था। यह लोग धन के अभाव में भूखे प्यासे वहां फंसे थे, जिन्हें एक एजेंट काम के लिए लेकर गया था, लेकिन वहां काम नहीं मिला। सभी लोगों से पांच 5-5 लाख रुपए की ठगी की गई थी। सभी ने भाजपा सांसद केंद्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद का आभार व्यक्त किया।

## नोबेल हास्पिटल में प्रसूता की मौत परिजनों ने किया हंगामा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पूरनपुर।** झोलाछाप स्टाफ के ऑपरेशन करने के दौरान प्रसूता की हालत बिगड़ गई। रात में ब्लीडिंग होने से स्टाफ घबरा गया। इसके बाद सुबह उसको पीलीभीत इलाज के लिए रेफर कर दिया। कुछ ही देर में विवाहिता की मौत हो गई। घटना से नाराज परिजनों ने स्टॉफ पर लापरवाही का आरोप लगाकर जमकर हंगामा काटा। सूचना मिलने के बाद कोतवाली पुलिस पहुंच गई। सेहरामऊ उत्तरी थाना क्षेत्र के गांव गोरा निवासी शाहिद बेग की पत्नी शायरा बेगम 35 वर्ष शुक्रवार अपनी सास के साथ पूरनपुर अल्ट्रासाउंड कराने पर आई थी। नोवेल हॉस्पिटल गर्भ में शिशु को दिक्कत होने पर वह सिटी सेंटर में खुले नोब.
ल हास्पिटल में पहुंची। यहां मौजूद स्टाफ ने महिला और उसकी सास को डरा दिया। इसके बाद परिवार के कुछ जिम्मेदारी व्यक्ति के बिना ही महिला का ऑपरेशन कर दिया। इस दौरान उसकी हालत बिगड़ गई। अधिक रक्तस्राव होने के उसकी मौत हो गई। शनिवार सुबह स्टाफ ने महिला को बिना ऑक्सीजन की गाड़ी पर पीलीभीत रेफर कर दिया। परिजनों ने जब पल्स चेक की तो उसकी मौत होने की जानकारी लगी। इससे नाराज परिवार के लोगों ने अस्पताल के बाहर जमकर हंगामा काटा। कार्रवाई के डर से स्टाफ अस्पताल से फरार हो गया। घटना को लेकर काफी संख्या में भीड़ इकट्ठी हो गई। सूचना मिलने के बाद कोतवाली पुलिस भी पहुंच गई। मामले में परिजनों ने लापरवाही से विवाहिता की मौत होने का आरोप लगाया है। बताया जा रहा बरेली का एक व्यक्ति अस्पताल का संचालन कर रहा है।

# धर्म नगरी की ऐतिहासिक विरासतों को संरक्षित किया जाएगा



**मथुरा।** धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व की नगरी मथुरा वृंदावन के ऐतिहासिक स्वरूप को अक्ष्युण्य रखने के लिए एमवीडीए काम करेगा। एमवीडीए की नवागत उपाध्यक्ष लक्ष्मी एन ने अपनी प्राथमिकताएं बताते हुए कहा कि यह धार्मिक नगरी है। धार्मिक और सांस्कृतिक विरासतों को संरक्षित करने का काम किया जाएगा। मास्टर प्लान को पूरी गंभीरता से लागू किया जाएगा। प्राधिकरण की नवागत उपाध्यक्ष लक्ष्मी एन 2019 बैच की आईएएस अधिकारी है। जिनका पूरा नाम लक्ष्मी नागप्पन है। आगरा कानपुर सहित अन्य जगहों पर भी वह अपनी सेवाएं दे चुकी है। इससे पहले वह कानपुर देहात की मुख्य विकास अधिकारी के पद पर रही। अब उनका मथुरा जनपद में तबादला होने के बाद वह प्राधिकरण की नवजात उपाध्यक्ष बनी है। अवैध निर्माणों को लेकर भी काम किया जाएगा। इसी की लिस्टिंग करेंगे। सख्त कार्यवाही की जाएगी। मथुरा वृंदावन विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष लक्ष्मी एन ने प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि प्राधिकरण क्षेत्र में नियमों को ताक पर रखकर विकसित की गई अवैध कॉलोनियों की सूची तैयार की जाएगी। उन्होंने कहा कि बिना स्वीकृति विकसित की जा रही कॉलोनियां न सिर्फ कानून का उल्लंघन हैं बल्कि आम जनता के भविष्य के साथ भी खिलवाड़ है। मथुरा वृंदावन क्षेत्र में जितनी भी अवैध कॉलोनियां हैं, उन सभी पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। किसी भी कॉलोनाइजर को नियमों के उल्लंघन की अनुम.
ति नहीं दी जाएगी। आम नागरिकों से भी अपील है कि प्लॉट खरीदने से पहले प्राधिकरण से जानकारी अवश्य लें उपाध्यक्ष लक्ष्मी एन ने यह भी स्पष्ट किया कि अवैध कॉलोनियों में बिजली, पानी और सड़क जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराने की अनुमति नहीं दी जाएगी। साथ ही दोषी कॉलोनाइजरों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी। एमवीडीए की इस सख्ती से अवैध कॉलोनाइजरों में हड़कंप मच गया है, वहीं आम लोगों को भी सतर्क रहने की सलाह दी गई है।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं मौहल्ला सुफी टोला शाहजहांपुर रोड़ बरेली, उप्र।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0581-2562222 (बरेली)
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No UPHIN/2003/11165
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# इंग्लैंड की बॉक्सिंग डे टेस्ट में ऐतिहासिक जीत

## चौथे एशेज टेस्ट में दूसरे ही दिन ऑस्ट्रेलिया को चार विकेट से हराकर 14 साल का इंतजार खत्म किया

**मेलबर्न, वार्ता।** इंग्लैंड ने मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर बॉक्सिग डे पर इतिहास रच दिया, चौथे एशेज टेस्ट में दूसरे ही दिन शनिवार को ऑस्ट्रेलिया को चार विकेट से हराकर जनवरी 2011 के बाद ऑस्ट्रेलिया में अपनी पहली टेस्ट जीत हासिल की और 14 साल का इंतजार खत्म किया।

इस जीत से बार्मी आर्मी और इंग्लैंड टीम में जोरदार जश्न मनाया गया, जिसमें जो रूट और बेन स्टोक्स जैसे सीनियर खिलाड़ियों ने आखिरकार उस जीत का आनंद लिया जो उन्हें ऑस्ट्रेलिया में लंबे समय से नहीं मिली थी। इंग्लैंड के जोश टंग को मैच में सात विकेट लेने के लिए प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया। टॉस जीतकर इंग्लैंड ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया, जिससे ऑस्ट्रेलिया पर तुरंत दबाव आ गया। मेजबान टीम पहली पारी में 152 रन ही बना पाई, जबकि इंग्लैंड ने 110 रन बनाए, जिससे ऑस्ट्रेलिया को पहली पारी में मामूली बढ़त मिली। अपनी दूसरी पारी में, ऑस्ट्रेलिया 132 रन पर ढेर हो गई, जिसमें ब्रायडन कार्स, बेन स्टोक्स और गस एटकिसन ने अनुशासित और धारदार गेंदबाजी से कहर बरपाया। कार्स ने मार्नस लाबुशेन और ट्रैविस हेड सहित चार विकेट लिए, जबकि स्टोक्स ने कैमरन ग्रीन, जेक वेदरल्ड और नेसर को आउट किया। मिशेल स्टार्क बिना खाता खोले आउट हो गए, रूट ने उनका कैच लिया, और पारी तब खत्म हुई जब जे रिचर्डसन ने पुल शॉट खेला और गेंद क्रॉली के हाथों में चली गई। 175 रनों का पीछा करते हुए, इंग्लैंड को तनावपूर्ण पलों का सामना करना पड़ा क्योंकि बेन डकेट और जैक क्रॉली की शुरुआती आक्रामकता ने मंच तैयार किया। जैकब बेथेल ने महत्वपूर्ण 40 रनों का योगदान दिया, जबकि जो रूट 15 रन बनाकर रिचर्डसन का शिकार हुए



और बेन स्टोक्स तब आउट हुए जब सिर्फ 10 रन चाहिए थे। हालांकि, हैरी ब्रूक और जेमी स्मिथ की शांत और संयमित बल्लेबाजी ने इंग्लैंड को जीत दिलाई, ब्रूक ने आखिरी ओवरों में महत्वपूर्ण चौके लगाकर ऐतिहासिक जीत पक्की की। इंग्लैंड ने छह विकेट पर 178 रन बनाए। मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड ने कौशल, तनाव और नाटक से भरा एक रोमांचक मुकाबला देखा। दबाव में वापसी करने की इंग्लैंड की क्षमता, अनुशासित गेंदबाजी और सही समय पर साझेदारियों ने उन्हें बॉक्सिग डे पर एक यादगार जीत हासिल करने में मदद की। हालांकि यह जीत इस सीरीज में एशेज वापस पाने के लिए काफी नहीं है, लेकिन यह ऑस्ट्रेलियाई परिस्थितियों में इंग्लैंड के लचीलेपन और जुझारू भावना को दिखाती है, जिससे उनके सीनियर खिलाड़ियों की सालों की निराशा खत्म हुई। इस मैच ने दोनों टीमों की गहराई और चरित्र को भी उजागर किया, ऑस्ट्रेलिया ने प्रतिरोध के कुछ पल दिखाए लेकिन आखिरकार इंग्लैंड के लगातार दबाव के आगे घुटने टेक

# दो दिन के अंदर 36 विकेट गिरना बहुत ज्यादा है: स्टीव स्मिथ

**मेलबर्न, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया के कप्तान स्टीव स्मिथ ने इंग्लैंड के खिलाफ बॉक्सिंग डे टेस्ट दो दिन में हारने के बाद कहा कि दो दिन के अंदर 36 विकेट गिरना बहुत ज्यादा है। स्मिथ ने शनिवार को मैच के बाद एमसीजी की पिच को लेकर कहा कि हां, यह काफी मुश्किल था। दो दिन के अंदर 36 विकेट गिरना बहुत ज्यादा हैं। ग्राउंड्समैन के तौर पर यह काफी मुश्किल है।

मेरे हिसाब से वह हमेशा सही प्रकार का संतुलन देने की कोशिश करते हैं। पिछले साल की पिच बहुत अच्छी थी और मैच पांचवें दिन तक गया था। इस बार भी अगर 10 मिमी की जगह 8 मिमी रखते तो सही रहता। लेकिन ग्राउंड्समैन हमेशा सीखते हैं और इस मैच से उन्हें काफी कुछ सीखने को मिलेगा। एमसीजी के क्यूरेटर मैट पेज ने इस बार 7-8 मिमी घास की जगह 10 मिमी घास रखी थी और अंत में इसी कारण से मैच सिर्फ दो दिन के



अंदर खत्म हो गया। स्मिथ ने आगे कहा कि जिन पिचों पर सीम गेंदबाजों को ज्यादा मदद मिलती है, वहां स्पिन खेलना आसान होता है और ऐसे में आप यही सोचते हैं कि इस तरह की पिच पर स्पिनर को खिलाकर 30-40 रन अतिरिक्त क्यों देना है। पर्थ में भी हमने स्पिनरों का ज्यादा इस्तेमाल नहीं किया था।

पिक बॉल टेस्ट में भी स्पिनरों का उपयोग नहीं किया गया था। एडिलेड में पिच अलग थी इसलिए वहां मामला अलग था। इस मैच में भी स्पिन गेंदबाजों को गेंद देने की जरूरत नहीं लगी। मुझे मैच में स्पिनरों का योगदान अच्छा लगता है लेकिन जहां जरूरत नहीं है, वहां मतलब नहीं बनता। टेस्ट इतिहास में पहली बार ऑस्ट्रेलिया ने पूरे मैच में किसी स्पिनर से गेंद नहीं करवाई। चार मैचों में अभी तक दो मैच में ऑस्ट्रेलिया ने चार तेज गेंदबाज खिलाए और पर्थ टेस्ट में भी नाथन लायन ने सिर्फ दो ओवर ही गेंदबाजी की थी। इंग्लैंड ने दो दिन के अंदर एशेज का चौथा टेस्ट जीता और यह इस सीरीज का दूसरा दो दिन वाला टेस्ट मैच था। इससे पहले 1912 में एक सीरीज में एक से ज्यादा दो दिन के टेस्ट खेले गए थे और ऑस्ट्रेलिया में सिर्फ चार बार दो दिन के टेस्ट मैच खेले गए हैं। इस सीरीज से पहले 1931 में मेलबर्न और 2022 में ब्रिस्बेन में यह रिकॉर्ड बना था। पिछले 20 सालों में एमसीजी की पिच ऑस्ट्रेलिया में बल्लेबाघी के लिए सबसे मुश्किल पिच थी। इसी कारण से 1932 के

# दीप्ति ने 1000 रन व 150 विकेट लेकर रचा इतिहास



**तिरुवनंतपुरम, वार्ता।** भारतीय महिला टीम की स्टार ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा ने श्रीलंका के खिलाफ तीसरे टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मुकाबले में ऐतिहासिक प्रदर्शन

### इस प्रारुप में महिला व पुरुष दोनों में यह कारनामा करने वाली पहली भारतीय क्रिकेटर

करते हुए कई रिकॉर्ड अपने नाम किए। इस मैच में उन्होंने महिला अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे अधिक विकेट लेने वाली तीसरी खिलाड़ी बनने की उपलब्धि के साथ इसी प्रारूप में एक हजार रन और 150 विकेट का डबल पूरा करने का भी कारनामा किया। वह इस प्रारुप में (महिला, पुरुष) दोनों में यह कारनामा करने वाली पहली भारतीय क्रिकेटर है।

ग्रीनफील्ड अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में शुक्रवार को दीप्ति के 3/18 के शानदार स्पेल से उन्होंने ऑस्ट्रेलिया की महान एलिस पेरी को पीछे छोड़ दिया है। पेरी ने 271 अंतर्राष्ट्रीय मैचों में 331 विकेट थे। दीप्ति के नाम अब 333 विकेट हो गए हैं। यह कारनामा करने वालों में वह अब केवल इंग्लैंड की कैथरीन साइवर-ब्रंट और भारतीय दिग्गज झूलन गोस्वामी से पीछे हैं। 26 साल की दीप्ति ने इस छोटे फॉर्मेट में एक और बड़ा मुकाम हासिल किया। वह टी-20 अंतर्राष्ट्रीय में 150 विकेट लेने वाली पहली भारतीय क्रिकेटर (पुरुष या महिला) खिलाड़ी बन गईं। दीप्ति ने श्रीलंका की कविशा दिलहारी को आउट करके यह मुकाम हासिल किया और बाद में अपना 151वां टी-20 विकेट लिया, जिससे वह ऑस्ट्रेलिया की मेगन शट के साथ महिला टी-20 में सबसे अधिक विकेट लेने वाली गेंदबाज बन गईं। महिला एकदिवसीय में, वह झूलन गोस्वामी के बाद भारत की दूसरी सबसे अधिक विकेट लेने वाली गेंदबाज हैं। उन्होंने 121 मैचों में 162 विकेट लिए हैं, जबकि पांच टेस्ट मैचों में 18-10 के शानदार औसत से 20 विकेट भी लिए हैं। उन्होंने अब इस प्रारुप में 1,100 से अधिक रन बनाए हैं और 151 विकेट भी लिए हैं। वह पुरुष और महिला क्रिकेट दोनों में टी-20 के इतिहास में एक हजार रन और 150 विकेट का कारनामा करने वाली पहली खिलाड़ी हैं।

# सफेद गेंद क्रिकेट में वापसी की तैयारी में पंत

**बेंगलुरु, वार्ता।** बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस से क्षितिज पर एक एयरपोर्ट रनवे दिखाई देता है। विमानों के उड़ान भरने की आवाज जमीन तक नहीं पहुंचती, लेकिन नजारा दिखता है। गुजरात द्वारा पहले बल्लेबाजी करने के लिए कहे जाने के बाद दिल्ली की पारी के अधिकांश समय ऋषभ पंत खुद उड़ान भरने के लिए तैयार थे। लेकिन वह संयमित रहे, 20वें ओवर में 98 रन पर 3 विकेट गिरने के बाद मैदान पर आए थे। बेंगलुरु के बाहरी इलाके में, बड़ी भीड़ या ट्रैफिक की अनुपस्थिति में, खेल की गति बीच में आने वाली आवाजों से तय होती है। गेंदबाज के दौड़ने पर बल्ले की आवाज, फील्डरों का अपील के लिए जोर से चिल्लाना, बाउंसर के बल्लेबाज के पास से गुजरने के बाद आहें। पिच ने तेज गेंदबाजों को थोड़ी गति और उछाल दी, जिससे बल्लेबाजों के लिए जीवन और मुश्किल हो गया, जैसा कि विराट कोहली ने 29 गेंदों में अर्द्धशतक बनाया था। विशाल जायसवाल की शानदार लेफ्ट-आर्म स्पिन गेंदबाजी से स्टंप होने से पहले उन्होंने दिल्ली के 108 रनों में से 77 रन बनाए थे। फील्ड फैली हुई थी, और दिल्ली के बल्लेबाजों के खत्म होने का



खतरा था, ऐसे में पंत के लिए टिके रहना महत्वपूर्ण था, क्योंकि कोई राहत नजर नहीं आ रही थी। उन्होंने ज्यादातर गेंदों को इन-फील्डरों के पास से निकालकर सिगल लिए और 20 और फिर 30 रन बनाए। पंत ने क्रीज पर टिके रहने पर ध्यान दिया और शुरुआत में शानदार, हवाई शॉट्स से काफी हद तक परहेज किया। क्रीज पर उनकी शांति, हर बार पिच पर बल्ला टैप करने पर जमा हो रही पावर से बिल्कुल अलग थी। उनका कंजर्वेटिव स्ट्रोक प्ले उस पावर से मेल नहीं खाता था जिसे वह उनमें इस्तेमाल कर रहे थे। फील्ड के पार एक और शॉट ने उन्हें 49 रन पर पहुंचा दिया। फिर उन्होंने जैसे ही रवि बिश्नोई को अपनी हिटिंग आर्क से दूर एक गलत गेंद फेंकते देखा, उन्होंने स्विच ऑन कर दिया। लाइन के पार एक जोरदार स्विंग के साथ उस पर टूट पड़े। उनका हाथ बल्ले से पूरी तरह अलग नहीं हुआ, जैसा कि उनके कई पावरफुल शॉट्स में होता है, लेकिन गेंद लॉन्ग-ऑन बाउंड्री के बहुत दूर चली गई। स्प्रिंग काफी देर से कसा हुआ था, और अब 50 रन पार करने के बाद, गेंदों के बीच उनके मूवमेंट की गति में कुछ बदलाव आया। वह अचानक क्रीज के पार कूदते हुए दिखे, दूसरे छोर पर हर्ष त्यागी के साथ ग्लव्स टैप करने के लिए ज्यादा उत्सुक थे। अपने अर्द्धशतक के तुरंत बाद, वह घुटनों पर बैठ गए, डीप-बैकवर्ड स्क्वायर लेग की तरफ स्वीप किया, भले ही वह लगभग दूसरी तरफ गिर गए थे। उन्होंने 62 गेंदों में अपना अर्द्धशतक पूरा किया था। उन्होंने अगली 16 गेंदों में 20 रन और जोड़े। इस सेट के रनों का सबसे अच्छा शॉट तब था जब वह अपनी क्रीज में काफी पीछे खड़े थे और एक गेंद अजीब तरह से उठी, ऑफ स्टंप के बाहर अच्छी लेंथ से थोड़ी पहले से ऊपर की ओर गई।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### न्यूलैंड्स में रनों की बरसात के बीच सीजन 4 का भव्य आगाज

**न्यूलैंड्स, वार्ता।** रयान रिकेल्टन का एसए20 में पहला शतक भी एमआई केप टाउन को हार से नहीं बचा सका। रोमांचक सीजन-4 के उद्घाटन मुकाबले में डरबन सुपर जायंट्स ने एमआई केप टाउन को 15 रन से हराकर विजई शुरुआत की। रनों से भरी इस ओपनिग नाइट में कुल 449 रन बने, जिसमें 25 छक्के और 40 चौके शामिल रहे। न्यूलैंड्स पहुंचे दर्शकों को शुरू से अंत तक भरपूर मनोरंजन देखने को मिला। डरबन सुपर जायंट्स की ओर से न्यूजीलैंड की नई ओपनिग जोड़ी कॉनवे और केन विलियमसन ने पावरप्ले में शानदार शुरुआत दी। दोनों ने मात्र 8-3 ओवर में 96 रन जोड़ दिए। विलियमसन (25 गेंदों पर 40 रन, 7 चौके) का विकेट एमआई केप टाउन के कप्तान ने मिड-ऑफ से पीछे दौड़ते हुए फुल-लेंथ डाइव लगाकर लाजवाब कैच लेकर गिराया।

### दो-दिवसीय टेस्ट से क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया को हो सकता है लाखों का नुकसान

**मेलबर्न, वार्ता।** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के सीईओ टॉड ग्रीनबर्ग ने कहा कि छोटे टेस्ट बिजनेस के लिए खराब हैं व रिकॉर्ड भीड़ के बावजूद बॉक्सिग डे टेस्ट में पहले दिन 20 विकेट गिरने के बाद उन्होंने माना कि उनकी रात नींद के बिना गुजरी। सीए को उम्मीद थी कि ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच पूरे बॉक्सिग डे टेस्ट में भीड़ के रिकॉर्ड टूटेंगे, भले ही सीरीज खत्म हो गई थी, क्योंकि पहले तीन दिनों में पहले से बिके टिकटों की संख्या और पूरी सीरीज में अभूतपूर्व मांग थी। लेकिन पर्थ में दो-दिवसीय टेस्ट में पहले दिन 19 विकेट गिरने के बाद 50 लाख ऑस्ट्रेलियन डॉलर (33 लाख डॉलर) के आसपास का नुकसान होने के बाद, अगर मेलबर्न टेस्ट छह सेशन के अंदर खत्म हो गया।

# पंजाब किंग्स के पास चहल के लिए पर्याप्त बैकअप नहीं है: मुकुंद

### अभिनव मुकुंद ने कहा कि पंजाब किंग्स को ऑक्शन में ज्यादा कुछ करने की जरूरत नहीं, क्योंकि उन्होंने पहले ही काफी इन्वेस्ट कर दिया था

**नई दिल्ली, वार्ता।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर अभिनव मुकुंद ने कहा है कि पंजाब किंग्स के पास युजवेंद्र चहल के लिए पर्याप्त बैकअप नहीं है। टाटा आईपीएल 2026 ऑक्शन में पंजाब किंग्स ने विष्णु विनोद और प्रवीण दुबे जैसे अहम घरेलू खिलाड़ियों के साथ-साथ मिडिल ऑर्डर में बैलेंस के लिए ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर कूपर कॉनोली को लेकर अपनी टीम को मजबूत किया। जियो हॉटस्टार के 'टाटा आईपीएल ऑक्शन रिव्यू' में, जियोस्टार के एक्सपर्ट रॉबिन उथप्पा और अभिनव मुकुंद ने टीम के स्मार्ट एडिशन की तारीफ की, साथ ही स्पिन डेप्थ जैसे उन एरिया पर भी ध्यान दिलाया जिन पर ध्यान देने की जरूरत है। अभिनव मुकुंद ने कहा कि पंजाब किंग्स को ऑक्शन में ज्यादा कुछ करने की जरूरत नहीं थी, क्योंकि उन्होंने पहले ही काफ़ी इन्वेस्ट कर दिया था। एकमात्र चिंता की बात यह है कि युजवेंद्र चहल सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में नहीं खेले। इसलिए यह साफ नहीं है कि उनके पास उनके लिए पर्याप्त बैकअप है या नहीं। उन्होंने कर्नाटक के लेग-स्पिनर प्रवीण दुबे और कूपर कॉनोली को टीम में शामिल किया है, जो एक रोमांचक बाएं हाथ के ऑलराउंडर हैं और तीन से पांच नंबर तक कहीं भी बैटिंग कर सकते हैं।

# होल्डन, नसीम ने टीम को टॉप स्पॉट पर पहुंचाया



**शारजाह, वार्ता।** डेजर्ट वाइपर्स ने शारजाह वॉरियर्स को हराकर आईएल टी 20 पॉइंट्स टेबल में टॉप स्थान हासिल किया, जिसके परिणामस्वरूप वॉरियर्स टूर्नामेंट से बाहर हो गए। सामूहिक गेंदबाजी प्रदर्शन का नेतृत्व नसीम शाह के तीन विकेट (35 रन देकर 3 विकेट) ने किया, जिसके बाद मैक्स होल्डन ने नाबाद 65 रन बनाकर वाइपर्स को पांच विकेट और तीन गेंदें शेष रहते जीत

### सामूहिक गेंदबाजी प्रदर्शन का नेतृत्व नसीम शाह के तीन विकेट ने किया

दिलाई। बल्लेबाजी के लिए भेजे जाने के बाद, वॉरियर्स की शुरुआत खराब रही और मोनांक पटेल और टॉम एबेल पहले दो ओवरों में आउट हो गए। चार्ल्स ने तीन चौके लगाए, जिसके बाद टॉम कोहलर-कैडमोर ने नसीम का स्वागत एक चौके और एक छक्के से किया, जिसमें पाकिस्तानी सीमर के 19 रन के ओवर में पांच वाइड भी शामिल थे। छठे से आठवें ओवर में वॉरियर्स केवल 13 रन बना पाए, लेकिन चार्ल्स ने कैस अहमद की गेंदों पर दो छक्के लगाए और साझेदारी 50 रन के पार पहुंच गई। ठीक जब दोनों पारी को संभालने की कोशिश कर रहे थे, तभी नसीम ने धीमी गेंद पर कोहलर-कैडमोर को बोल्ड कर दिया। हालांकि, चार्ल्स खतरनाक मूड में बने रहे और पेन की गेंदों पर दो चौके लगाए। लेकिन खेल 12वें ओवर में बदल गया जब कैस ने चार्ल्स और सिकंदर रजा को लगातार गेंदों पर आउट कर दिया, जिससे 12वें ओवर के अंदर ही वॉरियर्स के पांच विकेट गिर गए। जेम्स रीव ने 20 गेंदों में 22 रन बनाकर स्कोरबोर्ड को चालू रखा, लेकिन नसीम के हाथों आउट हो गए, जिसके बाद उन्होंने अपने आखिरी ओवर में हरमीत सिंह को भी आउट किया। आदिल राशिद के एक छक्के से वॉरियर्स का स्कोर 7 विकेट पर 140 रन हो गया। वाइपर्स की जवाबी पारी वैसी शुरू नहीं हुई जैसी उन्होंने उम्मीद की थी। 2-2 ओवर में उनके दो ओपनर - एंड्रीज गौस और फखर जमान के आउट होने के बाद उनका स्कोर 9 रन पर 2 विकेट था। इसके बाद पारी को संभालने का जिम्मा होल्डन और सैम करेन पर था और दोनों ने शुरुआत में ही ओवरपिच गेंदों पर चौके-छक्के लगाए। सातवें ओवर में, होल्डन ने रजा की गेंदों पर दो चौके और एक छक्का लगाया, जिससे गति वाइपर्स की ओर शिफ्ट होती रही। करन और होल्डन ने बीच के ओवरों में गेंद को बाउंड्री के पार पहुंचाया, जिसके बाद करन ने आदिल राशिद की गेंद पर छक्का लगाकर 50 रन की पार्टनरशिप पूरी की। हरमीत ने करन का विकेट लेकर पार्टनरशिप तोड़ी, जो 25 रन बनाकर पैड पर गेंद लगने के बाद आउट हो गए। डैन लॉरेंस ने हरमीत की गेंद पर छक्का लगाया, लेकिन अगले ही ओवर में लेफ्ट-आर्मर ने लॉरेंस को लॉन्ग-ऑन पर कैच आउट करवाकर बदला ले लिया। हरमीत शानदार बॉलिग कर रहे थे और 16वें ओवर में जेसन रॉय का विकेट लेकर अपना तीसरा विकेट लिया। विकेट गिरने के बीच, होल्डन ने इस सीजन का अपना तीसरा अर्द्धशतक पूरा किया।

### ढाका कैपिटल्स के असिस्टेंट कोच महबूब अली जकी का निधन

**बांग्लादेश, वार्ता।** बांग्लादेश प्रीमियर लीग टूर्नामेंट में ढाका कैपिटल्स के असिस्टेंट कोच महबूब अली जकी का शनिवार को राजशाही रॉयल्स के खिलाफ मैच से पहले मैदान पर गिरने के बाद निधन हो गया। जकी 59 वर्ष के थे। यहां सिलहट इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में जब कैपिटल्स की टीम मैच से पहले की तैयारी कर रही थी। इसी दौरान जकी मैदान पर गिर गए। उन्हें एम्बुलेंस से अस्पताल ले जाने से पहले टीम के सदस्य व चिकित्सकों द्वारा सीपीआर दिया गया। उन्हें अल हरमैन अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। बीसीबी के मुख्य फिजिशियन देबाशीष चौधरी ने जकी के निधन की पुष्टि की। ढाका टीम के अधिकारियों ने बताया कि घटना से पहले जकी ने किसी भी तरह की स्वास्थ्य समस्या की शिकायत नहीं की थी।

# बेन स्टोक्स, जो रूट ने इंग्लैंड के 'बहादुर' जवाब की तारीफ की

**मेलबर्न, वार्ता।** इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स और सीनियर बल्लेबाज जो रूट ने ऑस्ट्रेलिया पर मेलबर्न में बॉक्सिग डे टेस्ट में अपनी ऐतिहासिक जीत में साहस और बहादुरी दिखाने के लिए अपनी टीम की तारीफ की और बताया कि चौथे टेस्ट से पहले मुश्किल हालात में टीम ने कैसे जवाब दिया।

रूट ने फॉक्स क्रिकेट को एक साइडलाइन इंटरव्यू में कहा कि जाहिर है, सीरीज हारना हमेशा बहुत निराशाजनक होता है, लेकिन मुझे लगता है कि यह बहुत जरूरी था कि हमने बाकी सीरीज के लिए बहुत ज्यादा हिम्मत दिखाई। रूट ऑस्ट्रेलिया में इंग्लैंड के 18 टेस्ट में से 17 में खेले थे। इस टीम पर बहुत कुछ फेंका गया है और जिस तरह से हमने इन दो दिनों में जवाब दिया है, वह शानदार रहा है। साफ तौर पर यह

- **रूट ने फॉक्स क्रिकेट को एक साइडलानइ इंटरव्यू में कहा कि जाहिर है कि सीरीज हारना हमेशा बहुत निराशाजनक होता है**

एक बहुत तेज टेस्ट मैच था, जिस पिच पर हमें खेलने का मौका मिला, लेकिन मुझे लगता है कि हमने जितना हो सका, उसके हिसाब से खुद को ढाला और जब भी मौका मिला, उसका फायदा उठाया। हमने आज बल्ले से चीजों को जिस तरह से संभाला, उसमें थोड़ी बहादुरी दिखाई और यही वजह है कि हमने टेस्ट मैच जीता। आप उनसे यह उम्मीद नहीं कर सकते कि वे आपको यह आसानी से दे देंगे। जैसा कि मैंने कहा, मैं यहां कई बार गलत नतीजे का सामना कर चुका हूं, इसलिए आपको पता होता है कि क्या उम्मीद करनी है। आपको पता है कि ऑस्ट्रेलिया अपनी परिस्थितियों में कितना अच्छा है। लेकिन आज हम मैच जीतने में कामयाब रहे, यह बहुत बढ़िया है और उम्मीद है कि हम इस हफ्ते और अगले हफ्ते भी इसमें सुधार कर पाएंगे। स्टोक्स ने भी यही बात दोहराई और बताया कि टेस्ट से पहले टीम के आसपास इतना शोर होने के बावजूद टीम कैसे फोकस्ड रही, जिसमें उनके नूसा ट्रिप पर सवाल, बेन डकेट से जुड़ा एक लीक हुआ वीडियो जिसकी वजह से ईसीबी की जांच हुई, और एक ऐसे मुकाबले में 3-0 से सीरीज हारने का दबाव शामिल था जिसके प्रतिस्पर्धी होने की उम्मीद थी। स्टोक्स ने मैच के बाद प्रेजेंटेशन में कहा कि इस मैच से पहले के कुछ दिनों में हमारे सामने काफी कुछ आया। इतनी सारी चीजों के बावजूद यहां आकर वैसा प्रदर्शन करना जैसा हमने किया।

# 2025 में भारतीय महिलाओं ने हासिल की ऐतिहासिक उपलब्धियां

## क्रिकेट, हॉकी, डेफलिपिक्स, पैरा खेलों व अन्य वैश्वि मंच के खेलों में कामयाबी के साथ साल का समापन किया

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय महिलाओं ने क्रिकेट, हॉकी, डेफलिपिक्स, पैरा खेलों तथा अन्य वैश्विक मंच के खेलों में कई ऐतिहासिक उपलब्धियों के साथ 2025 का समापन किया। एकदिवसीय क्रिकेट, शतरंज और मुक्केबाजी में विश्व खिताब से लेकर हॉकी में महाद्वीपीय सफलता और ब्लाइंड महिला क्रिकेट में एक ऐतिहासिक पहली उपलब्धि तक, भारतीय महिला खिलाड़ियों ने न केवल पदक जीते बल्कि देश भर में महिलाओं के खेल के दायरे और पहचान का भी विस्तार किया। इस वर्ष आखिर में हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए दक्षिण अफ्रीका को 52 रनों से हराकर अपना पहला आईसीसी महिला एकदिवसीय विश्व कप खिताब जीता। देश में इस खेल के लिए यह एक निर्णायक क्षण था। व्यक्तिगत तौर पर, स्मृति मंधाना ने अंतर्राष्ट्रीय टी-20 में चार हजार रन बनाने के लैंडमार्क पार किया, ऐसा करने वाली वह पहली भारतीय महिला बनीं और इससे भारतीय महिला क्रिकेट में बढ़ती गहराई, निरंतरता और पेशेवर प्रवृति को देखी गई। इसके अलावा भारतीय दृष्टिबाधित महिला टीम ने कोलंबो में खेले गए पहले ब्लाइंड महिला टी-20 विश्व कप में नेपाल को सात विकेट से हराकर खिताब अपने नाम किया। दीपिका टीसी की अगुवाई में भारतीय दृष्टिबाधित टीम ने छह देशों नेपाल, पाकिस्तान, श्रीलंका, आस्ट्रेलिया और अमेरिका के खिलाफ दमदार प्रदर्शन किया और 23 नवम्बर को कोलंबो में खेले गए फाइनल में शानदार जीत दर्ज की। भारतीय महिला टीम की स्टार ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा ने श्रीलंका के खिलाफ तीसरे टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मुकाबले में ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए कई रिकॉर्ड अपने नाम किए। इस मैच में उन्होंने महिला अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे अधिक विकेट लेने वाली तीसरी खिलाड़ी बनने की उपलब्धि के साथ इसी प्रारूप में एक हजार रन और 150 विकेट का डबल पूरा करने का भी कारनामा किया। वह इस प्रारुप में (महिला, पुरुष) दोनों में यह कारनामा करने वाली पहली भारतीय क्रिकेटर है। इस साल की सबसे बड़ी व्यक्तिगत उपलब्धियों में से एक शतरंज में मिली, जहां दिव्या देशमुख ने जुलाई में फिडे महिला विश्व कप जीतकर इतिहास रचते हुए यह प्रतिष्ठित वैश्विक खिताब जीतने वाली पहली भारतीय महिला बन गईं। उनकी जीत ने विश्व शतरंज में भारत के बढ़ते दबदबे को फिर से साबित किया और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाने वाली महिला खिलाड़ियों की नई पीढ़ी के उदय को भी दिखाया। भारतीय महिला मुक्केबाजों ने विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप 2025 में अपना दबदबा बनाए

## संक्षिप्त समाचार

### सीरिया में शिया मस्जिद पर हुए घातक हमले की व्यापक निंदा

**न्यूयॉर्क।** पश्चिमी सीरिया के शहर होम्स शहर में एक शिया मस्जिद पर हुए आतंकवादी हमले की विश्वभर में निंदा हो रही है। इसमें आठ लोग मारे गए हैं और अन्य 18 घायल हुए हैं। शुक्रवार की नमाज के दौरान होम्स की अली बिन अबी तालिब मस्जिद में हुए विस्फोट की जिम्मेदारी सरया अंसार अल-सुन्ना नामक एक आतंकवादी संगठन ने ली है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस की ओर से प्रवक्ता ने एक बयान जारी किया गया। बयान में बम विस्फोट की निंदा की गई है और कहा कि महासचिव दो. हराया कि नागरिकों और धार्मिक स्थलों पर हमले अस्वीकार्य हैं।

### कंबोडिया-थाईलैंड का संघर्ष विराम पर ऐतिहासिक समझौता

**नामपेन्ह।** कंबोडिया और थाईलैंड ने सीमा पर जारी तनाव को समाप्त करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए शनिवार दोपहर से तत्काल और पूर्ण संघर्ष विराम लागू करने पर सहमति व्यक्त की है। स्थानीय मीडिया के अनुसार दोनों देशों ने 'तीसरी विशेष सामान्य सीमा समिति' की बैठक के बाद एक संयुक्त वक्तव्य जारी करके यह सहमति जाहिर की। यह समझौता कंबोडिया के प्रुम और थाईलैंड के बान पाक कार्ड अंतर्राष्ट्रीय प्रवेश बिंदु पर हुआ। इसकी अध्यक्षता कंबोडिया के रक्षा मंत्री जनरल तेइ सेइहा और थाईलैंड के रक्षा मंत्री जनरल नत्तफॉन नार्कफनित ने की।

### मलेशिया के पूर्व पीएम नजीब को 15 साल जेल की सजा

**कुआलालंपुर।** मलेशिया के पूर्व प्रधानमंत्री नजीब रजाक को 1मलेशिया डेवलपमेंट बरहाद (1एमडीबी) से जुड़े एक मामले में भ्रष्टाचार का दोषी ठहराया गया और 15 साल की जेल की सजा सुनाई गई है। नजीब पर देश के उच्च न्यायालय ने 11.4 बिलियन रिंगिट (2.82 बिलियन अमेरिकी डॉलर) का जुर्माना भी लगाया है, जो उनके द्वारा ली गई रिश्वत की रकम की पांच गुनी है। नजीब को धनशोधन मामले के 21 अतिरिक्त आरोपों के लिए पांच साल जेल की सजा सुनाई गई है। धनशोधन के लिए कोई जुर्माना नहीं लगाया गया है।

### तुर्की ने हिरासत में लिए 156 संदिग्ध मानव तस्कर

**इस्तांबुल।** तुर्की के गृह मंत्री अली एरलिकाया ने कहा है कि पिछले दो हफ्तों में 14 प्रांतों में चलाए गए अभियानों में मानव तस्करी के 156 आरोपियों को हिरासत में लिया गया है। यरलिकाया ने शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जारी एक बयान में कहा कि 112 संदिग्धों को जेल में डाल दिया गया है, जबकि अन्य 44 पर 'न्यायिक नियंत्रण उपाय' लागू किए गए हैं। ये अभियान जेंडरमेरी जनरल कमांड के प्रवासी तस्करी और मानव तस्करी से निपटने वाले विभाग ने समन्वित किए थे।

# 2028 तक तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था की राह पर भारत

## ब्रिटिश पीएम स्टार्मर ने संसद में किया दावा, अगले साल सीईटीए को ब्रिटिश संसद की मंजूरी संभावित



**न्यूजीलैंड के पीएम प्रधानमंत्री लक्सन ने भारत के साथ व्यापार समझौते को बताया ऐतिहासिक**

**लंदन/वेलिंगटन।** भारत-ब्रिटेन के बीच बहुप्रतीक्षित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर पिछले चार वर्षों से काम जारी था और यह 2025 में आकार ले सका। ब्रिटिश पीएम कीर स्टार्मर ने संसद में कहा भारत वैश्विक मंच पर एक उभरती ताकत है और 2028 तक तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था की राह पर है।

इसके साथ ही ब्रिटिश पीएम ने कहा-व्यापार और निवेश से आगे द्विपक्षीय संबंधों को नई ऊर्जा देने के लिए 'विजन 2035' समझौते पर भी सहमति बनी। एफटीए को लेकर वार्ताएं वर्ष के ज्यादातर समय सुर्खियों में रहीं। दोनों पक्ष समझौते के लिए प्रतिबद्ध दिखे और जुलाई में पीएम नरेंद्र मोदी के ब्रिटेन दौरे पर औपचारिक हस्ताक्षर किए गए। ब्रिटिश पीएम कीर स्टार्मर ने मोदी से हुई द्विपक्षीय चर्चा के बाद कहा कि हमने दुनिया की तेज अर्थव्यवस्था भारत के साथ ऐतिहासिक समझौता किया है। उन्होंने अक्तूबर में अब तक के सबसे बड़े ब्रिटिश व्यापार प्रतिनिधिमंडल के साथ भारत यात्रा का निमंत्रण भी स्वीकार किया। 2025 में दोनों देशों के महत्वाकांक्षी व भविष्य-उन्मुख 10 वर्षीय भारत-ब्रिटेन विजन 2035 रोडमैप को भी रखा गया। यह दीर्घकालिक सहयोग और नवाचार के रणनीतिक लक्ष्य तय करता है। ब्रिटेन के उच्च शिक्षा क्षेत्र की भारत में बढ़ती मौजूदगी भी नए वर्ष से फलीभूत होगी।

नौ ब्रिटिश विवि भी भारत में अपने विदेशी परिसरों को अंतिम रूप दे रहे हैं। ब्रिटेन के व्यापार एवं वाणिज्य विभाग (डीबीटी) के विश्लेषण के अनुसार, व्यापक आर्थिक और व्यापार समझौता (सीईटीए) लागू होने पर द्विपक्षीय व्यापार मौजूदा 44.1 अरब पाउंड से बढ़कर कई अरब पाउंड से अधिक हो सकता है। उम्मीद है कि 2026 की पहली छमाही में समझौते को ब्रिटिश संसद की मंजूरी मिल जाएगी, जिसका दोनों देशों को परस्पर लाभ होगा। हालिया आंकड़ों के अनुसार, अध्ययन वीजा पर करीब 45000 भारतीय और कामकाजी वीजा पर 22000 पेशेवर देश से बाहर गए, जिससे वहां शुद्ध आव्रजन में कमी आई। स्थायी निवास के लिए प्रतीक्षा अवधि को बढ़ाकर 10 वर्ष करने जैसे सख्त नियमों से यह रुझान आगे भी बना रह सकता है।

भारत-ब्रिटेन संबंधों में आतंकवाद के खिलाफ साझा प्रतिबद्धता भी प्रमुख रही। नवम्बर में दिल्ली में हुए आतंकी हमले पर ब्रिटेन ने संवेदना जताई और अप्रैल में कश्मीर के पहलगाम हमले के बाद कूटनीतिक समाधान का आह्वान किया। दूसरी ओर न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन ने भारत के साथ हुए मुक्त व्यापार समझौते की तारीफ की है और इसे अपनी सरकार की ऐतिहासिक उपलब्धि और भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया है। हालांकि उनकी ही सरकार के विदेश मंत्री ने इस व्यापार समझौते पर कड़ी आपत्ति जताई थी। लक्सन ने कहा कि हमने अपने पहले कार्यकाल में भारत के साथ मुक्त व्यापार समझौता करने का वादा किया था और हमने उसे पूरा किया। उन्होंने कहा कि 140 करोड़ भारतीयों वाला बाजार उपलब्ध होने से ज्यादा नौकरियां, अच्छी कमाई और बेहतर निर्यात की राह खुलेगी। यह उनकी सरकार के व्यापक एजेंडे का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य बुनियादी चीजों को ठीक करना और भविष्य का निर्माण करना है। हालांकि भारत के साथ मुक्त व्यापार समझौते को लेकर न्यूजीलैंड की सरकार के बीच ही मतभेद हैं। विदेश मंत्री विंस्टन पीटर्स ने इस समझौते की आलोचना की और इसकी निष्पक्षता पर सवाल खड़े किए थे। पीटर्स ने कहा था कि न्यूजीलैंड ने पर्याप्त लाभ लिए बिना बहुत कुछ दे दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि न्यूजीलैंड सरकार ने जल्दबाजी में इस समझौते पर सहमति दी है। इस समझौते के तहत अगले पांच वर्षों में द्विपक्षीय व्यापार दोगुना हो सकता है। समझौते के तहत भारत में अगले 15 वर्षों में 20 अरब डॉलर का निवेश हो सकता है। हाल ही में भारत और न्यूजीलैंड के बीच हुए मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) ने भारतीय निर्यातकों के लिए एक नया अवसर खोला है।

## कनाडा में भारतीय दूतावास की अहम पहल

**संकटग्रस्त महिलाओं के लिए 'वन स्टाप सेंटर' की शुरुआत**

**टोरंटो।** कनाडा में रह रही भारतीय महिलाओं की मदद के लिए टोरंटो में भारत का वाणिज्य दूतावास ने एक अहम कदम उठाया है। भारतीय वाणिज्य दूतावास ने 'वन स्टाप सेंटर फार वूमन (ओएससीडब्ल्यू)' की स्थापना की है, जो खास तौर पर संकट में फंसी भारतीय पासपोर्ट धारक महिलाओं को सहायता देगा। यह केंद्र उन महिलाओं की मदद करेगा जो घरेलू हिंसा, शारीरिक या मानसिक उत्पीड़न, पारिवारिक विवाद, पति की तरफ से छोड़े जाने, शोषण, कानूनी परेशानियों जैसी समस्याओं का सामना कर रही हैं। दूतावास ने इसके साथ 24 घंटे, सात दिन काम करने वाली हेल्पलाइन भी शुरू की है, ताकि जरूरत पड़ने पर तुरंत सहायता मिल सके। वन स्टाप सेंटर के तहत महिलाओं को तुरंत काउंसलिंग (मानसिक व भावनात्मक सहायता), मनो-सामाजिक सहयोग, कानूनी सलाह और सहायता से जोड़ना, कनाडा में उपलब्ध सामाजिक और सामुदायिक सेवाओं तक पहुंच जैसी सुविधाएं दी जाएंगी। भारतीय मिशन ने साफ किया है कि केंद्र की पूरी कार्यप्रणाली कनाडा के स्थानीय कानूनों के दायरे में रहकर ही की जाएगी। इस केंद्र को एक महिला सेंटर एडमिनिस्ट्रेटर चलाएंगी, जो यह सुनिश्चित करेंगी कि पीड़ित महिलाओं को सुरक्षित, सम्मानजनक और समग्र सहायता मिले। जरूरतमंद महिलाओं को दी जाने वाली वित्तीय सहायता 'मीन्स टेस्ट' (आर्थिक स्थिति के आधार) पर होगी और यह भारत सरकार के नियमों के अनुसार दी जाएगी। इसके लिए एक फोन नंबर +1(437) 552 3309 और ई-मेल: वेब. जवतवदजव/उम.हवअ.पद जारी किया गया है। भारतीय मिशन की वेबसाइट पर एक अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न सेक्शन भी दिया गया है, जिसमें बताया गया है कि विद. श में रहने वाली भारतीय महिलाओं को धोखा, उत्पीड़न या छोड़े जाने की स्थिति में भारतीय अधिकारी किस तरह मदद कर सकते हैं और किन मामलों में उनकी सीमाएं क्या हैं।

# बांग्लादेश के स्कूल कॉन्सर्ट में भीड़ का हमला

## ईंट-पत्थर और कुर्सियां फेंकी, स्कूली छात्र समेत 20 घायल, जबरन घुसने से रोकने पर भड़का दंगा



**मशहूर राक सिंगर जेम्स का कान्सर्ट होना था, इससे ठीक पहले भीड़ ने पथराव शुरू कर दिया**

**ढाका।** बांग्लादेश के फरीदपुर जिले में शुक्रवार की रात डिस्ट्रिक्ट स्कूल की 185वीं एनिवर्सरी के समापन समारोह के दौरान हिंसा हो गई। यहां मशहूर राक सिंगर जेम्स (नगर बाउल) का कान्सर्ट होना था, इससे ठीक पहले भीड़ ने पथराव शुरू कर दिया। घटना रात करीब 9:30 बजे हुई, जब जेम्स मंच पर आने वाले थे।

आयोजकों के अनुसार, कुछ बाहरी लोग जबरन कार्यक्रम स्थल में घुसने की कोशिश कर रहे थे। रोकने पर उन्होंने ईंट-पत्थर और कुर्सियां फेंकना शुरू कर दिया और मंच की ओर बढ़ने लगे। इसके बाद प्रशासन के निर्देश पर कान्सर्ट रद्द कर दिया गया। घटना में 20 लोग घायल हो गए। इनमें ज्यादातर छात्र हैं। मौके पर मौजूद छात्रों और स्वयंसेवकों ने स्थिति संभालने की कोशिश की, जिसके बाद हमलावर पीछे हटे। स्थिति बेकाबू होते देख फरीदपुर जिला प्रशासन ने हस्तक्षेप किया। रात करीब 10 बजे आयोजन समिति के संयोजक डा. मुस्तफिजुर रहमान शमीम ने मंच से ऐलान किया कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिला उपायुक्त के निर्देश पर जेम्स का कान्सर्ट रद्द किया जा रहा है। जेम्स और उनके बैंड सदस्यों को सुरक्षा घेरे में सुरक्षित बाहर निकाला गया। किसी कलाकार को चोट नहीं लगी। वर्षगांठ कार्यक्रम के प्रचार और मीडिया उप-समिति के संयोजक राजिबुल हसन खान ने कहा कि हमने जेम्स के कान्सर्ट को सफल बनाने के लिए पूरी तैयारियां की थीं, लेकिन इस अचानक हमले से हम सभी हैरान हैं। हमें नहीं पता कि यह हमला किसने और क्यों किया। उन्होंने आगे कहा कि स्थिति को और बिगड़ने से रोकने के लिए कार्यक्रम रोकना पड़ा। फरीदपुर जिला स्कूल इस क्षेत्र के सबसे पुराने सरकारी संस्थानों में से एक है, जिसकी स्थापना 1840 में ब्रिटिश शासन के दौरान हुई थी। पुलिस ने इलाके में भारी सुरक्षाबल तैनात किया है और स्थिति को नियंत्रण में लिया है, लेकिन अभी तक किसी की गिरफ्तारी की खबर नहीं आई। हाल के समय में कई कलाकारों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों पर इसी तरह के हमले हो चुके हैं, जिससे कलाकारों की सुरक्षा और अभिव्यक्ति की आजादी पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। कुछ दिन पहले ढाका के प्रसिद्ध सांस्कृतिक संस्थान छायानट पर भीड़ ने हमला किया। हमलावरों ने छह मंजिला इमारत में घुसकर तोड़फोड़ की, कई कमरों में आग लगा दी और लूटपाट की। संस्थान के अनुसार, म्यूजिक इंस्ट्रूमेंट जैसे तबला, हारमोनियम, वायलिन आदि क्षतिग्रस्त हुए या लूट लिए गए, फर्नीचर तोड़ दिया गया, सीसीटीवी कैमरे नष्ट कर दिए गए और कुछ सर्वर को आग के हवाले कर दिया गया।

## कश्मीर में हिमपात, हाड कंपाने वाली बढ़ी ठंड

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर में कश्मीर घाटी में एक बार फिर से हिमपात और बारिश के पूर्वानुमान के बीच रात में ठंड और बढ़ गई है। मौसम विभाग ने शनिवार को यह जानकारी दी। विभाग के प्रवक्ता के अनुसार, घाटी में आज से 29 दिसम्बर तक आंशिक तौर पर बादल छाए रहने और शुष्क मौसम रहने का अनुमान है। उन्होंने कहा कि 30 दिसम्बर को आमतौर पर बादल छाए रहेंगे और कुछ स्थानों पर हल्का हिमपात या फिर बारिश हो सकती है। इसके बाद 31 दिसम्बर से एक जनवरी तक आम तौर पर बादल छाए रहने के साथ कई स्थानों पर हल्की बर्फबारी या बारिश हो सकती है, जबकि इस अवधि के दौरान उत्तरी और मध्य कश्मीर के पहाड़ी क्षेत्रों में मध्यम हिमपात होने का अनुमान है। प्रवक्ता ने कहा कि दो जनवरी को सामान्यतः बादल छाए रहने के आसार हैं और इस दौरान कुछ स्थानों पर हल्का हिमपात और बारिश होने का अनुमान जताया गया है।

# बांग्लादेश में हिंदुओं पर ईशनिंदा से जुड़े 71 हमले

**सभी में एक जैसा पैटर्न अपनाया गया, पहले सोशल मीडिया पर आरोप, फिर भीड़ का हिंदू इलाकों पर हमला**

**ढाका।** बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों के खिलाफ ईशनिंदा यानी धर्म का अपमान करने के आरोपों से जुड़े मामलों में तेजी से बढ़ोतरी हुई है। जून से दिसम्बर 2025 के बीच ऐसे कम से कम 71 मामले दर्ज किए गए हैं। यह जानकारी बांग्लादेश के अल्पसंख्यकों पर काम करने वाले संगठन 'ह्यूमन राइट्स कांग्रेस फार बांग्लादेश माइनारिटीज' की रिपोर्ट में सामने आई है। मानवा. धिकार कार्यकर्ताओं का कहना है कि हमले के लिए हर बार एक ही तरह का तरीका अपनाया जा रहा है। पहले सोशल मीडिया पर आरोप, फिर तुरंत गिरफ्तारी, उसके बाद भीड़ का इकट्ठा होना और हिंदू इलाकों पर हमला। अब ईशनिंदा के आरोप डर फैलाने और अल्पसंख्यकों को दबाने का हथियार बनते जा रहे हैं। ये घटनाएं देश के 30 से ज्यादा जिलों में फैली हुई हैं। रंगपुर, चांदपुर, चटगांव, दिनाजपुर, खुलना, कुमिल्ला, गाजीपुर, टांगाइल और सिलहट जैसे कई इलाकों में ऐसे मामले सामने आए हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि इतनी बड़ी संख्या में एक जैसे मामले होना यह दिखाता है कि यह सिर्फ इक्का-दुक्का घटनाएं नहीं हैं, बल्कि अल्पसंख्यकों को निशाना बनाने का एक चलन बनता जा रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक, जैसे ही किसी पर ईशनिंदा का आरोप लगता है, पुलिस तुरंत कार्रवाई करती है, लेकिन उसके साथ ही इलाके में भीड़ इकट्ठा हो जाती है और हिंसा शुरू हो जाती है। कई बार आरोप किसी एक व्यक्ति पर होता है, लेकिन गुस्साई भीड़ पूरे हिंदू मोहल्ले को सजा देती है। बांग्लादेश में कुछ महीने पहले चटगांव में कट्टरपंथियों की भीड़ ने हिंदू मोहल्ले पर हमला किया और वहां आग लगा दी थी।



**नई दिल्ली।** कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की बैठक के दौरान कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खर्गे पार्टी सांसद सोनिया गांधी।

## चीन ने 20 अमेरिकी कंपनियों और 10 अधिकारियों पर लगाए प्रतिबंध

**बीजिंग।** ताइवान को हथियारों की आपूर्ति को लेकर वाशिंगटन और बीजिंग के बीच तनाव बढ़ गया है। चीन ने हाल के वर्षों में ताइवान को हथियार बेचने में शामिल 20 अमेरिकी रक्षा कंपनियों और 10 वरिष्ठ अधिकारियों पर प्रतिबंध लगा दिए हैं। विदेश मंत्रालय के अनुसार, इन जवाबी उपायों में चीन के भीतर कंपनियों और वरिष्ठ अधिकारियों की चल और अचल संपत्तियों को फ्रीज करना, चीन में संगठनों और व्यक्तियों को उनके साथ लेनदेन, सहयोग और अन्य गतिविधियों में शामिल होने से रोकना और हांगकांग और मकाऊ विशेष प्रशासनिक क्षेत्रों सहित चीन में अधिकारियों के प्रवेश पर रोक लगाना शामिल है।

# 5000 डॉक्टर-11000 इंजीनियर ने छोड़ा पाक!

## अपने इतिहास के सबसे बड़े प्रतिभा पलायन (ब्रेन ड्रेन) के दौर से गुजर रहा पाक

**एक तरफ जहां इन आंकड़ों को सोशल मीडिया पर साझा करते हुए पूर्व पाक सांसद मुस्तफा नवाज खोखर ने शहबाज सरकार पर निशाना बनाया**



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान इन दिनों अपने इतिहास के सबसे बड़े प्रतिभा पलायन (ब्रेन ड्रेन) के दौर से गुजर रहा है। देश की खराब आर्थिक हालत, राजनीतिक अस्थिरता और रोजगार की कमी के चलते बड़ी संख्या में पढ़े-लिखे और कुशल लोग देश छोड़ रहे हैं।

पाकिस्तान के ब्यूरो आफ इमिग्रेशन एंड ओवरसीज एम्प्लायमेंट की रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले 24 महीनों में 5000 डाक्टर, 11000 इंजीनियर और 13000 अकाउंटेंट देश छोड़ चुके हैं। ये आंकड़े सामने आने के बाद सरकार और सेना नेतृत्व पर सवाल उठने लगे हैं। ऐसे में ये कहना गलत नहीं होगा कि आर्थिक तंगी से जूझ रहे पाकिस्तान की दुनियाभर में तो थू-थू हो ही रही है। अब खुद पाकिस्तान के लोग ही शहबाज सरकार और उनकी नीतियों पर खूब सवाल खड़े कर रहे हैं। एक तरफ जहां इन आंकड़ों को सोशल मीडिया पर साझा करते हुए पूर्व पाकिस्तानी सांसद मुस्तफा नवाज खोखर ने शहबाज सरकार पर निशाना बनाया। वहीं दूसरी ओर पाकिस्तान के 'सो काल्ड' सेना प्रमुख फील्ड मार्शल आसीम मुनीर का एक पुराना बयान 'ब्रेन ड्रेन' नहीं 'ब्रेन गेन' सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर खूब चर्चा में है। इतना ही नहीं यूजर्स मुनीर के इस बयान को आधार बनाकर मुनीर की खूब खिल्लियां भी उड़ा रहे हैं। बता दें कि पाकिस्तान के ब्यूरो आफ इमिग्रेशन एंड ओवरसीज एम्प्लायमेंट की रिपोर्ट के बाद सामने आए आंकड़े ने पाकिस्तान के लिए एक नया भूचाल ला दिया है। ऐसे में सोशल मीडिया पर सेना प्रमुख मुनीर की खूब थू-थू हो रही है। इसका कारण है कि पाकिस्तानी सेना प्रमुख मुनीर ने कुछ महीने पहले कहा था कि यह पलायन 'ब्रेन ड्रेन नहीं, बल्कि ब्रेन गेन' है। अब जब सरकारी आंकड़े सामने आए हैं, तो सोशल मीडिया पर उनकी जमकर आलोचना हो रही है। वहीं पाकिस्तान के पूर्व सांसद मुस्तफा नवाज खोखर ने सोशल मीडिया पर देश से हो रहे बड़े पैमाने पर प्रतिभा पलायन को लेकर चिंता जताई है। उन्होंने लिखा कि पिछले 24 महीनों में पाकिस्तान से 5000 डाक्टर 11000 इंजीनियर और 13000 अकाउंटेंट देश छोड़ चुके हैं। खोखर ने बताया कि पाकिस्तान दुनिया का चौथा सबसे बड़ा फ्रीलांसिंग हब है, लेकिन बार-बार इंटरनेट बंद होने से देश को 1.62 अरब डॉलर का नुकसान हुआ है और 23.7 लाख फ्रीलांस नौकरियां खतरे में हैं।

# इजरायल ने सोमालिलैंड को आजाद देश की मान्यता दी


**ऐसा करने वाला दुनिया का पहला देश, दोनों पक्षों के बीच एक समझौते पर हस्ताक्षर हुए**

**तेल अवीव।** इजरायल ने अफ्रीका महाद्वीप में स्थित सोमालिलैंड को औपचारिक रूप से एक स्वतंत्र देश के रूप में मान्यता दे दी है। ऐसा करने वाला इजरायल दुनिया का पहला देश बन गया है।

इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजा. मिन नेतन्याहू ने बताया कि दोनों पक्षों के बीच एक समझौते पर हस्ताक्षर हुए हैं, जिसके तहत इजरायल और सोमालिलैंड एक-दूसरे के साथ पूरे राजनयिक संबंध स्थापित करेंगे। नेतन्याहू ने कहा कि यह कदम अमेरिका की मदद से हुए अब्राहम एकार्ड की भावना में उठाया गया है, जिनके जरिए इजरायल ने कुछ अरब देशों से रिश्ते सामान्य किए थे। उन्होंने सोमालिलैंड के राष्ट्रपति अब्दिरहमान मोहम्मद अब्दुल्लाही को बधाई दी और इजरायल आने का न्योता भी दिया। सोमालिलैंड के राष्ट्रपति ने इस फैसले को ऐतिहासिक पल बताया। उन्होंने कहा कि यह साझेदारी दोनों देशों के हितों को आगे बढ़ाएगी और क्षेत्र में शांति व स्थिरता लाने में मदद करेगी। उन्होंने यह भी कहा कि सोमालिलैंड अब्राहम समझौते में शामिल होने को तैयार है। इस घोषणा के कुछ ही घंटों बाद सोमालिया सरकार ने कड़ा विरोध दर्ज कराया।

# खैबर-पख्तूनख्वा के सीएम के साथ फिर मारपीट

## सुरक्षाकर्मियों ने विधानसभा में बदसलूकी, 1 महीने पहले पुलिस ने पीटा था, वीडियो सामने आया



**पाकिस्तानी अधिकारियों के मुताबिक इस दौरान किसी को कोई चोट नहीं आई है**

**लाहौर।** पाकिस्तान की पंजाब विधानसभा में खैबर पख्तूनख्वा (केपी) के मुख्यमंत्री सोहेल अफरीदी के साथ सुरक्षाकर्मियों ने मारपीट की। उनके प्रतिनिधियों के साथ भी बदसलूकी की गई। घटना का वीडियो सामने आया है।

वीडियो में दिख रहा है कि मुख्यमंत्री अफरीदी अपने प्रति. निधियों के साथ पंजाब असेंबली में घुस रहे हैं, इस दौरान सुरक्षाकर्मी उन्हें रोकने की कोशिश करते हैं, तभी उनके साथी फतेह उल्लाह बुर्की बीच में आ जाते हैं। इसके बाद अफरीदी ने बयान जारी कर कहा कि कोई भी लोकतांत्रिक सरकार ऐसा काम नहीं करती है, यह सीधे-सीधे मार्शल ला जैसा व्यवहार है। पाकिस्तान में लोकतंत्र खतरे में है। मुख्यमंत्री अफरीदी अपने प्रतिनिधियों के साथ पंजाब असेंबली में घुस रहे थे, इस दौरान सुरक्षाकर्मी उन्हें रोकने की कोशिश करते हैं।

गार्ड अफरीदी के प्रतिनिधि बुर्की के साथ मारपीट करते हैं और उन्हें धक्का देकर विधानसभा से बाहर निकालने की कोशिश करते हैं। हालांकि, अन्य अधिकारियों के बचाव में आने के बाद बुर्की को छोड़ दिया जाता है। पाकिस्तानी अधिकारियों के मुताबिक इस दौरान किसी को कोई चोट नहीं आई है। पाकिस्तान के पंजाब में मुस्लिम लीग नून की सरकार है और नवाज शरीफ की बेटी मरियम नवाज मुख्यमंत्री हैं। वहीं, केपी के मुख्यमंत्री सोहेल अफरीदी इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) से हैं। घटना के बाद अफरीदी ने मीडिया से कहा कि लाहौर में हमारे कार्यकर्ताओं के साथ बुरा व्यवहार और उत्पीड़न किया जा रहा है। उनका कहना था कि पंजाब में एक नकली सरकार है, जो सिर्फ एक पार्टी को डराने और धमकाने में लगी है।

उन्होंने बताया कि चक्री और मंण्डी बहाउद्दीन में हमारे कार्यकर्ताओं के रास्ते रोके गए। उनके वाहन रोक दिए गए। कुछ कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया गया और सांसदों के साथ भी बदसलूकी हुई। रावलपिंडी पुलिस ने 28 नवम्बर को अफरीदी के बाल खींचे और उन्हें जमीन पर गिरा दिया था। अफरीदी 1 महीने पहले 28 नवम्बर को रावलपिंडी की अडियाला जेल में इमरान से मिलने गए थे, तब भी पुलिस ने उनके साथ मारपीट की थी।

# बर्फीले मौसम में भीषण हादसा

**एक्सप्रेसवे पर 67 वाहनों की भिड़ंत में दो की मौत, 26 लोग घायल**

**टोक्यो।** जापान से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। जहां साल के अंत की छुट्टियों की शुरुआत के बीच शुक्रवार देर रात एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। बर्फबारी के कारण एक्सप्रेसवे पर हुए इस हादसे में एक महिला की मौत हो गई, जबकि 26 लोग घायल हो गए।

इनमें से पांच की हालत गंभीर बताई जा रही है। यह हादसा टोक्यो से करीब 160 किलोमीटर दूर गुनमा प्रांत के मिनाकामी शहर के पास कान-एत्सु एक्सप्रेसवे पर हुआ। पुलिस के मुताबिक, सबसे पहले दो ट्रकों की टक्कर हुई। इसके बाद पीछे से आ रही गाड़ियां बर्फ से ढकी सड़क पर ब्रेक नहीं लगा सकीं और एक के बाद एक कई वाहन आपस में टकरा गए। इस हादसे में 67 से ज्यादा वाहन शामिल थे। टक्कर के बाद एक्सप्रेसवे का एक हिस्सा पूरी तरह जाम हो गया। मीडिया रिपोर्टस के अनुसार हादसे के आखिरी हिस्से में आग भी लग गई, जो धीरे-धीरे एक दर्जन से ज्यादा वाहनों तक फैल गई। कुछ गाड़ियां पूरी तरह जल गईं। राहत की बात यह रही कि आग से किसी के घायल होने की खबर नहीं है। दमकल विभाग ने करीब सात घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। मामले में पुलिस ने बताया कि हादसे में मरने वाली महिला की उम्र 77 साल थी और वह टोक्यो की रहने वाली थीं। जिस समय यह दुर्घटना हुई, उस वक्त इलाके में भारी बर्फबारी की चेतावनी जारी थी।




# सबसे अधिक कमाई करने वाली हिन्दी फिल्म बनी धुरंधर

**मुंबई।** 2025 बॉलीवुड के लिए काफी बेहतरीन साल साबित हुआ। इस वर्ष प्रदर्शित फिल्म धुरंधर ने भारतीय बाजार में धमाकेदार कमाई कर हिदी फिल्मों में सबसे अधिक कमाई का रिकार्ड बना लिया वहीं, छावा ने भी सफलता के नए कीर्तिमान स्थापित किए।

2025 में एक्शन, रोमांटिक, कॉमेडी, थ्रिलर, सस्पेंस, और हॉरर हर जॉनर की फिल्मों ने दर्शकों का मनोरंजन किया। इस वर्ष प्रदर्शित फिल्म धुरंधर ने बॉक्स ऑफिस पर धुंआधार कमाई की। फिल्म धुरंधर ने शाहरुख खान की फिल्म जवान की कमाई का रिकार्ड तोड़ कर भारतीय बाजार में सबसे अधिक कमाई करने वाली हिदी फिल्म का रिकार्ड अपने नाम कर लिया। शाहरुख खान की फिल्म जवान ने भारतीय बाजार में 640 करोड़ रुपए की कमाई की थी। बॉलीवुड स्टार रणवीर सिंह की फिल्म धुरंधर 5 दिसम्बर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। फिल्म धुरंधर को रिलीज हुए 22 दिन हो गए हैं। फिल्म धुरंधर ने अब तक भारतीय बाजार में 648 करोड़ की कमाई कर ली है। फिल्म धुरंधर विदेशों में कामयाबी का डंका बजा रही है। फिल्म धुरंधर ने वर्ल्डवाईड 1000 करोड़ रुपए से अधिक की कमाई कर ली है।

फिल्म धुरंधर में रणवीर सिंह के अलावा अक्षय खन्ना, अर्जुन रामपाल, संजय दत्त और आर माधवन जैसे सितारे हैं।यह हाई-ऑक्टेन एक्शन-थ्रिलर आदित्य धर द्वारा लिखित, निर्देशित और निर्मित है, और इसका निर्माण ज्योति देशपांडे और लोकेश धर ने किया है। जियो स्टूडियोज़ द्वारा प्रस्तुत, बी 62 स्टूडियोज़ के प्रोडक्शन और सारेगामा के सहयोग से बनी फिल्म धुरंधर में रणवीर सिंह ने हमजा अली मजारी नाम के जासूस का किरदार निभाया है, जो कराची के गैंग में घुसकर आतंकियों को मदद करने वाले नेटवर्क को खत्म करने का काम करता है। अक्षय खन्ना ने इस फिल्म में गैंगस्टर रहमान डकैत का रोल निभाया। इस किरदार में अक्षय खन्ना छा गए। पर्दे पर अक्षय खन्ना का स्वैग, डांस, एक्शन दिखा। अक्षय खन्ना के किरदार को दर्शकों ने बेहद पसंद किया।

2025 में ही प्रदर्शित फिल्म छावा ने भी बॉक्स ऑफिस पर धमाकेदार कमाई की। फिल्म छावा ने भी भारतीय बाजार में 600 करोड़ रुपए की कमाई की है। छावा को मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, गोवा में टैक्स फ्री किया गया था। मैडॉक फिल्म्स के बैनर तले बनीं फिल्म छावा 14 फरवरी को रिलीज हुई। इस फिल्म में विक्की कौशल , रश्मिका मंदाना और अक्षय खन्ना की अहम भूमिका है। इस फिल्म की कहानी छत्रपति शिवाजी महाराज के बेटे छत्रपति संभाजी महाराज के इर्द गिर्द घूमती है।

फिल्म छावा में विक्की कौशल, महान मराठा योद्धा छत्रपति संभाजी महाराज की भूमिका में हैं, वहीं रश्मिका मंदाना संभाजी महाराज की पत्नी एसूबाई की भूमिका में हैं।वहीं अक्षय खन्ना ने औरंगजेब का किरदार निभाया है। इस फिल्म ने वर्ल्डवाईड धमाकेदार कमाई की। दुनिया भर में फिल्म छावा ने 800 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई की है।

इस वर्ष में धुरंधर और छावा जैसी कई फिल्मों ने सफलता के नए कीर्तिमान स्थापित किए, वहीं फ्लॉप फिल्मों की भी कमी नहीं रही। बड़े बजट और बड़े सितारों वाली कई फिल्में एक-एक कर बॉक्स ऑफिस पर धड़ाम होती गई, जिसकी सूची काफी लंबी है। इनमें फतेह, इमरजेंसी,आजाद,देवा, सिकंदर, ग्रांउड जीरो, द भूतनी, केसरी वीर, मां,सन ऑफ सरदार 2, बागी 4, दे दे प्यार दे 2, 120 बहादुर, मस्ती 4 समेत कई फिल्में शामिल हैं। बॉलीवुड के जानेमाने अभिनेता सोनू सूद की फिल्म फतेह 10 जनवरी को रिलीज हुई।फिल्म फतेह सोनू सूद के निर्देशन में बनी पहली फिल्म है। शक्ति सागर प्रोडक्शंस की सोनाली सूद और ज़ी स्टूडियो के उमेश केआर बंसल निर्मित और अजय धामा सह-निर्मित और फिल्म फतेह साइबर अपराध के खिलाफ लड़ाई की एक मनोरंजक एक्शन कहानी है। इस फिल्म में सोनू सूद के साथ जैकलीन फर्नांडीज, विजय राज और नसीरुद्दीन शाह की भी अहम भूमिका है।फिल्म फतेह बॉक्स ऑफिस पर कोई करिश्मा नहीं दिखा सकी। बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत की फिल्म इमरजेंसी, 17 जनवरी को रिलीज हुई।ज़ी स्टूडियोज़ और मणिकर्णिका फिल्म्स द्वारा निर्मित, इमरजेंसी की कहानी वर्ष 1975 पर आधारित है, जब भारत में इमरजेंसी लागू हुई थी। इस फिल्म में कंगना, पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के किरदार में नजर आंई। फिल्म इमरजेंसी में कंगना रनौत के अलावा अनुपम खेर, महिमा चौधरी, मिलिद सोमन, श्रेयस तलपड़े, विशाक नायर और दिवंगत सतीश कौशिक भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। कंगना ने इमरजेंसी में अभिनय करने के साथ ही फिल्म का निर्माण और निर्देशन भी किया है। फिल्म इमरजेंसी बॉक्स ऑफिस पर ढ़ेर हो गई। बॉलीवुड स्टार अजय देवगन की फिल्म आजाद भी 17 जनवरी को रिलीज हुई। अजय देवगन के भतीजे अमन देवगन और रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी ने फिल्म आजाद से अपना बॉलीवुड डेब्यू किया।अभिषेक कपूर निर्देशित फिल्म आजाद का निर्माण रोनी स्क्रूवाला और प्रज्ञा कपूर ने किया है। फिल्म आजाद बॉक्स ऑफिस पर नकार दी गई। अक्षय कुमार की फिल्म स्काई फ़ोर्स 24 जनवरी को रिलीज हुई। फिल्म स्काईफोर्स का निर्देशन अभिषेक अनिल कपूर और संदीप केवलानी ने किया है जबकि इसका निर्माण मैडॉक फिल्म्स के तहत दिनेश विजन और अमर कौशिक और जियो स्टूडियोज़ के तहत ज्योति देशपांडे ने किया है। इस फिल्म में अक्षय कुमार के साथ निमरत कौर , सारा अली खान और वीर पहाड़िया हैं। यह फिल्म 1965 के भारत-पाकिस्तान हवाई युद्ध में पाकिस्तान के सरगोधा एयरबेस पर भारत के जवाबी हमले पर आधारित है। फिल्म स्काई फ़ोर्स ने भारतीय बाजार में 113 करोड़ की कमाई कर औसत सफलता हासिल की। बॉलीवुड अभिनेता शाहिद कपूर की फिल्म देवा, 31 जनवरी को रिलीज हुई।जाने माने मलयालम फिल्म निर्देशक रोशन एंड्रयूज निर्देशित और ज़ी स्टूडियोज़ और सिद्धार्थ रॉय कपूर निर्मित फिल्म देवा में शाहिद कपूर के अलावा पूजा हेगड़े की भी अहम भूमिका है। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर नकार दी गई। आमिर खान के बड़े बेटे जुनैद खान की दूसरी फिल्म लवयापा सात फरवरी को रिलीज हुई।अद्वैत चंदन के निर्देशन में बनी इस फिल्म में श्रीदेवी-बोनी कपूर की पुत्री खुशी कपूर की भी अहम भूमिका है। फिल्म लवयापा को दर्शकों का प्यार नहीं मिला। हिमेश रेशमिया अभिनीत बैडएस रवि कुमार भी सात फरवरी को रिलीज हुई। यह फिल्म हिमेश रेशमिया की ही फिल्म द एक्सपोज़ का स्पिन-ऑफ है।कीथ गोम्स द्वारा निर्देशित, बैडएस रवि कुमार में हिमेश रेशमिया के अलावा कीर्ति कुल्हारी, प्रभु देवा, सनी लियोनी, संजय मिश्रा और जॉनी लीवर जैसे कलाकारों ने अहम किरदार निभाए हैं। बैडएस रवि कुमार बॉक्स ऑफिस पर अपेक्षित सफलता हासिल नहीं कर सकी।






# सोनाली बेंद्रे ने की शो इत्ती सी खुशी की टीम की सराहना

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री सोनाली बेंद्रे ने इंडियन टेलीविजन अकादमी आईटीए 2025 में सोनी सब के इत्ती सी खुशी के बेस्ट शो ड्रामा जीतने पर शो की टीम की सराहना की है। सोनी सब के प्रशंसित पारिवारिक ड्रामा इत्ती सी खुशी ने (आईटीए) अवॉड्र्स 2025 में बेस्ट शो-ड्रामा का खिताब जीतकर चैनल और शो की क्रिएटिव टीम के लिए एक अहम उपलब्धि हासिल की है। सुम्बुल तौकीर खान, वरुण बडोला, रजत वर्मा और ऋषि सक्सेना की अहम भूमिकाओं से सजा यह शो अपनी सधी हुई, भावनात्मक रूप से जुड़ी कहानी कहने के अंदाज के लिए व्यापक रूप से सराहा गया है। इत्ती सी खुशी एक ऐसे परिवार की कहानी है, जो भावनात्मक जख्मों, अधूरे अतीत और भरने की नाजुक प्रक्रिया से गुजर रहा है। रोजमर्रा की सच्चाइयों में रचा-बसा यह शो यह दिखाता है कि प्यार, नुकसान और अनकही तनातनियां माता-पिता, बच्चों, भाई-बहनों और जीवनसाथियों के रिश्तों को कैसे आकार देती हैं। बड़े नाटकीय उतार-चढ़ाव पर निर्भर रहने के बजाय, इसकी कहानी छोटे लेकिन सच्चे जुड़ाव के पलों में अपनी ताकत तलाशती है-यह याद दिलाते हुए कि खुशियां अक्सर बड़े समाधान में नहीं, बल्कि छोटे-छोटे हिस्सों में मिलती हैं। लेखन की गहराई और कलाकारों की सूक्ष्म अदाकारी के साथ यह जमीनी दृष्टिकोण दर्शकों और समीक्षकों दोनों के दिल को छू गया है। इस जश्न में शामिल होते हुए शो के निर्माता गोल्डी बहल की पत्नी और अभिनेत्री सोनाली बेंद्रे ने इंस्टाग्राम पर टीम की सराहना की और इस जीत को शो के पीछे लगे दिल और मेहनत का सच्चा प्रतिबिब बताया। अपनी पोस्ट में सोनाली बेंद्रे ने लिखा, गोल्डीबहल और पूरी इत्ती सी खुशी टीम पर बहुत गर्व है। यह अवॉर्ड वाकई शो के पीछे की भावना और मेहनत का जश्न मनाता है। इस जीत पर प्रतिक्रिया देते हुए, शो में मुख्य किरदार अन्विता निभाने वाली सुम्बुल तौकीर खान ने कहा, इत्ती सी खुशी ईमानदारी और संवेदनशीलता के साथ कही गई कहानी है और यह अवॉर्ड उसी मंशा की पहचान जैसा लगता है। हर अभिनेता, लेखक और तकनीशियन ने इस शो को भावनात्मक सच्चाई के साथ बनाया। सोनी सब, पूरी टीम और उन दर्शकों का मैं आभार व्यक्त करती हूं, जिन्होंने हमारी दुनिया से इतनी गहराई से जुड़ाव महसूस किया।

## श्रद्धा कपूर संग 25 सालों की समृद्ध विरासत का जश्न मना रही बिस्क फार्म

**मुंबई।** स्वदेशी बिस्किट ब्राण्ड्स , बिस्क फार्म बॉलीवुड की जानी-मानी अभिनेत्री- सुपरस्टार श्रद्धा कपूर के साथ हाथ मिलाकर अपनी 25 सालों की समृद्ध विरासत का जश्न मना रहा है। अपने आकर्षण, बहुमुखी व्यक्तित्व और हर उम्र के दर्शकों के साथ मजबूत कनेक्शन के लिए विख्यात श्रद्धा कपूर- ब्राण्ड के मूल्यों की तरह- परम्परा और आधुनिकता का बेहतरीन संयोजन हैं। फिल्म में श्रद्धा कपूर अपने मी टाईम का आनंद उठाती हुई दिखाई देती हैं, जहां वे डांस के घरिए अपने सर्वश्रेष्ठ क्रिएटिव रूप को दिखाती हैं। दुनिया की परवाह किए बिना अपने घेन में खो जाती हैं।

